भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 30 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 156, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कर्ज चुकाने को बांग्लादेश ने 8 अरब डॉलर की मांगी मदद 16

शुरुआत में एक जैसे थे सारे किरदार : रवीना 15

# असम में अब मुस्लिम शादी और तलाक का पंजीकरण अनिवार्य

- विधान सभा में विधेयक पारित, सिर्फ नए विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे
- मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा ने कहा- बाल विवाह पर पंजीकरण से लगेगी रोक

गुवाहाटी, एजेंसी

असम विधानसभा ने मुस्लिमों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण संबंधी एक विधेयक को गुरुवार को पारित किया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा ने कहा कि काजियों द्वारा किए गए सभी पूर्व पंजीकरण वैध रहेंगे और केवल नये विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे।

उन्होंने कहा हम मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इस्लामी रीति-रिवाजों से होने वाली शादियों में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। हमारी एकमात्र शर्त यह है कि इस्लाम द्वारा निषिद्ध शादियों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। सरमा ने कहा कि इस नये कानून के लागू होने से बाल विवाह पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। विधेयक के उद्देश्य और कारण में कहा गया है कि यह बाल विवाह और दोनों पक्षों की सहमति के बिना विवाह की रोकथाम के लिए प्रस्तावित किया गया है। विधेयक राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने मंगलवार को पेश किया था।



### विवाह संस्था को मजबूत करेगा विधेयक

मुख्यमंत्री हिमंत ने कहा कि विधेयक पुरुषों को शादी के बाद पत्नियों को छोड़ने से भी रोकेगा और विवाह संस्था को मजबूत करेगा। पहले, मुस्लिम विवाह काजियों द्वारा पंजीकृत किए जाते थे। हालांकि, यह नया विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि समुदाय के सभी विवाह सरकार के पास पंजीकृत हों।

# दुश्मन की चाल नाकाम करेगी आईएनएस अरिघात

## रक्षामंत्री राजनाथ ने नौसेना को समर्पित की देश की दूसरी परमाणु पनडुब्बी, परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल से लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिघात को गुरुवार को विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे देश की परमाणु क्षमता को और मजबूती मिलेगी तथा परमाणु प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि अरिघात भूमि, जल और वायु प्लेटफॉर्म पर परमाणु हथियारों संबंधी भारत की सैन्य रणनीति को और मजबूत करेगा, परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगा, क्षेत्र में सामरिक संतुलन और शांति स्थापित करने में मदद करेगा तथा देश की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। आईएनएस अरिघात के जलावतरण को भारत की नौसैनिक शक्ति और परमाणु प्रतिरोध क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। भारत की पहली स्वदेश निर्मित परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत की परियोजना जुलाई 2009 में शुरू की गयी थी।




### दुश्मनों को चकमा देकर हमला करने में सक्षम

अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी अरिघात अरिहंत का उन्नत स्वरूप है और यह अत्याधुनिक हथियार प्रणाली तथा उपकरणों से लैस है। इसे कठिन तथा निरंतर परीक्षणों की सफलता के बाद नौसेना को सौंपा गया है। अरिघात की लंबाई 112 मीटर, चौड़ाई 11 मीटर तथा इसका वजन 6 हजार टन है। पनडुब्बी में घातक के-15 मिसाइलें लगी हैं जो 750 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम हैं। इसकी विशेषता यह है कि यह दुश्मन को चकमा देकर उसकी पकड़ में आये बिना हमला करने में सक्षम है। पनडुब्बी डेढ़ हजार फुट से भी अधिक गहराई तक पानी में जा सकती है। देश में तीसरी परमाणु पनडुब्बी अरिदमन भी बनायी जा रही है और कुछ वर्षों में यह भी नौसेना के बेड़े में शामिल हो जायेगी। अरिहंत और अरिघात में 83 मेगावाट के लाइट वाटर रिएक्टर हैं जिनसे इनका संचालन किया जाता है। परमाणु रिएक्टरों के कारण ये पनडुब्बी परंपरागत पनडुब्बियों की तुलना में महीनों तक पानी के भीतर रह सकती हैं।




## एक नजर

### दिव्यांग से दुष्कर्म व हत्या के मामले में मौत की सजा

**फरीदाबाद।** यहां की एक अदालत ने दिव्यांग महिला की दुष्कर्म के बाद नृशंस तरीके से हत्या करने के मामले में गुरुवार को दोषी को मौत की सजा सुनाई है। फरीदाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम कुमार की अदालत ने मनोज नेपाली नामक व्यक्ति को आईपीसी की धारा 302 और 376 के तहत दोषी पाए जाने के बाद यह सजा सुनाई और 1 लाख 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया।

### तीन स्कूलों को बम की धमकी मिलने से हड़कंप

**इरोड।** तमिलनाडु में इरोड, सलेम और तिरुचिरापल्ली जिलों के तीन निजी स्कूलों को गुरुवार को ईमेल के ज़रिए बम की धमकी मिलने से पुलिस और अभिभावकों में हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक स्कूलों को सुबह एक ईमेल मिला, जिसमें धमकी दी गई थी कि संस्थानों में बम विस्फोट हो सकते हैं। इसके बाद स्कूलों को खाली करा लिया गया।

# सपा की टोपी लाल, कारनामे काले

## मुख्यमंत्री ने कानपुर में सभा को किया संबोधित, 725 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

- यह मिल कांग्रेस की बेईमानी व भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी है : योगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कभी कानपुर की पहचान और शान रही लाल इमली मिल को फिर चालू किया जाएगा। हमारी सरकार लाल इमली के पुनरुद्धार के बड़े पैकेज के साथ आगे बढ़ने जा रही है। सरकार ने सिक यूनिट की पूरी लैंड व पुनरुद्धार के पैकेज पर काम आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री गुरुवार दोपहर चुन्नीगंज स्थित जीआईसी मैदान में 725 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की टोपी तो लाल है, लेकिन इनके कारनामे काले हैं।

योगी आदित्यनाथ वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के साथ सभा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार के अंदर से मंत्री को लालइमली का भवन दिखाते हुए पूछा कि इसे जानते हैं। मुख्यमंत्री ने भाषण के दौरान इस बात का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लाल इमली मिल कभी कानपुर की पहचान थी, लेकिन यह बंद हो गई है। यह कांग्रेस की बेईमानी व भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी है। नौजवानों को यहां नौकरी व रोजगार मिलना चाहिए था। हजारों लोगों के परिवार का पेट भरा जाना चाहिए था, लेकिन आज लाल इमली इनके भ्रष्टाचार का स्मारक बनकर चिढ़ा रही है। हमारी सरकार इसे फिर चालू करेगी।

मुख्यमंत्री सपा-कांग्रेस पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि सपा के कारनामों से हर कोई परिचित है। गुंडागर्दी इनकी पहचान रही है। पन्नों को उलटेंगे तो इनके काले कारनामों से इतिहास भरा है। समाजवादी पार्टी की टोपी तो लाल है, लेकिन इनके कारनामे काले हैं। गुंडागर्दी, अराजकता, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा पर खतरा पैदा करना इनकी पहचान थी। इनका दिखाने वाला और असली चेहरा अलग-अलग है। इनकी वजह से ही सीसामऊ की जनता को उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 725 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान रोजगार मेले में एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण और 8087 युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया गया। जिसमें से कुछ लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने मंच पर बुलाकर योजना का लाभ दिया।


कानपुर के जीआईसी मैदान में छात्रा को टैबलेट देते मुख्यमंत्री योगी। साथ में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल व अन्य।

### विकास, सुशासन, कानून-व्यवस्था प्रदेश का मॉडल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, सुशासन व विकास का मॉडल दिया है। 2017 के पहले यूपी पहचान के लिए मोहताज था। अराजकता-गुंडागर्दी इसकी पहचान बन चुकी थी। त्योहारों के पहले दंगे होते थे। बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था, नौजवान यूपी के बाहर जाता था तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। पीएम मोदी के आह्वान पर जनता ने 2017 में प्रदेश में भाजपा को जनादेश दिया। हमारे साढ़े सात वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश ने लंबी दूरी तय की। विकास, सुशासन, कानून व्यवस्था अब यूपी का मॉडल है।

# बरेली, मुरादाबाद, फुरसतगंज से उड़ान भरेंगे 222 सीटर विमान

एक्सक्लूसिव

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के हवाई यातायात बढ़ाने को तैयार किए गए डेवलपमेंट प्लान के तहत तीनों एयरपोर्ट होंगे उच्चीकृत

राकेश शर्मा, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली, मुरादाबाद और अमेठी के फुरसतगंज एयरपोर्ट को भविष्य में 222 सीटर एयरबस की उड़ानों के अनुकूल बनाने के लिए डेवलपमेंट प्लान तैयार किया गया है। तीनों एयरपोर्ट पर बड़े टर्मिनल और एप्रन बनाने के साथ यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाना है। तीनों जिलों के प्रशासन इसके लिए जरूरत के मुताबिक जमीन का इंतजाम करने का निर्देश दिया गया है।

दरअसल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने हवाई यातायात बढ़ाने के लिए देशभर के एयरपोर्ट और सिविल एन्क्लेव के विस्तार की योजना तैयार की है। एएआई ने ट्रैफिक पूर्वानुमान के तहत इनमें बरेली के सिविल एन्क्लेव के साथ अमेठी का फुरसतगंज और पांच महीने पहले शुरू हुए मुरादाबाद एयरपोर्ट को 2027-28 तक उच्चीकृत करना तय किया है। इसी योजना के तहत एएआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव एसपी सिंह को तीनों एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा था जिसके बाद अब विशेष सचिव कुमार हर्ष ने बरेली, अमेठी और मुरादाबाद के डीएम को इस बारे में निर्देश जारी किए हैं।

### हवाई अड्डों के विस्तार की ये है योजना



- **बरेली सिविल एन्क्लेव :** बरेली सिविल एन्क्लेव में ए-321 प्रकार के विमानों के लिए तीन एप्रन और तीन हजार वर्ग मीटर की टर्मिनल बिल्डिंग है। पहले चरण में 10 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-32 विमानों के लिए सात एप्रन व दूसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 प्रकार के विमानों के लिए 10 एप्रन बनेंगे। इसके साथ एक और लिंक टैक्सी-वे का भी निर्माण होगा।
- **मुरादाबाद एयरपोर्ट :** मुरादाबाद एयरपोर्ट का उद्घाटन 10 मार्च 2024 को हुआ था। अभी यहां कोड-बी के विमान के लिए दो एप्रन और 1250 वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन है। यहां पहले चरण में छह हजार वर्गमीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 विमानों के लिए चार एप्रन बनेंगे। दूसरे चरण में 12 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 विमानों के लिए आठ एप्रन और तीसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 (222 सीटर) विमानों के लिए 14 एप्रन बनाए जाएंगे।
- **फुरसतगंज एयरपोर्ट :** अमेठी जिले के फुरसतगंज एयरपोर्ट में 1250 वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ढांचा निर्माणाधीन है। यहां पहले चरण में छह हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 के विमानों के लिए चार एप्रन, दूसरे चरण में 12 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 के विमानों के लिए आठ एप्रन और तीसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 के विमानों के लिए 14 एप्रन बनाए जाएंगे।

## ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाणपत्र पैन के लिए वैध दस्तावेज

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- भारत सरकार ने सैद्धांतिक रूप से इस अनुरोध को स्वीकार किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि ट्रांसजेंडर जन (अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 द्वारा जारी पहचान प्रमाणपत्र को पैन कार्ड के आवेदन के लिए वैध दस्तावेज माना जाएगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने कहा कि भारत सरकार ने सैद्धांतिक रूप से इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और केंद्र सरकार स्पष्टता लाने के लिए इसे नियमों में और आदेश में शामिल करने पर विचार कर सकती है। पीठ ने कहा याचिका के लंबित रहने के दौरान, हमने केंद्र सरकार से जवाब मांगा, जो इस मामले में बहुत सहायक रही है और जिसने मोटे तौर पर वर्तमान याचिका में उठाई गई सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है।

# अडाणी देश में सबसे अमीर अंबानी को पीछे छोड़ा



- हुरुन इंडिया की वर्ष 2024 के लिए अमीर लोगों की सूची जारी

मुंबई, एजेंसी

अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के झटकों से पूरी तरह उबरते हुए एकबार फिर देश के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। हुरुन इंडिया की 2024 के लिए अमीर लोगों की सूची में अडाणी 11.6 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय हैं। पिछले साल की तुलना में उनकी संपत्ति में 95 प्रतिशत का तगड़ा उछाल आया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। पिछले साल की तुलना में अंबानी की शुद्ध संपत्ति 25 प्रतिशत उछलकर 10.14 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2023 की हुरुन इंडिया सूची में अडाणी की संपत्ति 57 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गई थी। दरअसल जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए कई गंभीर आरोपों के कारण अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी।

## सिपाही भर्ती : दूसरे चरण में आज साढ़े नौ लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण की परीक्षा आज और कल दो पालियों में होगी। शुक्रवार को प्रदेश के 1174 केंद्रों पर साढ़े नौ लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए 22 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। छोटी दूरी के लिए बसें चलाई जा रही हैं, जो परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त रहेंगी। रेलवे स्टेशनों पर अव्यवस्था न हो इसके लिए इसके लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर दो-दो प्लॉटून पीएसी तैनात की जा रही है।

बुधवार को शासन में हुई बैठक के दौरान मुख्य सचिव मनोज कुमार ने सिंह ने तैयारियों की समीक्षा की थी। इस दौरान यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्रों की निकासी के समय जिलाधिकारी मौजूद रहेंगे। धांधली मुक्त परीक्षा के लिए शासन ने कड़े कदम उठाए हैं। दो दिनों की परीक्षा को पुलिस विभाग काफी चुनौतीपूर्ण मान रहा है। आगामी दोनों परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया को काफी सख्त बना दिया गया है। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# किशोरी से दुष्कर्म, तोड़फोड़ व आगजनी

गाजियाबाद, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित लिंक रोड क्षेत्र में 14 साल की एक लड़की से दुष्कर्म की घटना के बाद तनाव व्याप्त हो गया। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने वारदात को अंजाम देने वाले लोगों को फांसी देने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने कबाड़ी की दुकान में घुसकर सामान बाहर फेंक दिया और ई-रिक्शा में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

साहिबाबाद के सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि बुधवार की शाम को लिंक रोड थाना क्षेत्र के बृज विहार चौकी इलाके में 14 साल की एक लड़की घर में अकेली थी, तभी कबाड़ का काम करने वाले दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने मारपीट कर उससे दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, पीड़िता को चिकित्सीय जांच के लिए भेजा गया है।


गाजियाबाद में नाबालिग लड़की से हुए दुष्कर्म के विरोध में वाहन जलाए गए।

- गाजियाबाद की घटना, आरोपी को फांसी देने की मांग की

### पीछे के रास्ते घर में घुसे

कथित पीड़िता की चाची ने बताया कि बुधवार शाम छह बजे लड़की बच्चों को खिला रही थी तभी तीन-चार लोग पीछे के रास्ते घर में घुसे। उस वक्त बिजली नहीं आ रही थी, अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपियों ने लड़की को नशीला पदार्थ सुंघाकर दुष्कर्म किया।

# बहराइच में पकड़ा गया आदमखोर भेड़िया

- सीएम की मॉनीटरिंग रंग लाई गोरखपुर चिड़ियाघर भेजा जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पल-पल की मॉनीटरिंग और वन विभाग के अधिकारियों की मुस्तैदी से आदमखोर भेड़िया गुरुवार सुबह पकड़ ही लिया गया। लोगों ने चैन की सांस ली है। खूंखार भेड़िए को गोरखपुर चिड़ियाघर भेजने तैयारी शुरू हो गई है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे थर्मल ड्रोन से बहराइच के 35 से अधिक गांवों में आतंक का पर्याय बन चुके आदमखोर भेड़िए को ट्रेस किया गया।



गुरुवार सुबह पांच बजे के आसपास फिर ड्रोन के जरिए नजर रखी गई। भेड़िया के पैर के निशान दिख गए, फिर फिजिको केमिकल इमोबलाइजेशन का सहारा लिया गया। विभाग के स्थानीय अधिकारियों की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सुबह करीब पौने 11 बजे इसे सिसैया गांव के कछार से पकड़ लिया।

## सेना ने मुठभेड़ में तीन आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की दो कोशिशों को नाकाम कर दिया और तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बताया कि तंगधार ऑपरेशन में एक आतंकवादी के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। वहीं, कुपवाड़ा के माछल क्षेत्र में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इसके अलावा दो एके राइफल, एक पिस्तौल, चार हथगोले और युद्ध से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद की गई है। सेना ने कहा कि दोनों स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक दिन पहले कुपवाड़ा पुलिस द्वारा दी गई विशेष जानकारी के आधार पर 28 अगस्त को दोनों अभियान शुरू किए गए थे।

इश्क का बुखार — किरन, कावेरी, सुहेली, पवनकली, चमेली व सुलोचना के साथ भागा था गजराज, मनाने के लिए भेजा गया 12 हाथियों का झुंड

# छह हथिनियों संग गजराज फरार... 15वें दिन आया हाथ

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** इश्क में माशूका के पीछे दौड़े चले जाने की कहानियां खूब सुनीं होंगी, लेकिन अब यह फिल्मी कहानी दुधवा टाइगर रिजर्व में देखने को मिल रही है। 40 साल के राजकीय हाथी गजराज पर छह मादा हाथियों का एक साथ दिल आ गया।

गजराज ने मोहब्बत के आगे बंदिशों की परवाह किए बगैर बेड़ियों को तोड़ डाला और छह माशूकाओं के साथ फरार हो गया। इससे दुधवा प्रशासन में अफरातफरी मच गई। वन्य जंतु एक्सपर्ट के साथ ही विश्व प्रकृति निधि-भारत के विशेषज्ञों को भी बुला लिया गया। मतवाले हाथियों को मनाने के लिए 12 हाथियों के झुंड के साथ 15 दिन तक मशक्कत करनी पड़ी, तब सातों के कैम्प में वापस लाया जा सका। पलिया की दक्षिण खीरी सोनारीपुर रेंज के अंतर्गत 14 अगस्त को राजकीय हाथियों को गैंडा पुनर्वास प्रथम क्षेत्र में रखा गया था। 15 अगस्त को राजकीय नर हाथी गजराज मदमस्त होने के कारण बेड़ियां तोड़ते हुए चराई क्षेत्र से बाहर चला गया और उसके साथ छह राजकीय मादा हाथी किरन, कावेरी, सुहेली, पवनकली, चमेली व सुलोचना भी चले गए। नर और मादा हाथियों की निगरानी के लिए पूरी टीम लगा दी गई। 12 हाथियों को भी इनको वापस लाने के लिए लाया गया। मतवाले नर और मादा हाथियों की ड्रोन कैमरे से निगरानी होती रही।


पकड़े जाने से पहले मदमस्त नर हाथी।

### छह मादा का साथ हैरान करने वाला

दुधवा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक डॉ. रंगा राजू टी बताते हैं कि प्रजनन काल में नर हाथी का व्यवहार उग्र होता है। वह जंजीरें तोड़ देता है और मादा की ओर आकर्षित होकर भागने लगता है। कोई व्यवधान होने पर नर हाथी काफी उग्र भी हो जाते हैं। मादा अपना साथी खुद तय करती है। मादा तक पहुंचने के लिए नर हाथियों में प्रतिस्पर्धा होती है। दोनों में संघर्ष में जो जीतता है, वहीं मादा के साथ जाता है। इस बार छह मादा का एक साथ जाना चौकाने वाला है। प्रेमालाप में मादा हाथी लगभग तीन सप्ताह तक प्रजनन के लिए तैयार रहती हैं, लेकिन गर्भधारण केवल तीन से पांच दिनों में ही संभव होता है।

## शहर में आज



☞महानगर के केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा पहली पाली सुबह 10 :00 बजे से।

☞दी मुरादाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन द्वारा सम्मान कार्यक्रम रामगंगा विहार स्थित जीएसटी कार्यालय बार रूम में शाम 4 :00 बजे।

## एक नजर

### यूपी टीम के 11 खिलाड़ियों का होगा मेडिकल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्रिकेट की यूपी की टीम बनाए जाने से पहले मुरादाबाद के 11 खिलाड़ियों को मेडिकल के लिए बुलाया गया है। सभी खिलाड़ियों का अंडर-16 आयु वर्ग के सत्यापन के लिए मेडिकल होगा। लेकिन अभी इसकी तिथि घोषित नहीं की गई है। डीएसए सचिव एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद के सभी खिलाड़ियों को आवश्यक अभिलेख लेकर जाना होगा। उन्होंने बताया कि आरुष गुप्ता रामपुर, शोभित यादव, अंश भाटिया, यश व्यास, देवफैसल, जहीर खां, अंश यादव, कौशल यादव, मोहम्मद इकराम, कृष्ण यादव, सिद्धार्थ सिंह का मेडिकल कराया जाएगा।

### नगर निगम ने 41 खराब पथ प्रकाश बिंदु ठीक कराए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के पथ प्रकाश अनुभाग के द्वारा जन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की गई। गुरुवार को 53 क्षेत्रों में रिक्त पथ प्रकाश के नवीन बिंदुओं पर एलईडी लाइटें लगाई गईं। साथ ही 41 खराब एलईडी लाइटें ठीक कराकर पथ प्रकाश व्यवस्था बेहतर कराया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि महानगर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। क्षेत्रीय अधिकारियों को भी निर्देश हैं कि वह अपने क्षेत्र में जन समस्याओं की जानकारी मिलने पर उसे तत्काल निस्तारित कराएं।

### पुलिया पर रखवाया पत्थर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के निर्माण विभाग की ओर से वार्ड नंबर 28 में पुतलीघर रोड पर नाली निर्माण कार्य व महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में सीसी टाइल्स द्वारा पैच मरम्मत कराया गया। इसके अलावा खुली नाली पुलिया पर पत्थर रखवाया गया। जिससे कोई अनहोनी न हो। इस कार्य का निरीक्षण क्षेत्रीय अवर अभियंता आदि ने किया। वहीं जलकर अनुभाग ने वार्ड नंबर 7, 14, 17, 18, 20, 27, 46, 47, 60 में पेयजल पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई गई। वार्ड नंबर 12, 20, 26, 44 और 50 में सीवर सक्शन व सीवर सफाई का कार्य कराया।



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा का जायजा लेते डीआईजी मुनिराज जी।

## मुख्यमंत्री के आगमन पर पुलिस सतर्क

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। गुरुवार को डीआईजी और एसएसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। डीआईजी ने पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

दो सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महानगर के दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। गुरुवार को डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार समेत अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्धारित कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी पहुंचेंगे। जहां डिप्टी एसपी की पासिंग आउट परेड में शामिल होंगे। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

## आईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** क्लीन आजाद नगर वेलफेयर सोसाइटी के संयोजक मुजाहिद पठान के नेतृत्व में महानगर के कुछ लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने बरेली पहुंचकर एत्तेहाद-ए- मिल्लत (आईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा से मुलाकात की। उन्होंने देश व प्रदेश में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ हो रही मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर दुख जताया।

तौकीर रजा खां ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे जुल्म पर चिंता जताई। कहा कि हम हर मजलूम की आवाज उठाते हैं, चाहे वो किसी भी धर्म या जाति का हो। मुसलमानों को नफरत की निगाह से देखा जा रहा है। मौजूदा समय में अल्पसंख्यकों पर चाहे वो इसाई, सिख या मुसलमान हों सबके साथ दोहरी राजनीति के तहत व्यवहार किया जा रहा है। कहा कि नौजवान लड़के-लड़कियों को मोबाइल से दूर रखें। इस दौरान तारिक अनवर, साहिल शम्सी, सैय्यद मोहम्मद इकबाल आदि मौजूद रहे।

### लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने साधी चुप्पी, महानगरवासी हो रहे परेशान

## 10 घंटों की बारिश नहीं झेल पाई कांठ रोड की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कांठ रोड पर अकबर का किला के पास उखड़ी सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोक निर्माण द्वारा कांवड़ यात्रा के लिए कांठ रोड के गड्ढों की गई पैचिंग का कार्य एक महीने भी नहीं चल पाया। बुधवार को होने वाली बारिश से सभी गड्ढे पहले के मुकाबले अब और बड़े नजर आ रहे हैं। ऐसे में यहां से गुजरने वाले लोग इन गड्ढों में चोटिल होकर लोक निर्माण को कोसने के साथ-साथ विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं।

बुधवार की रात को हुई बारिश ने कांठ रोड के गड्ढों की गई पैचिंग के कार्य की पोल खोल कर रख दी है। कांठ रोड से गुजरने वाले लोग और वहां के स्थानीय निवासी सड़क पर हुए गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।गुरुवार को सुबह जब लोगों की आंख खुली तो रोड पर बने गड्ढों में पानी भरा था। स्टेट हाईवे से गुजर कर अन्य प्रदेश के लिए जाने वाली रोडवेज बसों को भी गड्ढों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं छोटे वाहन गड्ढों में दिन भर फंसते रहे। जबकि कई बाइक सवार, ई रिक्शा व ऑटो रिक्शा गड्ढों में पलट गई। जिससे उन पर सवार लोग चोटिल हो गए हैं। वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि करोड़ों की लागत के बाद बनी सड़क और किए गए पैचिंग के कार्य जरा सी बारिश नहीं झेल पा रहे हैं तो अगर तेज व मूसलाधार बारिश हो तो यहां की सड़कों का क्या हाल होगा। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वहीं विभाग के अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत इस पर बोलने से कतराते नजर आए। पीएसी तिराहे से अगवानपुर चौराहे तक के गड्ढों की पेचिंग 10 घंटे की बारिश नहीं झेल पाई।

# दो को विधानसभा उपचुनाव को धार देंगे मुख्यमंत्री

### जिले की कुंदरकी विधानसभा सीट पर होना है उपचुनाव, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आई तेजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● 2 सितंबर को मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सड़कों सहित अन्य कार्यों को क्रियान्वित करने में अधिकारी जुटे

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद के अपने दौरे के दौरान उपचुनाव को भी धार देंगे। जिले की कुंदरकी विधानसभा सीट पर आगामी दिनों में उप चुनाव होने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के आने से पहले कुंदरकी विधानसभा के अलावा जिले की अन्य सड़क परियोजनाओं, महानगर के कई कार्यों के विकास में तेजी आ गई है।

मुख्यमंत्री 2 सितंबर को रामपुर रोड पर स्थित आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल परिसर में व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की ओर से आयोजित वृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे डिप्टी एसपी के बैच की पासिंग आउट परेड में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि रहेंगे। उनके कार्यक्रम को देखते हुए एक तरफ जहां प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। वहीं कई सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास, एमडीए की ओर से विकसित आशियाना योजना में डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क आदि का लोकार्पण कराना भी प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं के माध्यम से मुख्यमंत्री जिले में विकास कार्यों को गिनाएंगे। साथ ही जियाउर रहमान बर्क के संभल सीट से सपा के सांसद निर्वाचित होने के बाद रिक्त मुरादाबाद जिले की कुंदरकी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को धार देने की पूरी संभावना है। वह इस सीट पर जीत के लिए भाजपा नेताओं को एकजुटता के साथ जुटने का आह्वान करेंगे तो विरोधियों पर शब्दों के बाण छोड़कर इस सीट को सपा से छीनकर भाजपा की झोली में डालने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में पहुंचकर बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने तैयारियों का निरीक्षण कर निर्देश दिए थे।

## फाइनल साक्षात्कार में पास हुए 75 डिप्टी एसपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में तैयारियां तेज हो गई हैं। दो सितंबर को मुख्यमंत्री 75 पुलिस उपाधीक्षकों की पासिंग आउट परेड में शामिल होंगे। प्रशिक्षुओं को सीएम प्रशस्ति पत्र, चिह्न भेंट कर सम्मानित करेंगे। बुधवार को एडीजी और डीआईजी के पैनल ने सभी को साक्षात्कार में पास कर दिया है। पुलिस उपाधीक्षक एक साल से आउटडोर और इनडोर का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस दौरान सभी ईमानदारी की शपथ लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनेंगे। इसके बाद सभी को जिले में अंडर ट्रेनिंग भेजा जाएगा।

डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के डीआईजी रामबाबू ने बताया कि बीते एक साल से 85 पुलिस उपाधीक्षक (डिप्टी एसपी) आउटडोर और इनडोर का प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिनमें से 10 ने बीच में ही इस्तीफा देकर पुलिस विभाग छोड़ दिया। प्रशिक्षण का एक वर्ष पूरा होने के बाद 75 पुलिस उपाधीक्षकों का एडीजी राजीव सबरवाल और डीआईजी रामबाबू के पैनल ने साक्षात्कार लिया। बुधवार को सभी साक्षात्कार में पास हो गए। गुरुवार को अकादमी ग्राउंड में सभी को परेड का रिहर्सल कराया गया है। डीआईजी ने बताया कि दो सितंबर को पासिंग आउट परेड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। अकादमी में इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। सीएम सभी को प्रशस्ति पत्र, चिह्न भेंट कर सम्मानित करेंगे। इसके बाद 75 पुलिस उपाधीक्षक ईमानदारी की शपथ लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग का हिस्सा बनेंगे। फिर यहां से सभी को जिले में छह माह की अंडर ट्रेनिंग पर भेजा जाएगा। इसके बाद सभी को कार्यभार सौंपा जाएगा।



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी में सफाई करते कर्मचारी।

## मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों का करेंगे शिलान्यास, खर्च होंगे एक अरब

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

● कार्य से पहले विभाग को मिली 2,060.84 लाख की धनराशि निर्माण कार्यों में आई तेजी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के पहले ही जिले के पांच मार्गों के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण कार्य के लिए सरकार की ओर से एक अरब से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन सभी मार्गों का शिलान्यास 2 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। अंतर राज्य सड़क निधि से 2,060.84 लाख रुपये की धनराशि विभाग को अवमुक्त कर दी गई है।

मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से जिले के पांच मार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। इन पांचों मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो सितंबर करेंगे। इसमें मछरिया, लालाटीकर, रौण्डा झौंण्डा से मनकरा चौराहा मार्ग संख्या 32 तक की 35.580 की लंबी सड़क 5 वर्ष के अनुरक्षण व जीएसटी समेत 7724.17 लाख रुपये की लागत से मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके लिए शासन ने विभाग को 1509.88 लाख की धनराशि भी अवमुक्त कर दी है।

कुंदरकी. से डींगरपुर, रतनपुर कला से होकर पाकबड़ा मार्ग तक की लम्बाई 8.500 किलोमीटर के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने 5 वर्ष के अनुरक्षण व जीएसटी सहित 1574.15 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की है। जिसमें शासन से 307.39 लाख रुपये की धनराशि मुरादाबाद पीडब्ल्यूडी को मिल चुकी है। वहीं नेशनल हाईवे 24 दपलपतपुर से समदी समदा संपर्क मार्ग से होकर रेलवे टर्मिनल द्वारा स्वीकृत ड्राई पोर्ट मार्ग की 1.725 किलोमीटर लम्बाई के सुंदरीकरण व चौड़ीकरण में आने वाली लागत 5 वर्ष के अनुरक्षण व जीएसटी सहित 461.99 लाख रुपये की धनराशि को विभागाध्यक्ष ने मंजूरी दी है। इसमें मुरादाबाद पीडब्ल्यूडी को 90.32 लाख रुपये धनराशि प्राप्त हो चुकी है। मुरादाबाद से संभल मार्ग पर सब्जीपुर संपर्क मार्ग पर 1.345 किलोमीटर लम्बाई तक की मरम्मत के लिए 5 वर्ष के अनुरक्षण व जीएसटी समेत 259.16 लाख रुपये की धनराशि शासन ने मंजूर की है।




स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत सुंदरीकरण कार्य से कंपनी बाग में दी जा रही सूर्य नमस्कार की जानकारी। ● अमृत विचार

## द्वितीय मासिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को द्वितीय मासिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। वर्षा अग्रवाल, रूपाली अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, गीता ठाकुर, डॉ. मीना गुप्ता, डॉ. स्वर्णिका, रश्मि नारंग ने मां शारदे के चित्र के सामने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेंद्र कुमार ने बताया कि भैया बहनों की मानसिक छमता का टेस्ट किया जाता है। इस बार की परीक्षा में कई विद्यालयों से और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को विद्यालय में बुलाया गया। इस परीक्षा के अंत में कक्षा 6 से 12 तक के टॉप टेन स्थान प्राप्त भैया बहनों को चल वैजयंती दी जाती है। यदि कोई भैया या बहन पहली परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहते हैं तो उसको प्रथम स्थान की चल वैजयंती दी जाती है। संचालन आचार्य गोविंद सिंह ने किया।

## धूमधाम से निकली रामडोल शोभायात्रा

संवाददाता, पाकबड़ा



पाकबड़ा में निकली रामडोल शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पाकबड़ा में बड़ी धूमधाम से रामडोल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल सुंदर झांकियों को देखने की लोगों में उत्सुकता रही। सुरक्षा के लिए शोभायात्रा के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा।

नगर पंचायत पाकबड़ा कस्बे में हर साल की तरह इस बार भी रामडोल शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराम दरबार की झांकी, गणेश जी की झांकी और राधा-कृष्ण की झांकियों का आकर्षण लोगों में रहा। रामडोल शोभायात्रा का बड़ा मंदिर से शुरू होकर शिवसहाय मंदिर, डाकखाना, कलरिया महादेव मंदिर, छतरी वाला कुआं, मोहल्ला पश्चिमी ठाकुरान, होलीवाला कुआं, कहारों वाला मंदिर, छीपीवाला मोहल्ला होते हुए वापस बड़ा मंदिर पर समापन किया गया। शोभा यात्रा में रामबाबू भटनागर, ठाकुर राकेश सिंह, नरेश सक्सेना, श्याम रुहेला, लाला सतपाल चौधरी, सीताराम रहेला, तोताराम सैनी, गप्पू गुप्ता, विनोद पाल, रंजीत सैनी, प्रमोद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

● श्रीराम दरबार और राधा-कृष्ण की झांकी ने किया मंत्रमुग्ध

## जिला जज ने किया किशोर संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** गुरुवार को जिला जज ने अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किशोर संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया।

जिला जज डॉ. अजय कुमार ने निरीक्षण के दौरान बच्चों के रहने और खाने की स्थान को देखा। इसके साथ ही परिसर में सफाई व्यवस्था को देखा। इस दौरान उन्होंने कुछ बच्चों से खाने और रहने के बारे में जाना। निरीक्षण के बाद जिला जज ने अधीक्षक से नियमित रूप से बच्चों का मेडिकल चेकअप कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला जज के अलावा कुछ न्यायिक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, प्रोबेशन विभाग के अधिकारियों के पहुंचते ही सभी सतर्क हो गए। परिसर में जिला जज ने बच्चों के कक्ष, खाने और एक्टिविटी वाले स्थानों को देखा और परिसर की सफाई व्यवस्था को चेक किया।

**महाबैठक** — समाज से जात पात, भेदभाव को हटाकर राष्ट्रवादी बनाने का आह्वान

# देश की संस्कृति की रक्षा से सशक्त होगा भारत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




एमआईटी में भारतीय संस्कृति रक्षा अभियान की महा बैठक में उपस्थित अतिथि व अन्य।

**अमृत विचारः** भारतीय संस्कृति रक्षा अभियान समिति की महाबैठक गुरुवार को रामगंगा विहार स्थित एमआईटी कालेज में हुई। इसमें राष्ट्र को सुरक्षित, संवर्धित, संरक्षित करने के लिए भारतीय शिक्षा पद्धति का पालन करने का आह्वान किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि भारत हिन्दू हितराष्ट्र बनना चाहिए। क्योंकि इस देश में रहने वाले समस्त निवासियों के पूर्वज सत-सनातन धर्म के थे। ऐसा वह मुख्य धारा में शामिल होकर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए लोगों उत्साहित करने और योजना बनाकर क्रियान्वित करने पर जोर दिया गया। समाज से जात पात, भेदभाव को हटाकर राष्ट्रवादी बनाने का आह्वान किया गया। कहा कि हमें अपने कुल, संस्कृति एवं सभ्यता के अनुसार अपने बच्चों को संस्कारित करते हुए उनके भविष्य को संवारना चाहिए। कहा कि संसार में मुस्लिम, ईसाई आदि धर्म आधारित देश है तो हिन्दू हितराष्ट्र में क्या आपत्ति है, यहां बहुसंख्यक हिन्दू हैं तो बनना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर गुप्ता एडवोकेट ने की। कहा कि संस्कृति ही देश को विकसित व शक्तिशाली बनाती है। हर हाल में अपने धरोहरों की सुरक्षा करके अपनी नई पीढ़ियों को प्रशिक्षित करना होगा। संचालन करते हुए आचार्य धीरशान्त ''अर्द्धमौनी'' ने युवाओं को व्यसनों से बचते हुए देश सेवा को सर्वोपरि बताया। अनिल सिक्का ने घर-घर राष्ट्रवाद की अलख जलाने की आवश्यकता बताई। राजेश रस्तोगी ने देश को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहकर, आतंकवादियों और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को मुंहतोड़ जबाव देने का आग्रह किया। मनोज व्यास ने भारतीयों को शस्त्र और शास्त्र में पारंगत करने को सबसे अधिक आवश्यक बताया। महाबैठक में यूके शाह, पं. सतेन्द्र शर्मा, रामजी गुप्ता, विपिन गुप्ता, महंत चंचल दास, रेखा शाह, राजेन्द्र अग्रवाल, अक्षेन्द्रनाथ सारस्वत, श्याम कृष्ण रस्तोगी, राकेश वर्मा, विभोर गुप्ता, प्रशान्त शंकर, विनोद अग्रवाल, सच्चिनन्दन दास, राधाकांत गिरधारी दास, श्याम सुन्दर गौड़, सौरभ अग्रवाल, सतवीर सिंह, आरएस शर्मा, अरविन्द चौधरी, विपिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

## बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** बुधवार की देर शाम व रात में हुई बारिश का असर गुरुवार को दिन में तेज धूप से खत्म हो गया।

उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। सुबह से लेकर देर रात तक उमस से लोग पसीने से भीगे रहे। पंखे व कूलर की हवा भी बेअसर साबित हो रही थी। गुरुवार को अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि 72 प्रतिशत आर्द्रता रही। बिजली के उपकरणों में फाल्ट और लो वोल्टेज की समस्या ने लोगों की समस्या को और बढ़ा दिया। महानगर के कई मुहल्लों में रातभर बिजली की आवाजाही बनी रही। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग बेचैन रहे। रात्रि में खासकर बच्चे और बुजुर्गों को गर्मी में ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी।

# सप्ताह में छह दिन चलेगी वंदेभारत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे मंडल की तीसरी वंदेभारत की शुरूआत

**अमृत विचारः** शनिवार को मेरठ से लखनऊ के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत होगी। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचलित की जाएगी। सिर्फ मंगलवार को वंदेभारत का संचालन नहीं किया जाएगा। मुरादाबाद मंडल में यह तीसरी वंदेभारत ट्रेन होगी।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन हफ्ते में छह दिन चलेगी। ट्रेन संचालन एक सितंबर से लखनऊ से शुरू हो जाएगा। लखनऊ से दोपहर में 2.45 बजे चलेगी। जबकि मेरठ से दो सितंबर यानी सोमवार को सुबह 6.35 बजे चलेगी। वंदे भारत ट्रेन के किराए का निर्धारण भी जल्द जारी हो जाएगा। रविवार से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत शनिवार को होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर मेरठ से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। आठ कोच की रैक वाली वंदे भारत के स्वागत के लिए मुरादाबाद और बरेली में विशेष आयोजन की तैयारी है। ट्रेन मेरठ से दोपहर 12.35 बजे चलकर मुरादाबाद में 14.30 बजे पहुंचेगी। यहां से चलकर बरेली में 15.51 बजे और वहां से लखनऊ 19.40 बजे पहुचेंगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद स्टेशन पर ट्रेन के स्वागत की तैयारी की जा रही है। इस आयोजन में वीआईपी लोगों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा के अलावा महापौर विनोद अग्रवाल, शहर विधायक रितेश गुप्ता, एमएलसी समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि और गणमान्य मौजूद रहेंगे।

**यह रहेगा ट्रेन का संचालन समय**

| | |
|---|---|
| मेरठ | प्रात : 6.35 बजे |
| मुरादबाद | 8.35-8.40 बजे |
| बरेली | 9.56-9.58 बजे |
| लखनऊ | 13.45 बजे |
| **लखनऊ से मेरठ** | |
| लखनऊ | दोपहर 14.45 बजे |
| बरेली | 18.02-18.04 बजे |
| मुरादाबाद | 19.32-19.37 बजे |
| मेरठ | 22.00 बजे |

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:51 | सूर्यास्त 06:40

श्री बाली जी एण्ड पार्टी

हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।



भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी

मो.- 9410478735

पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# बारिश के जल संचयन के लिए तालाब बनाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**बैठक**

- जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश
- एकीकृत बागवानी विकास मिशन की ली जानकारी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में एकीकृत बागवानी विकास मिशन, मोर क्रॉप, मोर क्रॉप-माइक्रो इरिगेशन योजना व औद्यानिक विकास योजना की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें राज्य औद्योगिक मिशन एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना व जिला भूमि व जल संरक्षण ,औद्यानिक फसलों की आधारभूत स्थिति की जानकारी जिला उद्यान अधिकारी ने दी।

एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, जिला औद्योगिक मिशन योजना वर्ष 2023-24 की प्रगति के विवरण के संबंध में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वर्ष 2023-24 में जनपद की प्रगति के संबंध में चर्चा हुई। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने दी। बताया कि जिला भूमि एवं जल संरक्षण द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदन कर दिया गया। जिले में 54 खेत व तालाब बनाने का योजना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत 374 हेक्टेयर भूमि संरक्षण के विकास के लिए और 100 हेक्टेयर जल निकास नाला मनरेगा कन्वर्जन्स के अंतर्गत अनुमोदन प्रदान करने के लिए बैठक में विचार किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, उप निदेशक कृषि, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, एलडीएम, डीपीआरओ आदि मौजूद रहे।

## महिला की मौत के बाद बच्चे ने भी तोड़ा दम, कोहराम

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** डिलीवरी के दौरान महिला की मौत के बाद गुरुवार को इलाज के दौरान बच्चे ने भी दम तोड़ दिया है। बच्चे की मौत के बाद परिजनों पर कहर टूट पड़ा। परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है। इस मामले में नोडल अधिकारी ने तहरीर दे दी है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

अमरोहा जिला के थाना क्षेत्र डिडोली गांव के ग्राम खइय्या माफी निवासी आदिल ने अपनी पत्नी सकीना को अस्पताल में भर्ती कराया था। पत्नी गर्भवती थी और उसकी डिलीवरी होनी थी। ऑपरेशन के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। जिसपर परिजनों ने हंगामा कर दिया था। जिस पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। वहीं घटना का संज्ञान लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ हाईवे कुलदीप कुमार गुप्ता, नोडल अधिकारी नरेंद्र चौधरी आदि भी मौके पर पहुंच गए थे। वही गुरुवार को इलाज के दौरान बच्चे के दम तोड़ने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### ठाकुरद्वारा दुष्कर्म मामले में साक्ष्यों को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब में भेजा गया

# पुलिस दो दिन के अंदर दाखिल करेगी चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में नर्स से दुष्कर्म के मामले में पुलिस विवेचना के दौरान लगभग सभी साक्ष्यों को जुटा चुकी है। इनमें से ज्यादातर साक्ष्यों को फॉरेंसिक लैब भेजा गया था। अब फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस मामले में दो दिन के अंदर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेगी। मामले में तीनों आरोपी इस वक्त न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद हैं। चार्जशीट दाखिल होने के बाद पुलिस गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई शुरू करेगी।

ठाकुरद्वारा स्थित अस्पताल में नर्स के साथ 17 अगस्त की रात आरोपी अस्पताल संचालक शाहनवाज ने दुष्कर्म किया था। पीड़िता के पिता ने इस मामले में आरोपी शाहनवाज, उसकी सहयोगी नर्स मेहनाज, वार्ड ब्वॉय जुनैद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शहनवाज, सहयोगी नर्स मेहनाज और वार्ड ब्वॉय जुनैद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। विवेचना में पुलिस लगभग सभी साक्ष्य जुटा चुकी है। ज्यादातर साक्ष्यों को फॉरेंसिक लैब भेजा गया था। अब फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस शनिवार तक कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेगी।

एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने बताया कि तीनों आरोपी जेल में बंद हैं। इस मामले में विवेचना पूरी हो चुकी है। उन्होंने तीनों आरोपियों के खिलाफ दो दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि इसके बाद गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई शुरू की जाएगी। ठाकुरद्वारा पुलिस ने गैंगचार्ट तैयार कर अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी के पास भेजा है। डीएम की संस्तुति मिलने के बाद गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### आरोपी के पिता के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार:** एबीएम अस्पताल ठाकुरद्वारा में नर्स के साथ दुष्कर्म के आरोपी के पिता द्वारा धोखाधड़ी से मदरसे की मान्यता लेने पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की तहरीर पर थाना डिलारी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लगभग एक सप्ताह पूर्व एसडीएम ठाकुरद्वारा मनी अरोड़ा, पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा राजेश कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार व थाना प्रभारी डिलारी प्रदीप सहरावत ने गांव जटपुरा पहुंचकर मदरसा अरबिया सकलेनिया जमेउल बनात, जिसकी गाटा संख्या 42 ,रकबा 2.072 हेक्टर का औचक निरीक्षण किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मदरसे में कोई छात्रा, शिक्षक, चौकीदार और प्रबंधक के न मिलने पर मदरसे की मान्यता से संबंधित सभी प्रपत्रों की जांच की। जिसमें 24 जून 2014 को आलिया स्तर, 31 मार्च 2017 को अलीम स्तर की जबकि जमीन खरीदने की व कूटरचित दस्तावेजों से गांव राजपुर केसरिया निवासी सगीर अहमद ने लड़कियों को पढ़ाने के नाम पर धोखाधड़ी से मान्यता हासिल कर ली। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान काफी अनियमिताएं पाई गई। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मदरसे को सील कर दिया था। गुरुवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने थाना डिलारी को तहरीर देकर सगीर अहमद के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डिलारी थाना प्रभारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**एक नजर**

### एसएसपी से की पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गाजियाबाद में तैनात एक पुलिसकर्मी ने सोशल मीडिया पर क्षत्रिय समाज की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की। जिसकी शिकायत अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश प्रभारी सौरभ ठाकुर ने विधि विभाग की टीम के सदस्यों के साथ एसएसपी से मुलाकात की। पुलिस कर्मी मुरादाबाद का ही रहने वाला है। उन्होंने एसएसपी से आरोपी पुलिसकर्मी पर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। वहीं विधि विभाग के अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र प्रताप सिंह ने आईटी एक्ट के नए कानून के तहत कार्रवाई की मांग की। इस दौरान दीप सौरभ सिंह, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह चौहान, बीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### बारिश और आंधी में गिरी ग्रामीण के मकान की छत

**कुंदरकी, अमृत विचार:** बुधवार रात हुई तेज बारिश और आंधी के चलते थाना क्षेत्र के ग्राम इमृतपुर फखरुद्दीन में इस्लाम पुत्र नन्हू के मकान की कच्ची छत गिर गई। जिससे वहां रखा हुआ काफी सामान दब गया। गनीमत रही कि कोई भी जनहानि नहीं हुई।

# परीक्षा केंद्र पर स्टॉफ के पास अनिवार्य रूप से हो पहचान पत्र

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 26 परीक्षा केंद्रों पर हो रही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के अन्तर्गत 30 व 31 अगस्त को जिले के निर्धारित केंद्रों पर होने वाली परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्टेटिक मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर तैनात स्टाफ के पास पहचान पत्र (आई कार्ड) अनिवार्य रूप से होना चाहिए। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने से पहले प्रवेश पत्र के अनुसार पहचान सुनिश्चित करने के दौरान भर्ती बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी यातायात सुभाष चन्द्र गंगवार, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अरूण कुमार दुबे सहित स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार।

### पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बने केंद्र

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 26 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 30 और 31 अगस्त को दो-दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए अब्दुल सलाम मुस्लिम इंटर कॉलेज, अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, अंसार इंटर कॉलेज प्रिंस रोड, आर्य कन्या इंटर कॉलेज स्टेशन रोड, बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, राजकीय गर्ल्स पॉलीटेक्निक, एसएसबी इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंका, कटघर, हिंदू कॉलेज ब्लॉक-ए, हिंदू कॉलेज ब्लॉक-बी, हिंदू मॉडल इंका, केजीके इंटर कॉलेज, केजीके महाविद्यालय, कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, अगवानपुर, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट कन्या इंटर कॉलेज पीलीकोठी, पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलीटेक्निक कांठ रोड, रामचंद्र शर्मा इंटर कॉलेज चंद्रनगर और एसएस इंटर कॉलेज स्टेशन रोड को केंद्र बनाया गया है।

## रेलवे ने संचालित की परीक्षा स्पेशल ट्रेन, रोडवेज ने लगाई अतिरिक्त बसें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे प्रशासन और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। रेलवे परीक्षार्थियों के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है तो वहीं परिवहन निगम ने अभ्यर्थियों के आने जाने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है।

शुक्रवार को होने वाली परीक्षा में अभ्यर्थियों के लिए रेलवे प्रबंधन ने सहारनपुर से लखनऊ के लिए दो परीक्षा स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान प्लेटफार्म भी नहीं बदले जाएंगे। 30-31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा होगी। रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा का स्टेशन पर इंतजाम किया है। ट्रेन से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के बारे में हेल्प डेस्क जानकारी देगी। जीआरपी और आरपीएफ के अलावा रेलवे सहायता के लिए 28 स्काउट्स-गाइड्स की भी ड्यूटी लगाई है। स्टेशन अधीक्षक महेन्द्र कुमार व सीएमआई जेके ठाकुर के अनुसार इस दौरान जनरल टिकट के लिए अलग से काउंटरों को अपडेट रहने को कहा है। जनरल टिकट के छह, तीन आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) और चार जन साधारण टिकट बुकिंग सेवा (जेटीबीएस) काउंटर रहेंगे। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के संचालन से लेकर खानपान, सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या-04520 सहारनपुर-लखनऊ स्पेशल एक्सप्रेस 29 व 30 अगस्त को सहारनपुर से शाम 6:20 बजे चलेगी। रुड़की, लक्सर, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर होते हुए रात 9:45 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी। जिसके बाद रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, बालामऊ के रास्ते देर रात 2:55 बजे लखनऊ पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन संख्या-04526 सहारनपुर-लखनऊ स्पेशल एक्सप्रेस 31 अगस्त को सहारनपुर से शाम 6:20 बजे चलेगी और समान रूट से रात 9:45 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी।

वहीं दूसरी ओर रोडवेज की आरएम ममता सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त बसें लगी है। परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए अतिरिक्त बसें भी लगाई गई हैं।

### एसटीएफ की रडार पर रहेगा सॉल्वर गिरोह, कड़ी निगरानी होगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पांच दिन तक चलने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा तीन दिन तक कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था में संपन्न हुई है। शुक्रवार को भी कड़ी निगरानी में परीक्षा कराई जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर 18 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। एसओजी, सर्विलांस टीम समेत एसटीएफ सॉल्वर गिरोह की निगरानी में लगी है। छह क्षेत्राधिकारी समेत 500 से अधिक पुलिसकर्मियों को परीक्षा में तैनात किया गया है। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि 23, 24, 25 को हुई परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। शुक्रवार को भी कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था में परीक्षा कराई जाएगी। अधिकारियों ने गुरुवार को सभी केंद्रों का निरीक्षण किया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर 18 से 20 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा के लिए 6 क्षेत्राधिकारी, 27 निरीक्षक, 73 उप निरीक्षक, 318 हेड कांस्टेबल और महिला पुलिसकर्मी समेत कुल 534 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया है कि शनिवार को परीक्षा का अंतिम दिन है। परीक्षा में सॉल्वर गिरोह की निगरानी के लिए एसटीएफ, एसओजी और सर्विलांस टीम सक्रिय है। गौरतलब है कि पूर्व में परीक्षा धांधली के आरोपों के चलते निरस्त कर दी गई थी।

# पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में विकास को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**सीए श्वेताभ हत्याकांड**

- मझोला पुलिस ने चार आरोपियों पर लगाया था गैंगस्टर एक्ट
- शेष तीनों आरोपी अलग-अलग जेलों में हैं बंद

> मझोला थाने में 31 जुलाई को गैंगस्टर का एक केस दर्ज किया गया था। जिसकी विवेचना सिविल लाइंस थाना प्रभारी कर रहे हैं। इस मुकदमे में सरगना विकास शर्मा उर्फ गुग्गू वांछित था। गुरुवार को पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।
>
> - सतपाल अंतिल, एसएसपी

**अमृत विचार:** बहुचर्चित सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड के सरगना विकास को पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वारदात में शामिल अन्य तीन आरोपी अलग-अलग जेलों में बंद हैं। मामले में मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक समेत चार के खिलाफ 31 जुलाई को गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों ने सीए श्वेताभ तिवारी की गोलीमार कर हत्या कर दी थी।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार साईं गार्डन कालोनी निवासी सीए श्वेताभ तिवारी दिल्ली रोड मझोला स्थित बंसल कॉम्पलेक्स में अपना ऑफिस चलाते थे। 15 फरवरी 2023 को रात करीब नौ बजे वह ऑफिस से घर के लिए निकले थे तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर उनकी हत्या कर दी थी। 31 मार्च को मझोला पुलिस ने पाकबड़ा के गांव गिदौड़ा निवासी शूटर केशव सरन शर्मा और कोतवाली के रेती स्ट्रीट निवासी सरगना विकास शर्मा उर्फ गुग्गू को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया था। उस समय तत्कालीन एसएसपी हेमराज मीना ने खुलासा करते हुए बताया था कि सीए श्वेताभ तिवारी की संपत्ति पर विकास शर्मा उर्फ गुग्गू और ललित कौशिक की नजर थी। बाद में मूढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। जहां पर केशव सरन ने गोली मारकर हत्या की और फिर सिविल लाइंस के मोहल्ला दर्जियान हरथला सोनकपुर में रहने वाले भोजपुर के गांव हुंमायूपुर निवासी उसके सहयोगी खुशवंत उर्फ भीम उसे बाइक पर बैठाकर वहां से भाग निकला था। इसके बाद मझोला के तत्कालीन थाना प्रभारी केके वर्मा की ओर से आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए फाइल डीएम के पास भेजी गई थी। गैंगचार्ट अनुमोदित होने के बाद थाना प्रभारी ने 31 जुलाई 2024 को सरगना विकास शर्मा उर्फ गुग्गू, ललित कौशिक, शूटर केशव सरन शर्मा और सहयोगी खुशवंत उर्फ भीम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई शुरू की थी। जिसकी विवेचना सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना कर रहे हैं। विकास शर्मा एक, केशव सरन शर्मा पर 8, ललित कौशिक पर 14 और खुशवंत उर्फ भीम पर 7 मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि मामले में सरगना विकास उर्फ गुग्गू वांछित चल रहा था। गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं तीन अन्य आरोपी पहले से ही अलग-अलग जेलों में बंद हैं।

## जनसंवाद कार्यक्रम में उठा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गुरुवार को लाइनपार में नॉर्दर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन एवं इंडियन इंडियन रेलवे एम्प्लाइज फेडरेशन के तत्वाधान में जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। जिसमें यूनियन नेताओं ने पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा उठाया। इंडियन रेलवे एम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वजीत सिंह ने कहा कि संघर्ष यूपीएस तक पहुंच गया है। एनआरईयू और आईआरईएफ के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष ने नरसिंह कुमार ने कहा कि यूनियन कर्मचारी हितों के लिए संघर्ष कर रही है। कार्यक्रम में यूनियन के महासचिव कामरेड कृष्ण कुमार, एनआरईयू कोषाध्यक्ष संजीव सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। मंडल के मंडल सचिव सुभाष चंद्र यादव ने पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष की वकालत की।

# रिश्ते के मामा ने युवती से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**रिश्ते शर्मसार**

- विवाह होने के बाद भी आरोपी मामा ने नहीं छोड़ा पीछा
- पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार:** मामा ने नाबालिग भांजी का नहाते समय वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। डर की वजह से वह कई साल तक प्रताड़ना सहती रही। शादी होने के बाद मामा ने ससुरालियों को भड़का दिया। अब पीड़िता की शादी टूटने की कगार पर आ गई है। परेशान होकर पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने भगतपुर पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं।

भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने गुरुवार को एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सिविल लाइंस के हरथला निवासी युवक उसका रिश्ते का मामा है। रिश्तेदार होने के कारण उसका पीड़िता के घर पर आना-जाना था। 2018 में जब वह 14 साल की थी तब एक दिन मामा ने नहाते समय चोरी छिपे अश्लील वीडियो बना ली। आरोप है कि बाद में उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद ब्लैकमेल करके कई बार शारीरिक संबंध बनाए। डर की वजह से वह कई साल तक चुप रही। किसी को कुछ नहीं बताया। परिजनों को शक हुआ तो रिश्ते के मामा के घर आने जाने पर पाबंदी लगा दी। इसके बाद वह स्कूल आते-जाते पीछा करने लगा। हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने स्कूल जाना बंद कर दिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता पर अकेले मिलने का दबाव बनाने लगा। इसी दौरान बीते 12 मार्च को परिजनों ने पीड़िता की शादी कर दी। फिर भी मामा ने पीछा नहीं छोड़ा। आरोपी ने पीड़िता के पति को उसके खिलाफ भड़का दिया। ससुरालियों की नजरों में उसको बदनाम कर दिया। आरोपी की हरकतों से पीड़िता की शादी टूटने की कगार पर है। अब पति पीड़िता को साथ रखने को तैयार नहीं है। वह फिलहाल मायके में रह रही है। आरोप है कि रिश्ते का मामा उसका पीछा नहीं छोड़ रहा है। वीडियो वायरल कर उसको बदनाम करने की धमकी दे रहा है। मामले में पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने मामले में जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## हिंदू लड़के से बात करने पर जताई आपत्ति, बुर्का खींचकर की छींटाकशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कटघर थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार:** कटघर थाने के निकट हिंदू लड़के से बात करने पर युवती के साथ छेड़खानी कर दी। स्कूटी सवार युवक बुर्का खींचकर युवती से छींटाकशी करने लगे। विरोध करने पर मुफ्ती साहब को बुलाने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कटघर थाने में तहरीर दी है।

मुगलपुरा थाना क्षेत्र की निवासी युवती ने बताया कि वह कटघर थाना क्षेत्र में निजी अस्पताल में नौकरी करती है। गुरुवार शाम 7:30 बजे ड्यूटी से वापस घर जा रही थी। इसी दौरान कटघर थाने के निकट गुलाबबाड़ी फाटक के पास रास्ते में पीड़िता का दोस्त सिद्धार्थ मिल गया। वह रास्ते में खड़े होकर सिद्धार्थ से बातचीत करने लगी। सिद्धार्थ अपनी मां को अस्पताल में दिखाने के लिए कहने लगा। सिद्धार्थ की मां बीमार रहती हैं। इसके बाद पीड़िता जैसे ही वहां से चली। इसी दौरान स्कूटी सवार एक युवक आ पहुंचा। आरोप है कि स्कूटी सवार हिंदू लड़के से बात करने पर आपत्ति जताने लगा। कहासुनी पर अश्लील बातें करने लगा। फिर बुर्का खींचकर छींटाकशी करने लगा। विरोध करने मुफ्ती साहब को बुलाने की धमकी दी। लोगों की भीड़ जुटता देख आरोपी वहां से भाग निकला। सूचना पर पहुंची महिला पुलिस पीड़िता को थाने ले गई।

पीड़िता ने मामले में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। सीओ आशीष प्रताप सिंह ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर बदनाम कर रहा पति, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में सुसरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराने पर पति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार निवासी युवक से हुई है। 19 जून को उसने मझोला थाने में पति, ससुर और सास के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला, छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप है कि पति अपने मोबाइल के माध्यम से विभिन्न सोशल साइट्स पर उसे अपमानित करने वाली पोस्ट डाल रहा है। थाना प्रभारी मूंढापांडे रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**राष्ट्रीय खेल दिवस** | लोकोशेड पुल पर भारतीय खिलाड़ियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में घटित ऐतिहासिक क्षणों का किया चित्रण

# हॉकी के जादूगर की जयंती पर नगर निगम का अनूठा उपहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



लोकरेशेड पुल पर सेल्फी लेता प्रशंसक।



पुल पर वर्ल्ड कप विजेता टीम के खिलाड़ियों की लगी तस्वीर।

**अमृत विचार:** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस पर नगर निगम की ओर से लोकोशेड पुल पर युवाओं में खेलों के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए भारतीय खिलाड़ियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में घटित ऐतिहासिक क्षणों का चित्रण किया गया है। इसका चित्रण बैकलिट एलईडी पैनल के माध्यम से किया गया है। इसमें मेजर ध्यानचंद, मैरीकॉम, सानिया नेहवाल, पीवी सिंधु, नीरज चोपड़ा के खेल के विशेष पलों और भारतीय क्रिकेटर कपिल देव के साथ विश्व कप जीत की यादें ताजा करती हुई तस्वीरों का चित्रण किया गया है।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि लोकोशेड पर लगे इन बैकलिट पैनलों में ओलम्पिक खेलों के मेडलिस्ट खिलाड़ियों मेजर ध्यानचंद, मैरीकॉम, सानिया नेहवाल, पीवी सिंधु, अभिनव बिंद्रा, नीरज चोपड़ा, मिल्खा सिंह, मनु भाकर आदि के पोर्ट्रेट व भारतीय क्रिकेट टीम की पिछले 75 वर्षों की उपलब्धियों का चित्रण किया गया है।

जिसमें 1983 के विश्वकप से लेकर इस साल जीते गए टी-20 विश्वकप की ऐतिहासिक उपलब्धियों का चित्रण हैं। इसमें सुनील गावस्कर, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर के साथ टी-20 विश्वकप के सूर्य कुमार यादव के जादुई कैच, सचिन तेंदुलकर द्वारा फिरकी गेंदबाज शेनवार्न की गेंद उड़ाते हुए अलग-अलग ऐतिहासिक मैचों की झलकियां हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विश्व पटल पर भारतीय खिलाड़ियों द्वारा किए गए अद्भुत प्रदर्शन की अविस्मरणीय उपलब्धियों को प्रदर्शित कर युवाओं को इसके गौरव की अनुभूति कराना है।

एलईडी पैनल पर इसे प्रदर्शित किया गया है। इससे मुरादाबाद के युवा खिलाड़ी प्रेरित होकर खेलों में अपनी सहभागिता बढ़ाकर जिला, प्रदेश और देश को गौरवान्वित करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

### 36 आपत्तियां निस्तारित, 5.92 लाख रुपये कर वसूला गया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर निगम के कर अनुभाग की ओर से जोन संख्या 2 सिंह मंडप चंद्रनगर व जोन संख्या 4 में डिप्टी साहब के मंदिर के पास गृहकर व जलकर वसूली के लिए शिविर लगा। इसमें जीआईएस सर्वे की आपत्तियों का निस्तारण भी किया गया। शिविर में सर्वे से संबंधित 41 आपत्तियां आईं। जिसमें से 36 को मौके पर निस्तारित किया गया। शिविरों में कुल 5,92,430 रुपये का गृहकर व जलकर वसूला गया। शिविर में कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, कर अधीक्षक प्रदीप चौधरी, राजस्व निरीक्षक शुभम चौहान व जोनल कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर दो साल से युवक करता रहा दुष्कर्म

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर में दो साल से एक युवक महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने पुलिस को प्रेमी समेत पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। अगवानपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला के पति की मौत हो चुकी है। महिला के तीन बच्चे हैं। उसने बताया कि कस्बे का रहने वाले युवक ने उसको शादी का झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और महिला से शारीरिक संबंध बना लिए। महिला जब भी शादी की बात करती तो युवक टालमटोल कर देता था। इस दौरान युवक के परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी। महिला ने युवक से जब शादी का दबाव बनाया तो उसने गाली गलौज की। आरोप है कि बुधवार को युवक के परिजन महिला के घर पहुंच गए और उसको धमकाने लगे। विरोध पर महिला के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# कचहरी में महिला को पति व देवरों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

- जून में पति ने तलाक देकर महिला को घर से निकाल दिया था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** तीन तलाक और प्रताड़ना को लेकर विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई के दौरान पति ने देवरों के साथ मिलकर कचहरी में पत्नी की पिटाई कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के भटावली निवासी मेहसर जहां ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर कट्टई निवासी बाबू से हुई थी। 25 जून 2024 को उसने पति बाबू समेत अन्य ससुरालियों पर प्रताड़ना, मारपीट और तीन तलाक का मुकदमा दाखिल किया था। जो परिवार न्यायालय मुरादाबाद में विचाराधीन है। बुधवार को वह मुकदमे की सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंची थी। शाम करीब पांच बजे कोर्ट में थी तभी पति बाबू, उसके भाई मेहंदी हसन और मेहंदी हसन के बेटे परवेज आलम ने गाली गलौज शुरू कर दी। आरोप लगाया की पति ने उसका गला पकड़ लिया। तीनों ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की। वहां कोर्ट में मौजूद कर्मचारियों ने बमुश्किल पीड़िता को बचाया। जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़िता के अनुसार उसने घटना स्थल से ही 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। लेकिन, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी वहां से भाग निकले। जिसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी को फोन पर दिया तलाक, पांच पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने महिला को फोन पर तीन तलाक दे दिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गुलाब बाग निवासी मुस्कान ने दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह बीते 17 अप्रैल को आजादगनर हड्डी मिल के पास रहने वाले मुनीश हसन से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से पति मुनीश हसन, सास कुलसुम, ननद नजमा और जेठ नब्बू व अनीस ने दहेज को लेकर ताना मारना शुरू कर दिया था। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी के कुछ बाद ही ससुराल के लोगों ने उसके मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है 7 जून को ससुरालियों न फिर से मारपीट कर घर से भगा दिया। इसके बाद फोन पर तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई।

### खुशहालपुर और बुद्धि विहार में रात भर होती रही ट्रिपिंग, उमस भरी गर्मी ने रुलाया

# कई मोहल्लों की आपूर्ति बाधित, लोग रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार की देर शाम से हुई बारिश ने बिजली विभाग के अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी। कर्मचारियों ने उपकरण फुंकने के डर से बिजली आपूर्ति बंद कर महानगर के लोगों की नींद में खलल डाल दिया। पूरी रात कहीं बिजली आपूर्ति गुल रही तो कहीं मिनट भर के लिए आने के बाद घंटों गुल रही। लाजपत नगर, गलशहीद नगर, फैजगंज, गुड़िया मोहल्ले में रात 11 बजे से सुबह चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। टाउनहाल पुरानी तहसील पर रखे ट्रांसफार्मर की रात लीड कटने से सुबह तक आपूर्ति ठप रही। टॉउनहाल विद्युत केंद्र के बिजली कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं का फोन तक नहीं उठाया।

गुरुवार को टॉउनहाल स्थित पुरानी तहसील पर लगे ट्रांसफार्मर की बुधवार की रात 12 बजे के बाद लीड कट गई जिसके बाद ट्रांसफार्मर से जुड़े 500 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति चार घंटे तक बंद रही। लोगों के इनवर्टर की बैटरी डिस्चार्ज होने पर विभाग के कर्मचारियों को फोन मिलाते रहे। सुबह चार बजे बिजली कर्मचारी पहुंचे। उसके बाद आपूर्ति सुचारू हो सकी। वहीं लाजपत नगर, गलशहीद मोहल्ले में बारिश शुरू होने के चार घंटे बाद बिजली आपूर्ति रात 11 बजे बंद हो गई।

सुबह आठ बजे बिजली आपूर्ति बहाल हुई। वहीं फैजगंज, गुड़िया मोहल्ला में रात एक बजे बिजली आपूर्ति ठप हुई। सुबह 10 बजे तक बिजली कटौती से 1500 उपभोक्ता परेशान रहे। विभाग के अधिकारियों ने उपकरण फुंकने के डर से बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति बंद करा दी थी। वहीं बुद्धि विहार, खुशहालपुर में रात भर बिजली आपूर्ति 10 से 15 मिनट के लिए आती और जाती रही। बिजली ट्रिपिंग की वजह से लोगों की नींद में खलल पड़ा। 11 हजार केवी लाइन में फॉल्ट से दीनबंधुपुरम, कांशीराम नगर में दो घंटे विद्युतापूर्ति बाधित रही।


दीनबंधुपुरम में ट्रांसफार्मर में हुए फॉल्ट को ठीक करते बिजली कर्मचारी।

> बारिश से रात कई स्थानों पर उपकरणों में फाल्ट हुए हैं। इसे देखते हुए कुछ विद्युत केंद्रों की सप्लाई बंद कराई गई। टॉउनहाल विद्युत केंद्र पर तहसील में लगे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया था। जिसको सुबह सही कराया गया।
>
> –मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता (नगरीय)

# मुरादाबाद डिपो परिसर की सड़कें खस्ताहाल

### टूटी सड़कों पर भरा रहता है पानी, आने जाने वाले यात्रियों को होती है परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मुरादाबाद डिपो परिसर में टूटी सड़कें रोडवेज बसों और यात्रियों के लिए मुसीबत बन रही हैं। टूटी सड़कों के गड्ढों में बरसात का पानी भरने से आने वाले यात्रियों को परेशानी होती है। टूटी सड़कों के चलते बसें भी जल्द खराब हो रही हैं।

परिक्षेत्र के मुरादाबाद डिपो परिसर में पिछले काफी समय से सड़कें टूटी हैं। इससे डिपो परिसर में आने वाले यात्रियों को बस पकड़ने में काफी परेशानी होती है। इसके अलावा गड्ढों में पानी भरा होने से बसों को आने-जाने में भी दिक्कत होती है। बुधवार को हुई बारिश के बाद डिपो परिसर में टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया। जिससे परिसर में आने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**डिपो परिसर में जगह-जगह गड्ढे:** मुरादाबाद डिपो परिसर में जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं। उन गड्ढों में बरसात का पानी भर जाता है। कई बार ऐसा होता है कि यात्री बस पकड़ने की जल्दी में गड्ढे नहीं देख पाते है और उसमें गिरकर घायल हो जाते हैं। लेकिन, इस ओर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**चालक-परिचालक भी होते हैं परेशान:** रोडवेज के कई चालकों-परिचालकों का कहना है कि बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत डिपो परिसर से बसों को बाहर निकलते समय होती है। ऐसे में कई बार बस का एक्सेल टूटने का डर बना रहता है। इतना ही नहीं टूटी सड़कों से बसों में टायरों में पंक्चर भी हो जाता है। यात्री राजेश कुमार ने बताया कि मुरादाबाद डिपो परिसर में टूटी सड़कों के कारण यात्रियों व रोडवेज कर्मचारियों को आने-जाने में दिक्कत होती है।


रोडवेज परिसर में सड़क में हुए गड्ढे में भरा पानी। ● अमृत विचार

### गर्मी में यात्रियों को नहीं मिल रहा ठंडा पानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद डिपो परिसर में गर्मी में भी पीने का ठंडा पानी उपलब्ध नहीं है। डिपो परिसर में एक निजी संस्था द्वारा वाटर कूलर लगा हुआ है, लेकिन वह काफी समय से खराब है। जबकि दूसरे गेट के नजदीक ठंडे पानी की व्यवस्था है, लेकिन उसमें भी ठंडा पानी नहीं मिल रहा है।

### बस यात्रियों की सुरक्षा भी भगवान भरोसे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बस स्टैंड के सीसीटीवी कैमरों में कुछ कैमरे पिछले काफी समय से खराब पड़े हैं, जबकि रोजाना हजारों यात्री मुरादाबाद डिपो पर आते हैं। सीसीटीवी कैमरे खराब होने के कारण अपराधियों पर तीसरी आंख से नजर नहीं रखी जा रही। भीड़ वाले बस स्टैंड में कोई भी शरारती तत्व किसी घटना को आसानी से अंजाम दे सकता है। परिवहन निगम प्रबंधन ने हजारों यात्रियों की जान खतरे में डाली है। जबकि जिम्मेदारों का कहना है कि जल्द ही कैमरे ठीक कराए जाएंगे। ताकि यात्रियों की सुरक्षा को कोई खतरा न हो।

## दहेज में 8 लाख न मिलने पर महिला को दिया जहर

**अगवानपुर, अमृत विचार:** दहेज में आठ लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने महिला को जहरीला पदार्थ खिला दिया। हालत बिगड़ने पर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता की मां ने महिला के पति समेत कई लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पंचायत के मोहल्ला पजाया निवासी सुविता पत्नी विनोद ने बताया कि 2014 में उसने अपनी बेटी पूनम की शादी मोहल्ले के ही प्रमोद से की थी। उनके चार बच्चे हैं। आरोप है कि पति प्रमोद जेठ और जेठानी के कहने में रहता है। पति ने उनके कहने पर दहेज में आठ लाख रुपये की मांग की। शादी के दस साल बाद दहेज की मांग से पत्नी व उसके परिजन हैरान थे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर 16 अगस्त को जेठ जेठानी और ससुराल के अन्य लोगों ने महिला को जहरीला पदार्थ खिला दिया। महिला की निजी अस्पताल में हालत गंभीर बनी हुई है।

# प्रभु के दर्शन के लिए त्यागें अहंकार

- श्री दुर्गा मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का दूसरा दिन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुध बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन गुरुवार को श्रीधाम वृंदावन से आए कथा वाचक शिव कुमार शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए अहंकार रूपी राक्षस जब तक हमारे मन में रहेगा, तब तक हमें परमात्मा के दर्शन असंभव हैं।

कथा वाचक ने आगे बताया कि अपनी तपस्या से अप्सराओं और कामदेव को परास्त करने के अभिमान में नाराज मुनि भगवान विष्णु के सामने घमंड भरी बातें करते हैं। नारद के अभिमान को नष्ट करने के लिए भगवान एक काल्पनिक लोक का निर्माण करके वहां की राजकुमारी विश्व मोहिनी का स्वयंवर करवाते हैं। नारद जी विश्व मोहिनी पर मोहित हो जाते हैं और उनसे विवाह करने के लिए नारायण से उनका हरि रूप मांगते हैं। देवऋषि नारद के कथन अनुसार भगवान उन्हें हरि रूप यानी वानर का रूप प्रदान कर देते हैं। जिसके कारण स्वयंवर में उनका मजाक बन जाता है। इसके बाद विश्व मोहनी स्वयंवर की शर्त के मुताबिक भगवान श्री हरि से विवाह कर लेती है। इस बात से नाराज होकर नारद जी अपने इष्ट भगवान नारायण को श्राप देते हैं कि उन्हें भी धरती पर मनुष्य रूप में आना पड़ेगा और वानर ही उनकी सहायता करेंगे। इस मौके पर आयोजक डॉ. शशि अरोड़ा, अशोक अरोड़ा, शिखा अरोड़ा, विवान अरोड़ा, मानवी मुंजियाल, विकास मुंजियाल, निमित जायसवाल शामिल रहे।


दुर्गा मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

# मारपीट करने वालों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां और खान शोएब युनूस के नेतृत्व में मुरादाबाद पहुंचा। उन्होंने रामगंगा विहार में मुस्लिम पिता-पुत्र के साथ की गई मारपीट की निंदा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

महानगर के गोकुलदास रोड पर हुई बैठक में आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि देश और प्रदेश में मुसलमानों के साथ मॉब लिंचिंग की घटनाएं हो रही है। जिसमें पुलिस उल्टा पीड़ितों के खिलाफ ही कार्रवाई करती है। रामगंगा विहार कालोनी में आरोपियों ने मुस्लिम समाज के पिता व उसके बेटे को बुरी तरह मारा पीटा। मामले में पुलिस ने उल्टे इसका शिकार हुए पिता व उसके बेटे का 151 में चालान कर दिया। लेकिन मारपीट करने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मांग किया कि मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान फिरोज खां एडवोकेट, सैय्यद आसिफ हसन, सैय्यद तारिक अनवर, वाहिद हुसैन, साहिल शम्सी, मुजाहिद पठान व अतीक रहमान शामिल रहे।


ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## खेल दिवस पर शहर में निकाली सम्मान रैली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर शिशु वाटिका इंटर कालेज व एसवी पब्लिक स्कूल और इंट्रैक्ट क्लब शिशु वाटिका द्वारा संयुक्त रूप से एक सम्मान रैली निकाली गई।

इसमें जिसमें तृतीय राष्ट्रीय सब जूनियर कैडेट नेशनल ताइक्वान्डो चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली शिवानी पाल तथा सिल्वर मेडल पाने वाले भानू शर्मा तथा उनके कोच अमन मौर्य को क्षेत्र में जगह-जगह सम्मानित किया गया। रैली की आरंभ अनुज अग्रवाल, रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स के अध्यक्ष विदुर गर्ग, सचिव भरत अग्रवाल ने की। रैली का समापन पूर्व पत्रकार स्वर्गीय विजय आलम के परिवार द्वारा तिलक लगाकर किया।

**तैयारी** | फल सब्जी मंडी की दुकानों के निर्माण प्रस्ताव पर लगी मुहर, मंडी सचिव का भी बनेगा आवास

# सर्वाधिक टैक्स देने वाले आढ़तियों को वरीयता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 44 वर्ष बाद लाइनपार स्थित नवीन फल सब्जी मंडी का जीर्णोद्धार करने के साथ ही नई दुकानें बनाई जा रही हैं। इसके लिए मंडी प्रशासन की ओर से पहले प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन, अब मंडी निदेशालय से दोबारा प्रस्ताव मांगा गया है। इसमें मंडी के आढ़तियों की राय भी शामिल की जाएगी। इसके लिए मंडी के प्रभारी सचिव द्वारा बनाए गए प्रस्ताव पर मुहर भी लग चुकी है।

नये प्रस्ताव में मंडी में फल और सब्जी आढ़तियों की सूची भी मांगी गई है। इस प्रस्ताव में तीन वर्ष में सबसे ज्यादा टैक्स देने आढ़तियों को ही दुकानें दी जाएंगी। इसके अलावा दुकानों के लिए और मानक भी पूरे करने होंगे। 1980 में बनी मंडी को दोबारा नये सिरे से बनाया जाएगा। इसमें फल मंडी के 150 आढ़तियों और सब्जी मंडी के 350 आढ़तियों को मिलाकर कुल 500 आढ़ती हैं। वर्तमान में मंडी में 273 दुकानों में से 272 दुकानें आढ़तियों को पहले ही आवंटित की जा चुकी हैं।

अन्य आढ़तियों के लिए नई दुकानें बनाई जा रही हैं। इसमें जिन आढ़तियों के पास दुकानें नहीं हैं उन्हीं को शामिल किया जाएगा। इसके लिए तीन वर्ष से सबसे अधिक टैक्स देने वाले आढ़तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि अब 128 आढ़तियों के लिए दुकानों का निर्माण किया जाएगा।

मंडी सचिव महादेवी ने बताया कि जल्द ही मंडी के बनाए गए प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मंडी में होने वाले निर्माण कार्य में मंडी में बारिश का पानी एकत्रित करने के लिए दो तालाब भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा मंडी प्रभारी निरीक्षक के आवासों का निर्माण कराया जाएगा। कार्य शुरू होने से पहले मंडी के डिप्टी डायरेक्टर महेंद्र सिंह ने मंडी सचिव से सभी आढ़तियों के साथ बैठक कर सुझाव मांगने और उनकी राय भी लेने के लिए कहा है।


मंडी समिति परिसर में लगीं फल और सब्जी की दुकानें। ● अमृत विचार



## एक नजर

### महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ओयो होटल में तमंचा दिखाकर महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दो माह पहले सम्भल थाना पुलिस को एक महिला ने दिए शिकायत पत्र में बताया था कि मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक युवक शाकिर पुत्र शराफत ने क्षेत्र के एक ओयो होटल में उसके साथ जबरन तमंचा दिखाकर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी शाकिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अब दुष्कर्म के आरोपी शाकिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### महिला को लाठी-डंडों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम रुस्तमपुर तिगरी निवासी महिला जीनत बी ने थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार सुबह जेठानी मुर्शदी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद जेठानी ने उसे लाठी डंडों से पीटा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई हैं। थाना पुलिस में शिकायत करने पर जान से मरवाने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी महिला मुर्शदी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी शिक्षक को भेजा जेल

## परेशान होकर छात्रा ने जहरीले पदार्थ का किया था सेवन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर के शिक्षक को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया था। शिक्षक की हरकतों से परेशान होकर छात्रा ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था।।

कोतवाली क्षेत्र निवासी छात्रा के भाई की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस में दी गई तहरीर में बताया था कि उसकी बहन नगर के एक कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई करती है। उसी सेंटर पर यामीन पुत्र रजाक निवासी दारापुर शिक्षक है। जो पीड़ित की बहन पर बुरी नज़र रखता है व उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए फब्तियां कसता है। शिक्षक की हरकतों से परेशान होकर उसकी बहन ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया है। जिस पर युवती की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसको नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वही कोतवाली पुलिस ने दी गई तहरीर पर आरोपी शिक्षक यामीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। बताते चले कि आरोपी शिक्षक शादीशुदा है। उसके तीन बच्चे भी हैं जिसमें से एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है। इसके बाद भी वह अपने को अविवाहित बताकर छात्रा के साथ आए दिन अश्लील हरकतें व छेड़खानी करता था। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार आरोपी शिक्षक को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



आरोपी शिक्षक को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

● **आरोपी शिक्षक तीन बच्चों का है पिता, एक बच्चे की हो चुकी है मौत**

# विभिन्न खेल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवा कल्याण विभाग द्वारा स्कूल-कालेजों में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवा कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को खेलकूद में प्रतिभाग करने को विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नवीन चौहान ने बताया कि खेलों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना उद्देश्य है। इसके अलावा ग्राम पंचायत में गठित युवक/ महिला मंगल दलों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गांव पीलकपुर गुमानी जागृति उच्च प्राथमिक विद्यालय, रामपुर घोगर के आरएसएम इंटरनेशनल एकेडमी व ग्राम पंचायत भायपुर, विजयरामपुर आदि में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में खो खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, लंबीकूद, दौड़ आदि में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक दिनेश चौहान, पीटीआई संजीव ठाकुर, कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।



खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# विधानसभा क्षेत्र यूथ कांग्रेस कमेटी का किया विस्तार





नई कार्यकारिणी का स्वागत करते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** यूथ कांग्रेस ने विधानसभा क्षेत्र संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन कर युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी हैं।

नन्हूवाला के ग्राम प्रधान शमसाद हुसैन के कार्यालय पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान संगठन की विधानसभा क्षेत्र की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नोशाद अंसारी, महासचिव चांद बाबू , उपाध्यक्ष जुबैर आलम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष इसरार हुसैन, सुऐब उपाध्यक्ष,सचिव, अली हसन, साजिद हुसैन को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दानिश सैफी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों संगठन को मजबूत करने की शपथ दिलाई।

## क्षेत्र में संयुक्त गन्ना सट्टा का कार्य समाप्त

**छजलैट, अमृत विचार:** सहकारी गन्ना समिति व गन्ना मिलो की संयुक्त टीम काफी समय से क्षेत्र में कार्य कर रहे थी। जो समाप्त हो गया। इस दौरान जो खामियां रह गई है उनका शीघ्र ही निस्तारण किया जाएगा।

सहकारी गन्ना समिति कांठ के सचिव खेत सिंह ने बताया कि काफी समय से क्षेत्र में संयुक्त गन्ना सट्टा का कार्य चल रहा था जो गुरुवार को पूर्ण हो गया। इसके बाद जो भी सट्टे से संबंधित खामियां रह गई हैं उनका शीघ्र निस्तारण करने के लिए एक टीम गठित की गई है, जो कंप्यूटर में फीड कर हर किसान को उसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में स्योहारा, दीवान व त्रिवेणी शुगर मिल आते हैं। इन तीनों शुगर मिलों में 173 गांव से गन्ने की खरीद की जाती है। साथ ही गन्ने के नए सट्टे व मैंबर बनाने का कार्य 30 सितंबर तक चलेगा।

# खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रोता

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर स्थित पुरानी अनाज मंडी में गुरुवार की देर शाम श्री खाटू श्याम सेवा मंडल द्वारा खाटू श्याम जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु भजनों पर झूमे।

बाबा का विशाल भव्य दरबार विभिन्न प्रकार के फूलों व लाइटों से सजाया गया। जागरण का शुभारंभ श्रीखाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष अथर्व विश्नोई ने दीप प्रज्ज्वलित किया व आचार्य भावेश शर्मा ने विधि विधान से पूजा पाठ कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुरादाबाद से आए राधा वल्लभ संकीर्तन पार्टी के गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक चले जागरण में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान गायक कलाकार अभिषेक शर्मा बाबा के मंगलाचरण से संकीर्तन की शुरूआत की। इसके बाद भजनों की अमृत वर्षा से श्यामजी का गुणगान किया। उनके द्वारा गाए गए जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, लेने आजा खाटू वाले रींगस के उस मोड़ पर, छम -छम नाचे देखो वीर हनुमाना, तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाउंगा भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। गायक कलाकार आयुष ने काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन तू दिलदार है... सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिला गायक नीरू शर्मा ने भी भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया।

इस दौरान कमेटी सदस्य अभी विश्नोई, रजीत शर्मा, पीयूष विश्नोई,अक्षय विश्नोई, अर्पित अग्रवाल, सुजल वर्मा, शरद विश्नोई, ऋतिक विश्नोई, अमन विश्नोई, सौरभ चौहान अपूर्ण गुप्ता आदि मौजूद रहे।



खाटू श्याम का सजा दरबार।

● **पुरानी अनाज मंडी में किया गया जागरण का आयोजन**

# आंखों का दान सर्वश्रेष्ठ दानः गरिमा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा में सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद के तत्त्वावधान में जीते जी रक्तदान एवं मृत्युपरान्त नेत्रदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सी एल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट से आए गुरविंदर सिंह और गरिमा सिंह ने बताया कि आंखें ईश्वर द्वारा प्रदत्त सर्वश्रेष्ठ उपहार है। आंखों के बिना हमारा जीवन बेजान है। हमें अपनी आंखों की यतन पूर्वक रक्षा करनी चाहिए व प्रयास करना चाहिए कि हमारी मृत्यु के बाद भी हमारी इन आंखों से ईश्वर द्वारा बनाए गए इस सुंदर संसार को कोई देख सके। इसके लिए हमें अपने जीवन काल में ही आंखों का दान करना चाहिए, आंखों का दान सर्वश्रेष्ठ दान है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, प्रधानाचार्य मदन सिंह व सीएलगुप्ता आई इंस्टीट्यूट से आए विशेषज्ञों में गरिमा सिंह, गुरविंदर सिंह संजीव व शिक्षकों में पदम सिंह, अखिलेश कुमार विश्नोई, विपुल कुमार त्यागी, निशिकांत पाठक, राजीव प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह, अतवीर सिंह त्यागी, नरपाल सिंह, पीतांबर सिंह, इंद्रपाल सिंह, लोकेंद्र कुमार व छात्र-छात्राएं शामिल रहे।





संगोष्ठी में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

● **महर्षि दयानंद इंटर कालेज में रक्तदान और नेत्रदान पर हुई संगोष्ठी**

## सीओ ने की उपनिरीक्षकों के कार्यों की समीक्षा

**कांठ, अमृत विचार:** पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाना कांठ में उपनिरीक्षकों के कार्यों की समीक्षा की और आईजीआरएस के प्रार्थना पत्र व लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाड़िया ने थाना कांठ पहुंचकर पुलिस उप निरीक्षकों की बैठक ली और उन्हें आइजीआरएस से संबंधित सभी शिकायतों का निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि थाना व तहसील के समाधान दिवस के शिकायती प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेकर उनकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उनका निस्तारण करें। उप निरीक्षक के क्षेत्र की शिकायत है वह उसे गंभीरता से लेकर मौके पर जाकर जांच के बाद उनका निस्तारण करें। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जयदेव सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की लापरवाही से झुलसा लाइनमैन, रिपोर्ट

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते लाइन पर काम करते समय एक लाइनमैन झुलस गया। जिसका इलाज दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में चल रहा है। लाइनमैन के पिता की शिकायत पर जेई और एसएसओ के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम खाबरी अव्वल थाना बिलारी निवासी ब्रह्मपाल सिंह पुत्र गजराम सिंह ने थाना कुंदरकी में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि उसका बेटा मनोज कुमार भैसोड़ बिजली घर पर लाइनमैन है। मनोज 25 अगस्त को भी बिजली घर पर कार्य करने गया था। बताया कि अपना कार्य पूर्ण करने के बाद शाम को वह घर लौट रहा था। तभी भैंसौड़ बिजली घर पर तैनात जेई भास्कर गुप्ता और एसएसओ कुलदीप द्वारा उसे मुरादपुर गांव में लाइन ठीक करने के लिए कहा गया। वहां पहुंचकर मनोज ने विद्युत सप्लाई काटने के लिए बिजली घर को फोन किया तो एसएसओ कुलदीप और जेई भास्कर गुप्ता ने बताया कि सप्लाई बंद कर दी गई है। आरोप लगया कि जैसे मनोज काम करने के लिए खंबे पर चढ़ा तो वह करंट लगने से झुलस गया। बताया कि उसका बेटा अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर जईं व एसएसओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

● **लाइनमैन के पिता ने जेई और एसएसओ पर लगाया आरोप**

# 72 शबीहे ताबूत व अलम मुबारक का जुलूस निकला

संवाददाता, कुंदरकी

● **शबीहे ताबूत देखकर अजादारों की आंखे हुई नम**

● **तय रास्तों से होता हुआ जुलूस अजाखाने पर हुआ समाप्त**

**अमृत विचार:** नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन और 72 शहीदाने कर्बला की शहादत के गम में 72 अलम और 72 शबीहे ताबूत नम आंखों के बीच निकले।

नगर के मोहल्ला सादात स्थित मरहूम शाने अब्बास काजमी के अजाखाने पर मजलिस हुई। जिसमें गुलाम मेहंदी रिजवी ने मर्सिया पढ़ा और मजलिस को मौलाना नय्यर राजा नकवी ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला में शहादत देखकर इंसानियत के लिए कुर्बानी देने का पैगाम दिया। मजलिस के बाद 72 अलम मुबारक का जुलूस बरामद हुआ जोकि अपनी राहों से होता हुआ अली अख्तर हुसैन रिजवी के अजाखाने पर पहुंचकर समाप्त हुआ। देर रात इमामबाड़ा हजरत अबूतालिब में मजलिस हुई जिसमें कमर अब्बास काजमी ने मर्सिया पढ़ा और काशिफ अब्बास काजमी ने ख़िताब किया। मजलिस के बाद 72 शहिदाने क़र्बला की शहादत के ग़म में 72 शबीहे ताबूत बरामद हुए जिनको देखकर अजादारों की आँखे नम हो गईं। शबीहे ताबूत का जुलूस हसन मेहंदी रिज़वी के आजाखाने में पहुंचा। वहां अंजुमन अकबरी, अंजुमन, शाने हैदरी, अंजुमन अलमूर्तजा व साजिद रजा ने नोहे ख्वानी की। जुलूस का संचालन शबी अब्बास काजमी ने किया।

आयोजन

खेल दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

# हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को किया नमन

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार:** क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में हर्षोल्लास से खेल दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी हुई। साथ ही हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन किया गया।

राजकीय हाईस्कूल कुचावली में विद्यालय की खेल प्रभारी गीतांजली दक्ष एवं शिक्षिकाओं ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। खेल प्रभारी ने बच्चों को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दिन का महत्व नागरिकों में खेल भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है। शरीर को स्वस्थ्य बनाने में खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। खेलकूद द्वारा बच्चों का शारीरिक विकास ही नहीं होता बल्कि उनका सर्वांगीण विकास होता है। इसके बाद विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं जैसे शतरंज, कैरम, रस्सीकूद, लेजियम आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनुश्री चौहान और श्वेता बाजपेई का योगदान रहा।

राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर में खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चारों सदनों के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के खेल शिक्षक दुष्यंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को भारत में खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंत में प्रधानाचार्या सरिता ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया। प्राथमिक विद्यालय माननगर में भी राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को खेल का महत्व समझाते हुए कहा कि खेल से हमारा शारिरिक व मानसिक विकास होता है। खेल हमारे लिए बहुत आवश्यक हैं। इस अवसर पर समस्त स्टाफ में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।





राजकीय हाईस्कूल कुचावली में खेल दिवस पर उपस्थित स्टाफ व छात्र-छात्राएं।

● **विजेता टीमों व खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत**

## सार-संक्षेप



अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू अराजनीतिक के कार्यकर्ता।

### भाकियू अराजनीतिक ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर अधिशासी अधिकारी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के तहसील अध्यक्ष हाजी इमरान के नेतृत्व मैं कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। यूनियन के पदाधिकारियों ने अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी को विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी। जिसमें सामुदायिक बैंक्वेट हाल में बिजली कनेक्शन व जनरेटर सुविधा, पट्टी वाला स्थित बैंक्वेट हाल में पूर्व में अवमुक्त हुए दस लाख रुपये के कार्यों की जांच, सफाई व्यवस्था और बंदर पकड़वाने आदि विषयों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में जितेंद्र विश्नोई जीतू, कुलवीर सिंह, प्रदीप कुमार वर्मा, शिवकुमार सिंह प्रजापति, मोहम्मद वाजिद, सुंदरलाल सैनी, अहसान अहमद, रईस अहमद, शमीम अहमद, नाजिर, दीपक कुमार, गुड्डू घोसी आदि उपस्थित रहे।



हमलावरों को गिरफ्तार की मांग को ज्ञापन देते मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** वंचित समाज आरक्षण मोर्चा ने गाजियाबाद में वाल्मीकि समाज के लोगों पर हमला करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को वंचित समाज आरक्षण मोर्चा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 24 अगस्त को गाजियाबाद के आंबेडकर पार्क में हुए भीम आर्मी पार्टी के भाईचारा सम्मेलन में शामिल वाल्मीकि समाज के लोगों पर हमला किया गया। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मोर्चा ने भीम आर्मी प्रमुख व नगीना से सांसद चंद्रशेखर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने व हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन पर गजराम सिंह वाल्मीकि, रोहित कुमार, संजय कुमार, राजेश कुमार, सोनू रत्नाकर, राजीव सिंह व राजेंद्र सहदेव के हस्ताक्षर थे।

### वैन लैब में दुकानदारों ने कराई खाद्य पदार्थों की जांच

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के बाजार गंज में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की वैन लैब में 52 दुकानदारों व ग्रहणियों ने खाद्य पदार्थों की जांच कराई। नगर के बाजार गंज में स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल के कैंप कार्यालय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा वैन लैब लगाकर दही, पनीर, शाहिद मावे वालों का मावा, देसी घी, हल्दी, सरसों का तेल, धनिया पाउडर आदि की जांच की गई जो सही पाए गए। वहीं घरों से ले गए दूध व अन्य मसालों में रंग की मात्रा अधिक पाई गई। इस दौरान विभाग के अधिकारी ओपी सिंह, राजीव कुमार लैब टेक्नीशियन, अनिल अग्रवाल, जुल्फिकार अली, दीपक कुमार, मोहित सिंघल, सिवान सिंघल, मौलाना अब्दुल रहमान, सलीम अहमद, विनीत पुष्पद, सुरेश पुष्पद, शाहिद अली, अरविंद कुमार, जफर अली, नावेद अली, मोहम्मद फुरकान, गुलाब सिंह वर्मा, अशोक कुमार, मुकेश कुमार वर्मा, मोहम्मद हारुन मलिक, अशोक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



वैन लैब में खाद्य पदार्थों की जांच कराते दुकानदार व अन्य। ● अमृत विचार



शोभायात्रा का आरंभ करते अतिथि व मेला कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों ने मन मोहा

**बिलारी, अमृत विचार :** परंपरागत तौर पर नगर मेला कमेटी की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। जिसका आरंभ नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, सुरेंद्र कुमार चुग, आशीष शंकर पांडे आदि ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद किया। नगर पालिका के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने कलाकारों का फूल मालाओं से स्वागत किया। यात्रा में राधा कृष्ण, कृष्ण दरबार, लड्डू गोपाल, भगवान कल्कि अवतार आदि की झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के संचालन में दुष्यंत चौहान, अखिलेश श्रीवास्तव, अमित मौर्य, पवन गुप्ता, छविराज चावला, विशाल क्वात्रा, रमाकांत गुप्ता, राकेश सिंघल, शशांक जैन, आशीष शंकर पांडे, शीलू गुप्ता, अंशुल अग्रवाल, शिवओम गुप्ता, प्रदीप सिंघल, विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, सोमपाल सैनी, विशाल गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

### करियर गाइडेंस में छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

**छजलैट, अमृत विचार :** गुरुवार को राजकीय हाई स्कूल कुचावली में पंख पोर्टल करियर गाइडेंस कार्यक्रम में विशेषज्ञों के साथ सत्र गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंख पोर्टल प्रभारी शिक्षिका गीतांजली दक्ष ने बताया कि यूपी पंख पोर्टल एक करियर गाइडेंस पोर्टल है। इसके माध्यम से कक्षा 9 से कक्षा 12 के छात्रों को करियर संबंधी गाइडेंस और भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए समस्त आवश्यक जानकारी एवं सामग्री उपलब्ध है। विशेषज्ञ के साथ एक सत्र कार्यक्रम का आयोजन करने का उद्देश्य यही है कि बच्चे अपने मनपसंद करियर का चुनाव कर सके। इस करियर गाइडेंस गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय में पुलिस विभाग से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। जिसमें पुलिस विभाग से संबंधित पदों पर भर्ती व तैयारी आदि की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक रेखा श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि निशब ने बच्चों को करियर संबंधी जानकारी दी।

### कांग्रेसियों ने बढ़ते अपराध पर जताई चिंता, ज्ञापन सौंपा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने व्यापारियों से लेकर महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाओं व सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर चिंता जताई। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। तहसील मुख्यालय पहुंचे कांग्रेसियों ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद से आभूषण विक्रेताओं के साथ लूट की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे व्यापारियों में दहशत है। साथ ही महिलाओं के साथ दुराचार की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इस दौरान संजीव सिंघल, सादिक सिद्दीकी, अबरार सैफी, याकूब कुरैशी, मौलाना अब्दुर्रहमान आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### दो सितंबर को मुरादाबाद में लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि दो सितंबर को आर्य भट्ट इंटरनेशल स्कूल गांव भैंसिया, जीरो प्वाइंट रामपुर रोड मुरादाबाद में मंडल स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। मेले में 100 कंपनियां आएंगी। बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को रिज्यूम, आधार कार्ड, फोटोग्राफ, आईटीआई अंक पत्र व प्रमाण-पत्र, बैंक पास सहित प्रमाण-पत्रों की एक-एक छायाप्रति लेकर सुबह 10 बजे तक उपस्थित होना जरूरी है।

### प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए दो सितंबर तक मौका

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ने बताया कि स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट कॉलेज की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। जिसके प्रवेश 27, 28 एवं 29 अगस्त को किए गए हैं। 30 और 31 में पुलिस भर्ती परीक्षा व एक सितंबर को रविवार होने से महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया बाधित रहेगी। स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के लिए प्रथम मेरिट में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि दो सितंबर है। सभी प्रवेशार्थी स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए निर्धारित समयसीमा के अनुसार अपना प्रवेश लें।

### नारायणपुर में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**रामपुर, अमृत विचार :** साईं सीनियर सेकेंड्री स्कूल नारायणपुर लदौरा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता गुरुवार से शुरू हो गई। प्रतियोगिता का आरंभ साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना ने फीता काटकर किया। इससे पहले मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। संचालन उप प्रधानाचार्य पंकज कुमार ने किया। इस दौरान तनु, सुधेश, राहुल, आकाश, अजीम, सुल्तान बेग, शिखा, आरती, रश्मि आदि मौजूद रहे।

### 357 स्कूलों में 34,713 बच्चों का हुआ टीकाकरण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के 357 स्कूलों में गुरुवार को 34,713 बच्चों का टीकाकरण किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने बताया कि जेई टीकाकरण अभियान के लिए एक से 15 वर्ष की आयु वाले 7,84,335 बच्चों को चिह्नित किया गया। जिले में अब तक 1,42, 383 बच्चों को टीके लग चुके हैं।

# छेड़खानी से परेशान किशोरी की हालत बिगड़ी, भर्ती कराया

संवाददाता, बिलासपुर

- विद्यालय में ही पढ़ने वाला युवक करता है परेशान, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट कराई गई

**अमृत विचार:** नगर में छेड़खानी से परेशान किशोरी की हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया है।

नगर में एक मोहल्ले के रहने वाले दंपति ने पुलिस को बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा है। आरोप है विद्यालय में पढ़ने वाला एक युवक आए दिन उसके साथ छेड़खानी करता रहता है। कई बार उनकी पुत्री को रास्ते में रोककर अभद्र व्यवहार किया। इसकी वजह से वह मानसिक तनाव में रहने लगी। कुछ दिन पहले उसने इस बारे में परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना देकर युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। बताया कि दो दिन पहले उनकी पुत्री विद्यालय से घर लौट रही थी। युवक ने उसे रास्ते में फिर रोक लिया और उसे प्रताड़ित किया। बदहवास हालत में घर पहुंची किशोरी बेहोश हो गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। बताया कि छेड़खानी से तंग किशोरी अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज हो रहा है। इसके अलावा वह स्कूल न जाने की जिद कर रही है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि छेड़खानी करने वाले आरोपी रेहान अली के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## उमराह करने गए बुजुर्ग की सऊदी अरब में मौत

**सैदनगर, अमृत विचार:** सऊदी अरब में उमराह करने गए बुजुर्ग की मौत हो गई।



वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ आठ दिन पहले घर से गए थे। उनकी मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के हरैटा गांव निवासी महबूब अली (60) अपनी पत्नी और बेटे फिरोज के साथ उमराह करने के लिए सऊदी अरब गए थे। गुरुवीर सुबह पत्नी और बेटे के साथ बुजुर्ग काबा का तवाफ करने के लिए पहुंचे। कुछ देर बाद बुजुर्ग की हालत बिगड़ी तो बेटा और पत्नी घबरा गए। पास के ही अस्पताल में उन्हें ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। देर शाम सऊदी अरब के कब्रिस्तान में ही बुजुर्ग को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## आजमीनों के लिए शहर के तीन मदरसों में खोले गए हैं ई-सुविधा केंद्र

# हज यात्रा के लिए 60 लोगों ने किए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**65 वर्ष से अधिक आयु वाले अकेले नहीं कर सकेंगे**

उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव, कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी के दिशा निर्देशानुसार 65 प्लस वाले लोग अकेले हज नहीं कर सकेंगे। उनके साथ एक सहयोगी जाएगा। सहयोगी के रुप में पति, पत्नी, लड़का, लड़की या फिर भाई-बहन रहेंगे। इनकी भी उम्र 18 से 60 वर्ष तक मान्य होगी।

- मदरसा जामे उलूम फुरकानिया गुलशन ए बगदाद और अंजुमन इस्लाहे कौम में बने सुविधा केंद्र

**अमृत विचार:** हज यात्रा पर सऊदी अरब के शहर मक्का-मदीना जाने के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। वर्ष 2025 में हज यात्रा पर जाने के लिए जिले से अब तक 60 लोगों ने आवेदन किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि नौ सितम्बर है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 लोगों ने ई-सुविधा केंद्र में अपने आवेदन कराए हैं। आवेदन करने के लिए शहर के मदरसा जामे उलूम फुरकानिया, गुलशन ए बगदाद और दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में ई- सुविधा केंद्र खोले हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि हज यात्रा पर जाने वाले व्यक्ति को आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र को ऑनलाइन वेबसाइट पर उपलोड करना होगा। अगर आवेदनकर्ता का आवासीय पता और पासपोर्ट का पता एक ही है तो पासपोर्ट ही आवासीय प्रमाण पत्र के रूप में मान्य है। आवेदनकर्ता को अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करना पड़ेगा। लेकिन आवासीय पता अलग है और पासपोर्ट में दर्ज पता अलग है या अन्य किसी राज्य का है तो इस स्थिति में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर पहचान पत्र या तीन माह का बिजली का बिल, पानी का बिल, गैस कनेक्शन प्रमाण पत्र आवेदन फार्म के साथ संलग्न कर वेबसाइट पर अपलोड करें।

एस वर्ष हज यात्रा के लिए आवेदन करने वाले के पास भारतीय अंतराष्ट्रीय पासपोर्ट होना अनिवार्य है। इसकी वैद्यता आठ जनवरी 2026 से कम नहीं होनी चाहिए। इससे कम मान्य नहीं मानी जाएगी। लोगों ने भी तैयारी तेज कर ली है।

## शत्रु संपत्ति मामले में छह सितंबर को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार:** सपा नेता आजम खां के खिलाफ दर्ज शत्रु संपत्ति कब्जा कर जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने के मामले में गुरुवार को कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में छह सितंबर को सुनवाई होगी।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला शामिल है। अजीमनगर थाने में यह मामाला दर्ज कराया था। इसमें जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था। पुलिस ने जांच पूरी कर कोर्ट में आजम खां, उनके बड़े बेटे अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, चमरौआ से विधायक नसीर अहमद खां समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अब इस मामले में छह सितंबर को सुनवाई होगी।

# आंधी-बारिश से दो कच्चे मकान गिरे

## बिजली की लाइनों पर गिरे पेड़, 12 जगह तार टूटे, आपूर्ति हुई बाधित

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव अनवा व शाहदरा में आंधी के साथ तेज बारिश से कच्चे मकान भरभरा कर ढह गए। मकान गिरने से उसमें रखा सामान नष्ट हो गया। हालांकि लोग बाल-बाल बच गए। आंधी बारिश से 12 जगह लाइनें टूट गईं। इससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।

बुधवार रात शाहदरा गांव निवासी शकील शाह का कच्चा घर तेज बारिश के बीच भरभराकर गिर गया। उसमें परिवार के लोग मौजूद थे, लेकिन दीवार गिरते ही लोग बाहर निकल गए। जैसे ही परिवार घर से बाहर निकले तो छत गिर गई। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की मांग की है। अनवा गांव निवासी गोपाल का मकान भी भरभराकर गिर गया। इसके मलबे में दबकर गेहूं व धान नष्ट हो गए। हिम्मतपुर निवासी जमील के मकान की दीवार गिर गई। आंधी के साथ हुई झमाझम



अनवा गांव में गिरा मकान दिखाते दंपति। ● अमृत विचार

बारिश बिजली व्यवस्था पर आफत बनकर बरसी। बिजली लाइनों पर पेड़ गिर गए। इससे 12 जगह छोटी-बड़ी लाइनें ब्रेक हो गईं, खंभे भी उखड़ गए। रातभर बिजली गुल रही और ठीक करने में बिजलीकर्मियों का पसीना छूट गया।

बार-बार फाल्ट होने से गुरुवार को दिन में भी राहत नहीं मिली। रामपुर, चंदौसी, आसफपुर, टांडा, बिलारी मार्ग पर पेड़ गिरे हैं। एसडीओ बिजली महेंद्र सिंह ने बताया कि टांडा रोड पर रम्पुरा फीडर की लाइन पर पेड़ गिरने से दो-तीन जगह लाइन टूट गई। आठ खंभे भी उखड़ गए। रामपुर रोड पर तीन जगह, बिलारी रोड पर दो जगह, चंदौसी रोड पर दो जगह, आसफपुर रोड पर एक जगह और सैफनी क्षेत्र में बड़ी लाइन ब्रेक हो गई। रातभर बिजली गुल हो गई। बाहर गए हुए लोग लौटते वक्त पेड़ गिरे होने से रास्तों में फंस गए। कई स्थानों पर लोगों ने खुद सड़क से पेड़ हटाए और घर तक पहुंच पाए।

**बारिश से मौसम सुहाना, गर्मी से राहत**

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में बुधवार रात झमाझम बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। रात भर रुक-रुककर हुई बारिश से शहर के अधिकतर क्षेत्रों में जलभराव हो गया। इससे लोगों को आने जाने में दिक्कतें हुईं। कई दिनों से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे। बुधवार रात मौसम बदल गया। ठंडी हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश रात भर होती रही। सुबह होने पर शहर के अधिकतर मोहल्लों की सड़कों पर पानी भरा हुआ नजर आया। शाहबाद गेट, हाथीखाना, बिलासपुर गेट, पहाड़ी गेट, चाह खजान खां, बरेली गेट, मालगोदाम क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुवार देर शाम फिर मौसम बदल गया और ठंडी हवा चली।

## मॉडल प्राइमरी स्कूल में हुईं खेल प्रतियोगिताएं

**बिलासपुर, अमृत विचार:** गांव गोकुलनगरी स्थित मॉडल प्राइमरी स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। खो-खो, लंबी कूद, दौड़, फ्रॉग रेस में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई। रेस प्रतियोगिता बालक वर्ग में शुभम प्रथम, सूरज द्वितीय एवं नक्श तृतीय स्थान रहे। बालिका वर्ग में अनुष्का प्रथम, अर्पिता द्वितीय एवं रुचिका तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा चार बालक वर्ग में यश प्रथम, राजदीप द्वितीय एवं गौरव तृतीय स्थान पाया। बालिका वर्ग में पीहू प्रथम, निधि द्वितीय एवं सिया तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांच में रानित प्रथम, सौरभ द्वितीय एवं सुब्रत ने तृतीय स्थान हासिल किया। खो-खो प्रतियोगिता में रेशमा की टीम विजेता एवं किशोर की टीम उप विजेता रही।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक विवेक यादव ने छात्र-छात्राओं को मेजर ध्यानचंद के खेल के योगदान के बारे में सभी को बताया। इस मौके पर ग्राम प्रधान दिवाकर सिकदर, अमित कुमार, विप्लव कुमार, जागृति नामदेव, सविता, आलिया बी आदि मौजूद रहीं। संचालन सुधीश शर्मा ने किया।

## सार संक्षेप

### शिशु की मौत के मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** विवाद के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर गर्भवती के साथ मारपीट की। इससे उसके गर्भ में पल रहे सात माह के शिशु की मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने अस्पताल में लाकर उसका गर्भपात करा दिया। इस मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ढकिया पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव परौता निवासी बब्लू की पत्नी रूबी का आरोप है कि 28 जुलाई को उसका पति बकरी चराने के लिए जंगल गया था। उसी दौरान पड़ोसी जरीफ खां, गुलाम मोहम्मद, हशमत खां, रहमत खां उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने रूबी के साथ गाली-गलौज कर मारा पीटा। जमीन पर गिराकर उसके पेट पर लात मार दी। शोर शराबा होने पर आरोपी भाग गए। पेट में दर्द होने पर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया तो बच्चा मृत बताया। इसके बाद कुछ लोगों ने जबरन उसका फैसला करा दिया और चारों आरोपियों ने शाहबाद के निजी अस्पताल में उसका गर्भपात करा दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो उसने एसपी से गुहार लगाई।

### नो एंट्री में घुसे खनन लदे 11 वाहनों का चालान

**मसवासी, अमृत विचार :** नो एंट्री जोन में घुसे खनन लदे 11 वाहनों का चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने 2.20 लाख रुपये का चालान किया है। नियमों की अवहेलना पर प्रत्येक वाहन पर 20-20 हजार का जुर्माना लगाया गया है। कार्रवाई से धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है। नो एंट्री जोन में वाहनों की आवाजाही की रोकथाम के लिए पुलिस अभियान चलाकर खनन लदे वाहनों का चालान काटने में जुटे हुए हैं। गुरुवार को चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा मानपुर तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुख्य मार्ग पर रेत भरे वाहन आते दिखाई दिए। इस पर चौकी इंचार्ज ने नियमों की अवहेलना पर प्रत्येक वाहन पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए चालान किया है। पुलिस की कार्रवाई से रेत भरे वाहन वापस भागते दिखाई दिए।

### सरस्वती कॉलेज का किया निरीक्षण

**शाहबाद, अमृत विचार :** विद्या भारती और भारतीय शिक्षा समिति के प्रांतीय पदाधिकारियों ने गुरुवार को शाहबाद के लश्करगंज रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण को गति देने और जल्द शिशु वाटिका शुरू करने के निर्देश दिए। विद्या भारतीय के प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता ने कहा कि यहां स्कूल संचालित होने से बच्चों को संस्कारवान शिक्षा मिलेगी। इस मौके पर भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक विशोक कुमार, जन शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक हेमराज सिंह, शाहबाद कार्य समिति के अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह राठौर, व्यवस्थापक वेद प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता, उमेश बाबू रस्तोगी, रामसेवक शर्मा आदि शामिल रहे।

### पार्क में सांसद निधि से लगी लाइट उखाड़ी

**मिलक, अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क में सांसद निधि से लगी लाइट लोग उखाड़ कर ले गए। इसकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाइट को पुन: पार्क में लगवा दिया है। मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के नरखेड़ा गांव का है। गुरुवार को ठेकेदार डीसीएम में लादकर एक सेमी हाईमास्ट एलईडी लाइट लेकर गांव पहुंचा और डॉ. आंबेडकर पार्क के पास रुक गया। ग्रामीणों को बताया कि गांव के आंबेडकर पार्क में सांसद निधि से एक सेमी हाईमास्ट एलईडी लाइट लगानी है। उसने ग्रामीणों से लाइट लगवाने में सहयोग की अपील की। ग्रामीणों के सहयोग से ठेकेदार पार्क में लाइट लगाकर चला गया। पुलिस को पार्क में लाइट लगने की सूचना दे दी। पार्क के पास जाटव समाज के लोगों को पुलिस ने धमकाते हुए कहा कि यदि पार्क में लाइट लगवाई तो जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस के गांव से निकलते ही कुछ लोग आंबेडकर पार्क में पहुंच गए और लाइट को उखाड़कर अपने घर ले गए। घटना के दौरान ग्रामीणों ने वीडियो बना लिया। सूचना के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी आरएस परिहार पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से लाइट को उठवाकर पुन: आंबेडकर पार्क पहुंचवाया। ग्रामीणों से यथा स्थान पर लाइट लगवाई और बिजली कर्मियों को बुलाकर लाइन जुड़वाई।

### गड्ढा खोदकर मृत गाय को दबाया

**सैफनी, अमृत विचार :** बैरुआ गांव में गुरुवार को मृत गाय की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भारतीय गो रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने गड्ढे में दबवा दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि वह सूचना पाकर यहां पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने एसडीएम सुनील कुमार और खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार एवं थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह को फोन कर सूचना देकर नगर पंचायत सैफनी के बाबूजी निर्भय से संपर्क कर जेसीबी मंगवाई। इसके बाद गड्ढे में गाय दवा दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान के पति रईस अहमद, सहरोज अली, विनोद कुमार, राजू सैनी, अमीर अहमद, रिजवान अली, नन्हें दूधिया, आरिफ अली आदि रहे।

### उपचुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिसमें रालोद के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी रामाशीष राय का रालोद के जिला अध्यक्ष शाहिद अली ने स्वागत किया। बैठक में प्रशांतकुमार, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, संभल जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास के अलावा रामपुर संगठन से नगर अध्यक्ष नवाब खां तथा जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बसपा शासनकाल को याद कर रहे लोग : प्रमोद

**रामपुर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी का चौथी बार मायावती के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पदाधिकारियों ने हर्ष जताया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने कहा कि बसपा सरकार में बेरोजगारों को रोजगार मिला था। लोग बसपा शासनकाल को याद कर रहे हैं। बाबा दीप सिंह नगर में गुरुवार को बसपा कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों में फूट डालो, राज करो की नीति पर काम कर रही है। जनता को संविधान के नाम पर गुमराह कर वोट लिया गया था। यूपी विधानसभा उपचुनाव में जनता वोट से जवाब देगी। इस मौके पर सतपाल सिंह, सरजू भास्कर, हबीब उर रहमान, राजेश प्रकाश सैनी, अखिलेश गुप्ता, बाबूराम सागर, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों में खेल दिवस पर कराई गईं प्रतियोगिताएं

**शाहबाद, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूल लश्करगंज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक फजल अफाक ने छात्रों को खेल दिवस के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। कबड्डी, कुश्ती और दौड़ आदि खेल कराए गए। इस मौके पर मुकेश गंगवार, प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका शबनम जहां, रजनी सागर आदि रहे।



भगवान श्री कृष्ण के छठी महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

## देवकी का विवाह वासुदेव से कराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** श्री कृष्णा छठी महोत्सव के पहले दिन का भगवान श्री बांके बिहारी का अतिथियों ने आरती कर तिलक किया। महोत्सव में भगवान शिव विवाह की लीला का मंचन किया गया।

भगवान श्री गणेश की उत्पत्ति, गणेश वंदना और वासुदेव देव की विवाह की लीला को वैष्णवी कला मंच के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। छठी महोत्सव की पालकी यात्रा के दौरान भक्तों ने नृत्य किया। यात्रा को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिवेश गुप्ता और अनुचित मोर्चा की जिला कोषाध्यक्ष कल्पना सक्सेना ने झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर सरदार सनी गिल, शेखर माली, सुरेंद्र सैनी, समीर सक्सेना, अभय कुमार, राज यादव, इमरान खान आदि रहे।

## शहीद के परिजनों का किया गया सम्मान

**रामपुर, अमृत विचार :** शहीद बलवीर सरन के परिवार को पैतृक आवास शहर के मोहल्ला खारी कुआं पर सीआरपीएफ में तैनात जमील अहमद ने सम्मानित किया। सीआरपीएफ कर्मी जमील अहमद ने बताया कि बलवीर सरन 28 अगस्त 1964 को शहीद हो गए थे। इसके बाद शहर कोतवाली में तैनात सोमपाल सिंह ने उनके चित्र पर फूल मालाएं अर्पित कीं। इस मौके पर अशोक सक्सेना, जयराज सक्सेना, कमलेश अग्रवाल, राजकुमार शोरी, दीपक गुप्ता, अरुण वर्मा और सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

**हाकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद को किया याद :** मिलकः नगर के गुरुनानक एकेडमी में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी प्रतियोगिता हुई। चेयरमैन विशेष शर्मा, प्रबंधक रिजवान खान व डायरेक्टर मीनू मिश्रा ने मेजर ध्यानचंद को याद किया।

# मेडल विजेताओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वदीप कनौजिया ने बच्चों को खेल से जोड़कर रखने पर जोर दिया। कहा कि बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा भी दी जा सकती है। यह मस्तिष्क में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगी।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों, टीमों के इंचार्ज शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया। जनपद से प्रथम स्थान पर गोल्ड मेडल जीतने वाले स्वार ब्लॉक से देव ने चक्का फेंक, बाधा दौड़ में चमरौआ ब्लॉक से अजय, रिले रेस में मिलक ब्लॉक की टीम सोयल हिमांशु को सम्मानित किया गया। कोमल और अजय, अशोक नगर बिलासपुर की फुटबाल टीम, जहांगीरपुर स्वार की खो खो टीम, क्रिकेट पीपलसाना



शिक्षकों को प्रमाणपत्र देते प्रभारी बीएसए स्वदीप कन्नौजिया। ● अमृत विचार

- प्रभारी बीएसए ने बच्चों को खेलों से जोड़ने पर दिया जोर

स्वार, पीटी टीम हरियाल के टीम इंचार्जों को प्रभारी बीएसए ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां ने छात्र-छात्राओं को खेल से जोड़कर अभ्यास कराने एवं विद्यालयों में खेल संस्कृति विकसित करने पर बल दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बच्चों का पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा रहा है। खेलों से जोड़कर बच्चों की प्रतिभाएं निखारी जा रही हैं। इस मौके पर टीम इंचार्ज गोविंद नारायण, नितिन राजपूत, निर्मल चन्द्र राय, इंद्र कुमार मिश्रा, जय प्रकाश, शैलेन्द्र राठौर, जिला समन्वयक राहुल सक्सेना, जानिसार अख्तर, सुनील श्रीवास्तव आदि रहे।

## खेल

**फिजीकल कॉलेज के स्टेडियम में खेला गया फुटबॉल चैंपियंस लीग का पहला मैच**

# टांडा यूनाइटेड क्लब की टीम ने रामपुर को 3-0 से हराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से स्वार रोड स्थित फिजीकल स्टेडियम के मैदान पर रामपुर और टांडा यूनाइटेड क्लब की टीमों के बीच मैच खेला गया। एक तरफा मुकाबले में टांडा यूनाइटेड क्लब की टीम ने रामपुर की टीम को 3-0 से करारी शिकस्त दे दी। मुख्य अतिथि डॉ.आमिर अली ने कहा कि खेलने से शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति मजबूत होता है। सभी को खेलों में प्रतिभाग करना चाहिए।

चैंपियंस लीग का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. आमिर अली ने फीता काटकर किया। इसके बाद रामपुर बनाम टांडा यूनाइटेड क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। मैच के पहले हाफ में टांडा के खिलाड़ी सागर ने शानदार गोल करके अपनी टीम को



फुटबॉल खेलते खिलाड़ी।





विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

बढ़त दिलाई। मैच के दूसरे हाफ में दोनों ही टीमों ने एक दूसरे पर अच्छा अटैक किया। मैच के 42वें मिनट में टांडा की टीम के राहत ने गोल कर अपनी टीम को को 2-0 की बढ़त दिला दी। रामपुर टीम ने इस बढ़त की बराबरी करने के लिए टांडा की टीम पर जोरदार हमले किए। लेकिन रामपुर की टीम के खिलाड़ियों को सफलता नहीं मिली। मैच के 59वें मिनट में टांडा टीम के अमन ने एक और गोल करके अपनी टीम को 3 -0 कर जीत दिलाई।

जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष शकीर मोईन कुरैशी, अमर आदिवासी, मोहम्मद अफजल जिला व्यायाम शिक्षक सलीम मियां मौजूद रहे। मैच के निणार्यक मोहम्मद इमरान और सेफवान और मुस्तफा रहे। अंत में जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अनीस अहमद ने सभी का आभार जताया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि ऑल इंडिया फुटबॉल क्लब और रामपुर सपोर्टिंग के बीच शुक्रवार शाम पांच बजे दूसरा मुकाबला खेला जाएगा।

# संभल-अमरोहा में होगी ताइक्वांडो और जूडो की मंडलीय प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में जनपदीय ताइक्वांडो और जूडो की प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें विजेता छात्र-छात्राएं संभल और अमरोहा में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में गुरुवार को जनपदीय ताइक्वांडो और जूडो की प्रतियोगिता हुई। इसमें कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। जनपदीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता हुई। अंडर-14 बालिका वर्ग, अंडर-17 बालिका वर्ग अंडर-19 बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं कराई गईं। कैटेगरी में जो खिलाड़ी प्रथम आए, वे 11 सितंबर को अमरोहा में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता



जूडो प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।

में हिस्सा लेंगे। जूडो प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग, अंडर-17 बालिका वर्ग, अंडर-19 बालिका वर्ग प्रतियोगिता हुई। इसके वर्ग में प्रथम खिलाड़ी संभल में 11 सितंबर को होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान व्यायाम अध्यापक मनोज कुमार, जिला क्रीड़ा सचिव सलीम यूसुफ जैदी, जिला व्यायाम शिक्षक सलीम मियां आदि रहे।

## एक नजर

### महिला को पीटकर किया घायल, दंपति पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** रुपयों के विवाद में दंपति ने ग्रामीण की पत्नी को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मिलक थाना क्षेत्र के गांव एंजनखेड़ा निवासी राजपाल ने पुलिस को बताया कि 17 अगस्त को वह किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। उसकी पत्नी सोमवती घर में अकेली थीं। पीड़ित ने अपने भाई महेश को 13 हजार रुपये उधार दे दिए थे। उधार के रुपयों को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद चल रहा है। इसे लेकर मेरी पत्नी और भाई महेश के बीच विवाद हो गया था। महेश और उसकी पत्नी नीलम ने सोमवती को पीटकर घायल कर दिया।

### एआरटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**रामपुर,अमृत विचार :** पीटीओ होरीलाल वर्मा द्वारा एआरएम रोडवेज एवं यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान के दौरान दो वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में बंद कराया गया। 12 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि जिले में अनधिकृत और नियम विरुद्ध तरीके से संचालित सवारी वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# मुठभेड़ में गो तस्कर घायल, दो गिरफ्तार

## लखीमपुर विष्णु में हुई घटना, मांस काटने के उपकरण, बाइक बरामद

संवाददाता, मिलक



जिला अस्पताल में घायल गोतस्कर से जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र।

**अमृत विचारः** क्षेत्र के लखीमपुर विष्णु गांव में बुधवार रात 12:50 बजे पुलिस की गो तस्कर नाजिम व राजिन से मुठभेड़ हो गई। इसमें गो तस्कर नाजिम घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपियों के पास गोकशी करने का सामान, बाइक व असलाह मिला है। पुलिस ने दोनों गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों मिलक के ही रहने वाले हैं।

क्षेत्र के लखीमपुर विष्णु गांव के जंगल में रविवार को गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले थे। इस पर हिंदू संगठनों के लोगों ने आक्रोश जताया था। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार रात पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान लखीमपुर विष्णु के जंगल में पुलिस को बाइक जाती दिखाई दी। पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा किया तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बाइक सवार आरोपी गिर गए। बाइक छोड़कर जंगल में भागने लगे। इस दौरान एक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। उसके साथी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस ने बताया कि राजिन उर्फ राजन, घायल गो तस्कर नाजिम मिलक में नसीराबाद कस्बा के रहने वाले हैं। पुलिस ने जंगल में घूमने की वजह पूछी तो बताया कि रविवार को उन्होंने एक गोवंशीय पशु का कटान किया था। उसका मांस बेचकर धन अर्जित किया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए मिलक के सरकारी अस्पताल भेज दिया। घटना स्थल से एक बाइक, मांस काटने के औजार, तमंचा, छुरी व अन्य सामान बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गुरुवार को पुलिस ने राजिन को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। जिला अस्पताल में नाजिम का उपचार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### पशु से दुराचार करने का आरोपी पकड़ा गया

**शाहाबाद, अमृत विचार :** पड़ोसी के पशु से दुराचार करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। नगर के मोहल्ला भीतरगांव निवासी व्यक्ति के अनुसार उसके घर बकरियां पल रही हैं। बुधवार दोपहर उसकी पत्नी घेर में गई तो वहां बकरी के बच्चे के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। आरोप है कि वहां जाकर देखा तो पड़ोसी शेर सिंह बकरी के साथ गलत काम कर रहा था। पत्नी के पहुंचने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## 15 दिन में सेस की धनराशि जमा कराएं सभी विभाग

**रामपुर, अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों ने सेस (उपकर) की धनराशि जमा नहीं की है, उन विभागों को पत्र जारी कराकर 15 दिन में सेस जमा कराए जाए। जिन कार्यदायी संस्थाओं में ठेकेदार कार्य करा रहे हैं। निर्माण में लगे श्रमिकों की आयु 18 वर्ष से 59 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उनका बोर्ड के तहत पंजीयन कराया जाएं। इससे वे योजनाओं से लाभांवित हो सकेंगे।

विकास भवन सभागार में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ जिला श्रम बंधु की बैठक की। इसमें उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभागों की ओर से निर्माण कार्यों के सापेक्ष वर्क ऑर्डर जारी किए जा रहे हैं, उनका शत-प्रतिशत अधिष्ठान पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन कराकर 15 दिन में सूचित करें। कहा कि उपकर से सम्बन्धित निर्माणदायी सस्थाओं की बैठक जल्द बुलाई जाएगी। इसमें उप कर से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा होगी। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी चन्द्र प्रकाश, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शहर में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शोभायात्रा में शामिल बालाजी की झांकी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर में गुरुवार को धूमधाम से श्रीकृष्ण शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री हरिहर मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई गांधी समाधि, शहर के मोहल्ला पुराना गंज में संपन्न हुई।

श्री हरिहर मंडल पुराना गंज की ओर से शाम पांच बजे श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई। इसका आरंभ पंडित संजय शर्मा ने पूजा अर्चना के साथ किया। इसके बाद यात्रा जिला सहकारी बैंक, बांसवाड़ा, दोमहला सताई का कुआं, किले का गेट, बर्तन बाजार, जामा मस्जिद, बड़ा सराफा बाजार मिस्टन गंज, राजद्वारा होती हुई गांधी समाधि पहुंची। यहां से राजद्वारा मिस्टन गंज, चंपा कुंवारि धर्मशाला जामा मस्जिद, बर्तन बाजार होते हुए देर रात श्री हरिहर मंदिर में संपन्न हुई। इस यात्रा में हिंडोला, राधा-श्रीकृष्ण, शेषनाग, कंस, श्रीगणेश, हनुमान, शंकर भगवान, बालाजी महाराज की झांकियां शामिल रहीं। इस मौक पर सुनील अग्रवाल, रामचरण देवल, शोभित अग्रवाल, अश्वनी आदि रहे।

### धूमधाम से निकला रामडोल जुलूस

**टांडा, अमृत विचार :** श्री रामलीला कमेटी की ओर से नगर में गुरुवार को रामडोल का जुलूस निकाला गया। इसमें शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जुलूस विश्वनाथ मढ़ी मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ रामलीला मैदान में जाकर संपन्न हुआ। केशव मुनि महाराज ने विधिवत फीता काटकर आरंभ किया। जुलूस में राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती, रामदरबार, लक्ष्मी देवी, सरस्वती देवी, काली माता और हनुमान व सुदामा-कृष्ण की झांकियां शामिल रहीं। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र सैनी, आशीष आदि रहे।

## विजिलेंस की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**बिलासपुर, अमृत विचारः** विद्युत निगम के अधिकारियों और विजिलेंस की टीम ने गुरुवार को नगर में चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने दो व्यक्तियों को विद्युत चोरी करते पकड़ा। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की।

उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार प्रसाद ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए नगर में चेकिंग अभियान चलाया गया। नगर क्षेत्र में विद्युत कर्मचारियों व विजिलेंस की टीम ने चेकिंग की। नगर के माटखेड़ा मार्ग, मुख्य चौराहा, सब्जी मंडी, मोहल्ला शीरी मियां, पुरानी तहसील रोड समेत अन्य मोहल्लों में चेकिंग की गई। एसडीओ ने बताया कि इस दौरान दो व्यक्ति बिजली चोरी करते मिले। इस दौरान एसडीओ विजिलेंस वीरेंद्र यादव, अवर अभियंता धनवीर नागर, इंस्पेक्टर छेदा लाल, हरीश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# सड़क न बनने पर किसानों ने अधिकारियों का किया घेराव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- दो माह में रोड की मरम्मत कराने का एनएचएआई के अधिकारियों ने दिया आश्वासन

**अमृत विचारः** बिलासपुर तहसील में किसानों ने अधिकारियों का घेराव किया। एनएचआईए के अधिकारियों ने दो माह में सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया तो किसान शांत हो गए।

भारतीय किसान यूनियन भानु से जुड़े किसान गुरुवार सुबह तहसील बिलासपुर पहुंचे। किसानों ने अधिकारियों से 12 बजे वार्ता का समय दिया। अधिकारियों ने कार्यालय में बैठकर बात करने की बात कही, लेकिन यह बात सुनकर प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी भड़क गए। कहा कि सभी किसानों के बीच बात होगी। अब कुर्सियों पर नहीं बाहर खड़े होकर बात होगी। इसके बाद अधिकारी बाहर आ गए। किसानों ने नारेबाजी कर अधिकारियों का घेराव किया। किसानों को सीओ और एसडीएम ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। उन्होने कहा कि टोल टैक्स प्लाजा के पास 200 मीटर पर हाईवे वनवे चल रहा है। अब तक कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अधिकारियों ने कहा कि दो महीने से पहले रामपुर से रुद्रपुर तक रोड सही करा दी जाएगी। इस दौरान संतोष कुमार, मुराद खान, शहजेब खान, श्याम मोहन पांडे, मोहम्मद सलीम वारसी, सलीम खान, हारुन खान, शादाब खान, आरिफ अली, सफदर अली, मोहम्मद आसिम राजा, मुबारक हसन, रईस अहमद, मोहम्मद कामिल पाशा, मक्खन सिंह चौहान, अजय सिंह आदि रहे।



चैनपुरा गांव में जांच के लिए नमूना लेते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

# मिलक में मलेरिया के दो नए मामले मिले, 42 लोगों की सेहत की जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिलक में मलेरिया के दो नए मामले मिले हैं। घरों में लार्वा भी मिला है। दोनों को नोटिस दिए गए। 42 लोगों की जांच कराई गई। सभी की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई। अब जिले में मलेरिया के सक्रिय मामलों की संख्या 22 हो गई है।

जिले भर में कूलर, पानी की टंकी, बस स्टैंड, मोटर गैराज आदि जगहों पर जांच की जा रही है। गुरुवार को मलेरिया निरीक्षक रिंकू वर्मा मिलक पहुंचे। इस दौरान लोगों को जागरूक किया। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों के घरों में रखे कूलर, गमले चेक किए। उन्हें गांव जगन्नाथपुरी, चैनपुरा में मलेरिया के दो नए मामले मिले। निरीक्षक ने गांव में शिविर लगवाकर 42 लोगों की जांच कराई तो सभी लोगों की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई। इस दौरान अनुज कुमार, ललित मोहन तिवारी आदि मौजूद रहे।

## प्रधान का पति मां-बेटी को लेकर फरार, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचारः** मिलक के गांव सिहारी की प्रधान का पति अपने रिश्तेदार की बेटी और उसकी पत्नी को लेकर फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव सिहारी निवासी राजेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका चचेरा भाई रामचंद्र प्रधान का पति है। पीड़ित की पत्नी रानी बीमार रहती है। वह मजदूरी के सिलसिले में घर से बाहर रहता है। उसकी गैर मौजूदगी में रामचंद्र उसके घर पर आया जाया करता था। दो माह पहले रामचंद्र उसकी नाबलिग बेटी और उसकी पत्नी को डरा धमकाकर अपने साथ ले गया। 17 जुलाई को पीड़ित की बेटी ने बताया कि रामचंद्र उन्हें हिमाचल प्रदेश ले गए हैं। इस बारे में आरोपी की पत्नी से कई बार शिकायत की। लेकिन उसने भी जानकारी नहीं दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते उलमा। ● अमृत विचार

# मोहम्मद साहब पर टिप्पणी से भड़के उलमा, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर महाराष्ट्र के नासिक में महाराज की टिप्पणी करने से क्षुब्ध मुस्लिम समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

गुरुवार को मुस्लिम समाज के लोग तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम अमन देवल को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि महाराष्ट्र निवासी महाराज द्वारा हजरत मोहम्मद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई है। इस टिप्पणी से मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी, कारी शब्बन खां, कारी इमरान रजा, सैयद फरीद रजा, मौलाना सादिक नईमी, मौलाना सिराज रजा, मौलाना फिराग अहमद, अरशद वारसी, रिजवान अली आदि मौजूद रहे।

## जिले में पशुगणना कराने की तैयारी, टीमें गठित

**रामपुर, अमृत विचारः** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एमके कौशिक ने बताया कि शासन से पशुगणना करने के लिए निर्देश मिले हैं। इसके के लिए तहसील एवं नगर स्तर पर टीमें गठित कर दी गई हैं। टीमें गांवों एवं नगरों के वार्डों में घर-घर जाकर पशुपालकों और पशुओं का विवरण एकत्र करेंगी।

केंद्र व राज्य सरकार पशुधन की स्थिति को देखते हुए पांच वर्ष के अंतराल पर पशुगणना कराती है। इससे पहले वर्ष 2019 में पशुगणना कराई गई थी। इसमें गोवंशीय 106122, भैंस 353580, बकरी 80830, भेड़ 6761 एवं सूअर 1698 पशु जिले में पाए गए थे। अगले माह में शुरू होने वाली पशुगणना को लेकर पशुधन विभाग के अधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को जिला नोडल अधिकारी और पशु चिकित्साधिकारियों व अपर सांख्यकीय अधिकारी को सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

बैठक | चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर प्राथमिकता से सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश

# हाईवे पर अनाधिकृत रूप से बने कटे बंद कराएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनाधिकृत रूप से बनाए गए कटों का निरीक्षण कर बंद कराएं। एनएचएआई मुरादाबाद से एनएच-9 स्थित ब्लैक स्पॉट पर प्राथमिकता से सुधारात्मक कार्य कराने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गतिविधियां आयोजित कराई जाएं। लोगों को होने वाली असुविधाओं को देखते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, एआरएम, एआरटीओ व यातायात प्रभारी से कहा कि निरीक्षण भवन, आंबेडकर पार्क, सिविल लाइन थाना आदि स्थानों पर खड़े होने वाले सवारी वाहनों पर कार्रवाई करें। एआरएम से कहा कि वह रोडवेज बसों को अड्डे से ही सवारियां लेने और उतारने के लिए सख्ती बरतें। सिविल लाइन थाने के आसपास रोडवेज बसों की वजह से यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। अधिशासी अभियंता एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकरियों से कहा कि जिन मार्गों पर वाहनों का आवागमन अधिक रहता है, उनका एक सप्ताह में निरीक्षण कर उन मार्गों को गड्ढा मुक्त कराएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में साइनेज बोर्ड, रिफ्लेक्टर, इंडिकेशन बोर्ड लगाने के लिए कहा। बैठक में कृष्ण वीर प्रान्तीय खंड, लोनिवि, राजेश कुमार श्रीवास्तव सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### टीकाकरण में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि विद्यालयों के प्रधानाध्यक्ष जेई टीकाकरण अभियान को प्राथमिकता दें। विद्यालय, मदरसा संचालकों एवं प्रधानाचार्यों से कहा कि शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत बच्चों का जेई टीकाकरण शत-प्रतिशत कराएं। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिले के सरकारी, गैर सरकारी एवं मदरसों में जेई टीकाकरण की उपलब्धि कम होने के कारण प्रधानाचार्य, प्रबंधक व संचालकों के साथ बैठक हुई। इसमें डीएम ने कहा कि जेई टीकाकरण से शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत कोई भी बच्चा नहीं छूटे। यदि किसी भी शिक्षण संस्था ने अभियान में शिथिलता बरती या सहयोग नहीं किया तो उसके विरुद्ध महामारी अधिनियम-1897 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारियों की लोकेशन बताने का ऑडियो वायरल, होगी जांच

संवाददाता, मसवासी

- व्हाट्सएप ग्रुप में एसडीएम, सीओ कोतवाल सहित चौकी इंचार्ज की लोकेशन की दी जाती है जानकारी

**अमृत विचार :** पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की लोकेशन की जानकारी देने का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। ऑडियो खनन के धंधेबाजों के व्हाट्सएप ग्रुप का बताया जा रहा है। वायरल ऑडियो के संबंध में चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने जांच कर कार्रवाई करने बात कही है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य मार्गों पर रेत से भरे भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। अधिकारी वाहनों का चालान व सीज करने की कार्रवाई में जुटे हुए हैं। इसके बावजूद नो एंट्री में रेत भरे वाहनों की आवाजाही नहीं रुक रही है।

खनन के धंधेबाज चेकपोस्ट पर पुलिस और राजस्व कर्मी की तैनाती के बाद भी ओवरलोड वाहन भगा ले जा रहे हैं। खनन के धंधेबाजों ने पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की लोकेशन की जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है। अधिकारियों के आसपास खनन के धंधेबाजों के फील्डर तैनात रहते हैं, जो व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एसडीएम, सीओ, कोतवाल सहित चौकी इंचार्ज की लोकेशन देते रहते हैं।

अधिकारियों के मार्ग से हटते ही रेत भरे वाहन नो एंट्री में भी निकलने शुरू हो जाते हैं। अधिकारियों की जानकारी देने का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। इस पर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### रोग से बचाव ही उसका उपचार : हरीश

**रामपुर, अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस से बचाव के लिए चिकित्सा विभाग की टीम ने टीके लगाए। प्रथम चरण में 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों का टीकाकरण कराया गया। इसमें अभिभावकों की सहभागिता रही। हिंदी प्रवक्ता मुनीश चन्द्र शर्मा ने जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस के बारे में छात्रों को बताया कि इससे बुखार और तंत्रिका संबंधी रोग हो सकता है। पीड़ित होने पर तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी और कमजोरी महसूस होती है। बच्चों में इस बीमारी के कारण दौरे भी पड़ने लगते हैं। प्रधानाचार्य हरीश कुमार डुडेजा ने बताया कि किसी रोग से बचाव ही उसका उपचार है।

### स्कूल में छात्र-छात्राओं का हुआ टीकाकरण

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल में गुरुवार को छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। नर्सरी और जूनियर के छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत टीकाकरण होना अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग की टीम 9 बजे ग्रीनवुड स्कूल पहुंची। टीम में शामिल डॉक्टर, एएनएम और आशाओं की देखरेख में छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। सुबह से ही माता-पिता अपने बच्चों को टीकाकरण कराने के लिए ग्रीनवुड स्कूल में उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रीनवुड विद्यालय के प्रबंधक शाहिद खान, प्रधानाचार्य नीरज तिवारी की निगरानी में टीकाकरण प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम छात्र सयैद अली और हुसैन के टीका लगाकर आरंभ किया गया।

### आयुष जन आरोग्य समिति का गठन, आरिफ बने अध्यक्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर में राष्ट्रीय आयुष मिशन की गाइड लाइन व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र चौहान के निर्देश पर आयुष जन आरोग्य समिति का गठन किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय क्षेत्र के वार्ड सभासद आरिफ सिकंदर उर्फ राजू को अध्यक्ष, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. शहजी को सचिव बनाया गया। स्टाफ नर्स आसिया को उपसचिव, योग प्रशिक्षक राजीव कुमार और योग प्रशिक्षिका अर्चना गुप्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकरता,आशा, वार्ड बॉय को सदस्य बनाया गया है।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### खेलों में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर क्षेत्र मुल्लाखेड़ा में स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में मेजर ध्यान चंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य छात्र-छात्राओं को वीडियो दिखाए गए। बताया कि इस दिन को खेल दिवस के रूप मनाया जाता है। बच्चों को स्पून एंड मार्बल रेस, डिस्क पासिंग गेम, ग्लास से बॉल पास करना, सिर पर टोकरी में कंकड़ एकत्र करो आदि खेल खिलाए गए। खेलों के संचालन में स्टाफ का सहयोग रहा। अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह, खलील अहमद, दिशान, नफीस अहमद, मुकेश, जाहिद, नसीम, प्रेम शंकर आदि उपस्थित रहे।




मेजर ध्यान चंद की जयंती के मौके पर मौजूद बच्चों के साथ शिक्षिकाएं।

### खेलों का जीवन में विशेष महत्व

**रामपुर, अमृत विचार :** शिव विहार स्थित सिटी मान्टेसरी स्कूल में गुरुवार को मेजर ध्यान चंद का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। स्पोर्टर्स-डे पर समारोह में विभिन्न प्रकार के खेल हुए। इनमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, खो-खो खेल खेले गए। प्रबंधक नरदेव सिंह ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। स्वस्थ शरीर की कल्पना खेल के बिना अधूरी है। खेल और स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों को इनके जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। इस दौरान नरदेव सिंह, अजय सिंह, शैलजा कुशवाहा, ज्ञाना सिंह, गुलअफ्शा बी, शशिबाला सैनी, आकांक्षा आदि उपस्थित रहे।

### कला प्रतियोगिता में शाकिरा रहीं प्रथम

**रामपुर, अमृत विचार :** सैदनगर ब्लॉक क्षेत्र के गांव लालपुर कलां स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से कला प्रतियोगिता का कराई गई। इसमें कक्षा चार व पांच के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के बाद डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर उदय प्रताप सिंह, मास्टर ट्रेनर सुनीता राजपूत, रजनी सैनी ने बच्चों को स्वच्छता एवं स्वच्छ पेयजल के बारे में जानकारी दी। छह बच्चों को स्वच्छता एवं स्वच्छ पेयजल अध्यक्ष एवं प्रभारी भी नियुक्त किया। प्रतियोगिता में शाकिरा प्रथम, सोफिया द्वितीय एवं मुनतेहा तृतीय रहीं। इस दौरान प्रधानाध्यापिका शबनम आरा, ग्राम प्रधान अनस हारून एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### 200 और 40 मीटर में कल्पना, फर्राटा में राधा ने बाजी मारी

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में गुरुवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। बालिका व बालक वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। 100, 200, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाईजंप, खो-खो, कबड्डी हुई। 200 व 400 मीटर बालिका वर्ग में कल्पना व 100 मीटर दौड़ में राधा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवन्या द्वितीय व अजरा तृतीय स्थान पर रहीं। 100 व 200 मीटर बालक वर्ग में अहद प्रथम, 400 मीटर बालक वर्ग में राज व आरिश प्रथम, उजैन द्वितीय रहे। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान हुमा, विक्रम कुमार, ज्योति व नेहा उपस्थित रहीं।

### दो दिन से लापता प्रधान के भाई का सुराग नहीं



लापता सलामत जान।

**मसवासी, अमृत विचार :** दो दिन से लापता प्रधान के भाई का सुराग नहीं लग सका है। इससे परिजन परेशान हैं। मामले में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए प्रधान ने पुलिस को तहरीर दी है। मामला चौकी क्षेत्र के गांव खौदकलां का है। दो दिन पहले ग्राम प्रधान हामिद हुसैन अंसारी का चचेरा भाई सलामत जान परिजनों को बिना कुछ बताए घर से चला गया। परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। सलामत मानसिक रूप से कमजोर बताया गया है। मामले में गुमशुदगी दर्ज कराने को प्रधान हामिद हुसैन अंसारी ने पुलिस को तहरीर दी है।

### दहेज के लिए महिला को घर से निकालने का आरोप

**मिलक, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाल दिया गया। इस मामले में महिला ने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। महिला ने बताया कि उसकी शादी डेढ़ वर्ष पहले जागनलाल पुत्र लेखराज निवासी गांव पशुपुरा थाना मिलक, हाल निवासी ग्राम नवदिया के साथ हुई थी। उसने एक पुत्र को जन्म दिया। शादी से ससुराल वाले खुश नहीं हैं। आए दिन दहेज के लिए ताने देकर उसके साथ मारपीट करते हैं। पति की पहली पत्नी का देहांत हो चुका है। उसकी ननद अपने पति को छोड़कर ससुराल में रहती। वह उसे प्रताड़ित करती है। पति व उसके परिवार वाले बुलेट व 50 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। विरोध करने पर 20 जुलाई को पति व उसके परिवार वालों ने उसके साथ मारपीट की। उसके पांच माह के बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। उसके रिश्तेदार ससुराल पहुंचे तो ससुरालियों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया।

### सफाई व्यवस्था के लिए ईओ को दिया ज्ञापन

**रामपुर,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय सचिव डॉ. मतीन खां ने बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आसरा, काशीराम कालोनी में सफाई न होने की शिकायत की। ज्ञापन देने वालों में डॉ. उवैस खान, मोहम्मद जुनैद, आरिफ, रोहित शर्मा, विनोद आदि मौजूद रहे।

आरोग्यमानृण्यमविप्रवास: सद्भिर्मनुष्यैस्सह संप्रयोग: ।
स्वप्रत्यया वृत्तिरभीतवास: षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

स्वस्थ रहना, उऋण रहना, परदेश में न रहना, सज्जनों के साथ मेल-जोल, स्वव्यवसाय द्वारा आजीविका चलाना तथा भययुक्त जीवनयापन-ये छह बातें सांसारिक सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# श्रम सुधार व रोजगार सृजन

भारत की आबादी में लगभग 90 प्रतिशत लोग श्रमिक वर्ग से हैं। श्रमिकों को सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी, और रोजगार के अवसरों को बनाए रखने के लिए श्रम सुधार जरूरी हैं। देश में वर्षों से श्रम क्षेत्र में सुधारों की मांग की जाती रही है, ये मांग न सिर्फ उद्योगों की ओर से बल्कि समय-समय पर श्रमिक संगठनों की ओर से भी की जाती रही है। देश की आर्थिक प्रगति के लिए उद्योगों का विकास होना आवश्यक है, विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र में, जो अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक श्रमिक गहन होता है। यदि श्रम कानूनों में बाजार और श्रमिकों के जरूरी हितों का ध्यान नहीं रखा जाता है तो ऐसे उद्योगों का सीमित विकास ही हो पाता है। वास्तव में जनसांख्यिकीय लाभांश पाने व भविष्य के विकास को गति देने के लिए श्रम सुधार आवश्यक हैं। देश में व्यवसाय को सुगम बनाने तथा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भी श्रम सुधारों को जरूरी माना जाता है। भारत में अवस्थित बहुत से उद्योगों में श्रमिकों का वेतन भारत के अन्य प्रतिस्पर्द्धी देशों जैसे-चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया से भी कम है, फिर भी इन देशों के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत इन देशों से सबक लेकर अपने श्रम कानूनों में सुधार कर सकता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय शुक्रवार को बेंगलुरु में श्रम सुधारों और रोजगार सृजन को गति देने पर चर्चा करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बेंगलुरु में क्षेत्रीय बैठक आयोजित कर रहा है। श्रम सुधारों और रोजगार सृजन को गति देने को सरकार प्रतिबद्ध है। 44 केंद्रीय कानूनों और 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समेकित करके चार श्रम संहिताओं में शामिल किया गया है। सरकार द्वारा विस्तृत एवं विखंडित श्रम कानूनों को एक साथ पिरोने के प्रयास से लगभग 50 करोड़ श्रमिकों/कर्मचारियों के लाभान्वित होने की संभावना है। गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन और श्रम कल्याण को बढ़ावा देने में उद्योग की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों का स्वागत किया जाना चाहिए। इसके बावजूद अभी और प्रयास करने की आवश्यकता है, क्योंकि 2041 तक भारत में उपलब्ध कामकाजी आबादी का स्तर चरम पर पहुंच जाएगा। इतनी बड़ी आबादी के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना आसान तो नहीं, लेकिन आसान बनाया जा सकता है। इसके लिए कुछ उपाय करने होंगे।

गौरतलब है कि फिलहाल कुल रोजगार प्रदान करने में एमएसएमई की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत की है। अन्य उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में यह आंकड़ा 77 प्रतिशत तक है। 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का दावा करने के बावजूद, भारत 8 प्रतिशत (सीएमआईई) की चिंताजनक बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। यह विरोधाभास लगातार भयावह होता जा रहा है। यानी मजबूत विकास के बावजूद नौकरियों की स्थिति चिंताजनक है। सरकार को युद्ध स्तर पर इससे निपटना चाहिए।

# आखिर कौन देगा महिलाओं को सुरक्षा



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

संविधान हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है। संविधान प्रदत्त 6 मूलाधिकार हैं बिना लिंग भेद के स्त्री-पुरुष हर किसी को शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति और नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित समान अधिकार देता है, लेकिन यथार्थ में इसका पालन नहीं होता।

लड़कियों के कपड़े, उनका आजाद स्वभाव हमेशा ही समाज की निगाहों में खटकता रहा है। आखिर क्यों? पाश्चात्य संस्कृति के अनुकरण की बात हम बाद में कर लेंगे, नैतिकता की दुहाई भी बाद में दे देंगे, लेकिन सबसे पहले सवाल यह होता है कि पुरुषों की तरह उन्हें क्यों नहीं आजादी है कि वह अपना मनपसंद पहन सकें, संवर सकें। स्त्री-पुरुषों को लेकर जो भी नियम हैं, सब पितृसत्तात्मक समाज के अपनी सुविधानुसार बनाए हुए नियम है। पितृसत्तात्मक समाज में शुरू से ही स्त्री को दबाने की कोशिश की जाती रही है, जिसमें परिवार की महिलाओं का भी योगदान रहा और बेटियां इस सांचे में ढलती गईं।

संविधान हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है। संविधान प्रदत्त 6 मूलाधिकार हैं बिना लिंग भेद के स्त्री-पुरुष हर किसी को शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति और नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित समान अधिकार देता है, लेकिन यथार्थ में इसका पालन नहीं होता। आज भी शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएं पिछड़ी हैं और पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा मांगने का मतलब मायके का छूट जाना है। रोज देश में न जाने कितने बलात्कार होते हैं, कितने कुकर्म होते हैं, जिनमें से अधिकांश का तो पता ही नहीं चलता। अधिकतर मामलों में लड़की को परिवार के द्वारा ही लोक-लाज का वास्ता देकर चुप कर दिया जाता है। हां, कहीं-कहीं माता-पिता जागरूक होकर अब रिपोर्ट दर्ज कराने लगे हैं। अपनों के द्वारा लड़कियों को जो दाग दिए जाते हैं, वे भी कभी बाहर नहीं आते।

आज किसी भी स्त्री के साथ बलात्कार या कुकर्म की घटना तब सामने आती है जब उसकी मौत हो जाती है और मृत शरीर लावारिस अवस्था में कहीं पड़ा रहता है। कुछ दिनों का हो हल्ला मचता है और फिर सब सामान्य हो जाता है। राजनीतिक गलियारों में हलचल जरूर होती है, लेकिन वहां भी जबरदस्त लॉबिंग होती है, अगर अपनी सरकार वाले प्रदेश में या गठबंधन सरकार द्वारा शासित प्रदेश में इस तरह की घटना होती हैं तो राजनीतिक दल द्वारा इसे पूरी तरह से दबाने की

कुछ सिरफिरे लोग तो महिलाओं को घर में बैठने की सलाह भी दे देते हैं। कई चैनल स्त्री रक्षा के उपाय भी दिखाते हैं। समझ में नहीं आता कि इन अतार्किक भरे कार्यक्रमों को कैसे स्वीकृति मिलती है? हर घर में, हर पार्टी में महिला मौजूद है, लेकिन किसी खास घटना पर ही आंदोलित होना समझ से परे है।

कोशिश की जाती है। राजनीतिक शोर केवल तब मचता है जब घटना किसी विरोधी पार्टी की सरकार वाले राज्य में हुई हो। एक-दूसरे पर दोष मढ़कर सब अपराध के राजनीतिकरण करने की कोशिश है। अपराध को खत्म करने और अपराधी को सजा देने की चिंता किसी को भी नहीं है। इस आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति का फायदा उठाकर अपराधी बच निकलता है। देश जिन्हें सर माथे पर बैठाता है, वे सारे राजनीतिज्ञ, कलाकार मुंह बंद करके बैठ जाते हैं। हां, आग में घी का काम करते हुए कुछ एक विवादित बयान जरूर दे देते हैं।

कुछ सिरफिरे लोग तो महिलाओं को घर में बैठने की सलाह भी दे देते हैं। कई चैनल स्त्री रक्षा के उपाय भी दिखाते हैं। समझ में नहीं आता कि इन अतार्किक भरे कार्यक्रमों को कैसे स्वीकृति मिलती है? हर घर में, हर पार्टी में महिला मौजूद है, लेकिन किसी खास घटना पर ही आंदोलित होना समझ से परे है। कठुआ और हाथरस की घटनाओं को विपक्ष ने खूब उछाला था, लेकिन आज वह भी चुप है। दुष्कर्म के मामलों में भारत आज दुनियाभर में रिकॉर्ड बना रहा है। हम मोमबत्ती जला लेते हैं, एक दिन के लिए भारत बंद भी कर लेते हैं, लेकिन भारत चलने से आगे बढ़ेगा, रुकने से नहीं। मगर हमारे कदम सही रास्ते पर तो हों। इसके लिए समाज की सबसे पहली और छोटी इकाई परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण समझी जाती है। कहा जाता है कि माता-पिता बच्चों को हमेशा अच्छे बनने की ही शिक्षा देते हैं। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को चोर उचक्के बनने की या बलात्कारी बनने की शिक्षा नहीं देगा। यह बात काफी हद तक सही है, लेकिन यह भी तो सही है कि कई बार बाप-बेटे या भाई-भाई भी साथ-साथ दुराचार की घटना में संलिप्त पाए गए हैं। एमपी के किसी गांव की न्यूज थी जहां चोर-उचक्के बनने की ट्रेनिंग दी जाती है और माता-पिता खुद अपने बच्चों को इन कक्षाओं में एडमिशन दिलाते हैं। ये छोटे-छोटे नाबालिक बच्चे कहीं भी होने वाले कार्यक्रम और शादियों में घुस जाते हैं और फिर मौका पाते ही नकदी और गहनों का बैग उठाकर भाग जाते हैं। बताया जा रहा था कि यहां के गांव के लोग इसी धंधे से करोड़पति हो गए हैं। पुलिस भी इन लोगों से कतराती है। इसे दुस्साहस की परिसीमा और इसे नैतिकता की असीम कमी ही कहा जाएगा।

धारा-99 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को आत्मरक्षा का अधिकार है। अकेले ड्यूटी पर आने-जाने वाली महिलाओं के लिए मिर्च स्प्रे, स्टन गन लिपस्टिक, गैर घातक हथियार और यहां तक कि असली हथियार रखने की भी बात की जाती है, लेकिन कई बार अपराधियों की संख्या अधिक होती है या महिला को आत्मरक्षा के तौर पर इन चीजों का इस्तेमाल करने का मौका ही नहीं मिलता है। राजनीतिक संरक्षण पैसा और लंबी अंतहीन अदालती कार्रवाई की वजह से अधिकतर अपराधी बच जाते हैं। बीते महीनों हुई मणिपुर की घटना, मुजफ्फरपुर, बदलापुर, अकोला, हाथरस, दिल्ली, उत्तराखंड या कोलकाता, सब जगह अनैतिक कृत्यों को लीपापोती कर ढक देने के प्रयास हुए हैं। कोलकाता की जो घटना सामने आई है उसमें कई राज छुपे होने के बावजूद भी आरोपी को बचाव के लिए लंबा समय दिया गया। राजनीतिक संरक्षण न मिले तो काफी हद तक अपराधों में लगाम लग सकती है।

अदालत अपराधी को अपने बचाव के पक्ष में बोलने का पूरा समय देती है। पहले गिरफ्तारी में देरी, जांच और बयान, फिर अदालती प्रक्रिया, इस तरह एक अंतहीन सिलसिला चल जाता है और तब तक बहुत सारे सबूत नष्ट किया जा चुके होते हैं और कानून की कमर टूट जाती है। सामान्य क्रिमिनल लॉ में भी कई पेंच हैं। निर्भया कांड के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट बने, लेकिन शर्मनाक दुस्साहसी घटनाओं का सिलसिला जारी रहा। हालांकि कानून तो 2014 से पहले भी बने थे, लेकिन बाद में नियमों को कुछ सख्त किया गया। भारतीय दंड संहिता 1860 से ही महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के विरुद्ध कई कानून बने हैं। घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 में ही बन गया था। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानून भी 2013 में बना।

इस तरह के मामलों में कठोर और त्वरित दंड व्यवस्था की जरूरत है और ऐसे संवेदनशील मुद्दों में पक्ष-विपक्ष न कर सभी राजनीतिक पार्टियों को एक मत होकर अपराधी को कड़ी सजा दिलाने के लिए वचनबद्ध होना होगा। कुछ राज्य और शहर महिलाओं के लिए सुरक्षित माने जाते हैं। हर जगह ऐसा क्यों नहीं हो सकता? कई लोग आवेश में आकर हथियार उठाने की बात करते हैं या आरोपी को भी उसी तरह प्रताड़ित करने की बात करते हैं, यकीनन तब ऐसी ही मनोदशा हो जाती है, लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली में आंख के बदले आंख वाला कानून नहीं है। न्याय व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त और कठोर करने की जरूरत है और परिवारों में भी नैतिक व्यवहार की।

यह एक ज्वलंत प्रश्न है कि कौन देगा महिलाओं को सुरक्षा? शासन-प्रशासन असमर्थ दिखाई देता है। कोई भी महिला जब थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जाती है तो कई बार वहां भी उसके साथ दुराचार के मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट दर्ज करने में हीला-हवाली तो साधारण सी बात है। महिला से अनर्गल सवाल पूछे जाते हैं और मामला अदालत तक पहुंच जाए तो फिर न्यायप्रणाली का अंतिम सिलसिला और जब कपिल सिब्बल जैसे वरिष्ठ वकील आर जी कर मेडिकल कॉलेज की पीड़िता के खिलाफ टीएमसी सरकार की पैरवी करने लगें तो समझ लीजिए कि इंसाफ कैसे होगा और इंसाफ की चाह कितनों को है।

## प्रसंगवश

# अमृत के ठौर ठिकाने

हर मृत्यलोक वासी मरणधर्मा है। एक अमृत तत्व अवश्य ऐसा होता है, जिसके पान से प्राणी अमर हो जाता है। इसकी उपलब्धता कहां है? यह कैसे मिले? पौराणिक सागर मंथन अमृत पाने के लिए किया गया था। देव और दानवों ने यह कार्य किया था। उससे कुछ अन्य चीजों के साथ अमृत भी निकला था।

इसके लिए लंबा युद्ध चला, किंतु अंततः यह देवताओं को मिला और स्वर्ग की संपदा बना। उन्होंने इसे पान किया और अमर हुए। देवों को 'अमर' भी कहते हैं। महान वैद्य धन्वंतरि के नेत्रों में अमृत का वास था और वे दृष्टिपात करके ही निरोग और स्वस्थ करने की क्षमता रखते थे। चंद्रमा भी अमृत की खान मान्य है। वह वनस्पतियों और औषधियों का स्वामी होकर शंकर जी के शीश पर विराजमान है। इसे सुधाकर कहते भी हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक लोककथा के अनुसार आम, जिसका तत्सम 'आम्र' है, स्वर्ग का वृक्ष था, जिसमें अमृत द्रव भरा होता था और नाम भी आमृत ही था। एक बार देवराज इंद्र के डांटने पर वह रुष्ट होकर पृथ्वी पर आ गया तो इंद्र के होश उड़ गए कि अब तो यह पृथ्वीवासियों को अमर कर देगा। बहुत मनाने पर भी जब आम वापस जाने को नहीं तैयार हुआ तो देवराज ने कहा कि 'हम तुमसे कुछ मांगना चाहते हैं'। इसके लिए आम राजी हो गया तो इंद्र ने कहा, 'तुम अपने नाम का आखिरी अक्षर मुझे दे दो'। आम वचन दे चुका था, अतः वह 'आमृत' से 'आम्र' ही रह गया और अब उसमें अमृत का 2/3 प्रभाव ही शेष रह गया।

पुराणों में श्रेष्ठ 'श्रीमद्भगवत' की कथा भी अमृत या उससे श्रेष्ठ कही गई है। कहा गया है, "निगमकल्पतरोर्गलितं फलं, शुक मुखादमृतद्रव संयुतम्। पिबत भागवतं रसमालयं, मुहरहो रसिकाः भुवि भावुकाः"।। कहते है जब शुकदेव जी परीक्षित को यह कथा सुना रहे थे तो ललचाये देवता अमृत से भरे घड़े लेकर आए और शुकदेव जी से कहा कि 'यह अमृत इन्हें पिला दो और कथा हमें सुना दो'। तब शुकदेव जी ने देवताओं को डांटकर भगा दिया और कहा, 'कहां तुम्हारा मामूली कांच तुल्य अमृत और कहां यह अमूल्य रसवंती मणि तुल्य भागवत कथा'। कवियों ने सुंदरियों के कई जगह अमृत की छोज की। कुछ ने नेत्रों में कुछ ने पूरे मुख मंडल में और करीब-करीब सबने उनके अधरों में इसे पाया।

# वास्तविकता का निर्माण करती है चेतना



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में प्रकाशित एक नए पेपर में ऐसा अभूतपूर्व दावा किया गया है।

बचपन की एक भोली-भाली बात याद आ रही है। मैं काफी छोटा था, न जाने क्या प्रसंग चल रहा था, बाऊजी बता रहे थे की "चांद पर हवा नहीं होती इसलिए वहां आदमी सांस नहीं ले सकता और मर जाता है। मैं सोचने लगा कि मैं चांद पर जाऊंगा तो अपने साथ हाथ वाला पंखा ले जाऊंगा, फिर मैं नहीं मरुंगा। ये बात जब बाऊजी को बताई तो वे हंसने लगे। उन्होंने बताया कि पंखा आसपास की हवा को समेटकर ही आपको देता है। ऐसे स्थान पर जहां हवा ही नहीं होगी तो पंखा कुछ नहीं कर सकेगा।

मुझे यह बात थोड़ी देर बाद समझ आ गई। फिर भी मैंने सोचना जारी रखा कि हवा को कैसे साथ ले जाया जाए? बाद में जब कुछ इधर-उधर से पढ़ा तो ज्ञान आया कि जिसे हवा या प्राणवायु कहते है वह ऑक्सीजन होती है। सिलेंडर में भरकर उसे कहीं भी ले जाया जा सकता है। कहने का अर्थ इतना ही है कि जब सवाल उठते हैं तो उनके उत्तर भी उन्हीं के साथ पैदा हो जाते हैं। उम्र के इस पड़ाव में अब तो ऐसे सवालों में मजा आने लग गया कि ये कैसे? और वो कैसे? ऐसा ही एक सवाल अब कचोटता है हम कौन हैं? जो हैं वह क्या सच में हैं? वास्तविकता क्या है?

रिएलिटी या वास्तविकता का सवाल फिलहाल तो समझ से बाहर है। पर ये यकीन है कि वास्तविकता जैसा भी कुछ होता है। वास्तविकता क्या है? हमें कोई भी वस्तु, दृश्य या अनुभव वास्तविक क्यों लगता है? क्या मानव चेतना ही इस वास्तविकता का निर्माण कर रही है? क्या भौतिक ब्रह्मांड हमसे स्वतंत्र है या यह हमारे दिमाग द्वारा बनाया गया है? एक वैज्ञानिक रॉबर्ट लैंजा ने इस बारे में एक सुझाव दिया है। उनके एक नए अध्ययन में दावा किया है कि भौतिक वास्तविकता का निर्धारण करने के लिए पर्यवेक्षकों का नेटवर्क जिम्मेदार है। लैंजा समेत कुछ वैज्ञानिकों का प्रस्ताव है कि पर्यवेक्षक समय और स्थान की संरचनाएं उत्पन्न करते हैं। उनका यह कथन ईश्वर समीकरण में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद कर सकता है, जो क्वांटम यांत्रिकी और सामान्य सापेक्षता को एकीकृत करने का प्रयास करता है। क्या ऐसी कोई भौतिक वास्तविकता है, जो हमसे स्वतंत्र है? क्या वस्तुनिष्ठ वास्तविकता बिल्कुल मौजूद है? या क्या समय और स्थान सहित हर चीज की संरचना, इसे देखने वालों की धारणाओं द्वारा बनाई गई है?

जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में प्रकाशित एक नए पेपर में ऐसा अभूतपूर्व दावा किया गया है। पेपर के लेखकों में स्टेम सेल और पुनर्योजी चिकित्सा विशेषज्ञ रॉबर्ट लैंजा शामिल हैं, जो बायोसेंट्रिज्म के सिद्धांत के लिए प्रसिद्ध हैं, वे तर्क देते हैं कि चेतना ब्रह्मांड के अस्तित्व के लिए प्रेरक शक्ति है। उनका मानना है कि जिस भौतिक दुनिया को हम देखते हैं वह हमसे अलग नहीं है, बल्कि हमारे दिमाग द्वारा बनाई गई है जैसा कि हम इसे देखते हैं। उनके बायोसेंट्रिक दृष्टिकोण के अनुसार, स्थान और समय हमारे सिर में "सूचना के चक्कर" का एक उपोत्पाद है, जो हमारे दिमाग द्वारा एक सुसंगत अनुभव में बुना जाता है। लैंजा और उनके सहयोगियों के अनुसार, पर्यवेक्षक सूक्ष्म और बड़े पैमाने पर स्थानिक पैमाने पर "अवलोकन योग्य मात्राओं के व्यवहार को नाटकीय रूप से प्रभावित कर सकते हैं। वास्तव में "हमारे सामान्य रोजमर्रा के विश्व दृष्टिकोण में गहरा बदलाव" आवश्यक है। लैंजा ने बिगथिंक नामक प्लेटफार्म के साथ एक साक्षात्कार में भी कहा है कि दुनिया कोई ऐसी चीज नहीं है, जो हमसे बाहर बनी है और बस अपने आप अस्तित्व में है। उन्होंने कहा, "पर्यवेक्षक अंततः भौतिक वास्तविकता की संरचना को ही परिभाषित करते हैं।

पर्यवेक्षक वास्तविकता कैसे बना सकते हैं? कैसे यह काम करता है? लैंजा का तर्क है कि पर्यवेक्षकों का एक नेटवर्क आवश्यक है और यह "वास्तविकता की संरचना में निहित है।" जैसा कि वे बताते हैं, पर्यवेक्षक आप, मैं और कोई भी- एक क्वांटम गुरुत्वाकर्षण ब्रह्मांड में रहते हैं और स्पेसटाइम के गुणों के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करके वास्तविकता के "विश्व स्तर पर सहमत संज्ञानात्मक मॉडल" के साथ आते हैं। क्योंकि, एक बार जब आप कुछ मापते हैं, पहले से ही जांच की गई भौतिक मात्रा के समान मूल्य को मापने की संभावना की लहर 'स्थानीयकृत' हो जाती है या बस "ढह" जाती है। इस तरह वास्तविकता हम सभी के लिए लगातार वास्तविक हो जाती है। एक बार जब आप किसी मात्रा को बार-बार मापते रहेंगे, तो पहले माप का परिणाम जानने के बाद, आप देखेंगे कि अगला परिणाम वही होगा। लैंजा कहते हैं, "प्रेक्षक पहला कारण है, महत्वपूर्ण शक्ति जो न केवल वर्तमान को ढहाती है, बल्कि स्थानिक अस्थायी घटनाओं के झरने को भी ढहाती है, जिसे हम अतीत कहते हैं। स्टीफन हॉकिंग सही थे जब उन्होंने कहा था, 'अतीत, भविष्य की तरह, अनिश्चित है और केवल संभावनाओं के एक स्पेक्ट्रम के रूप में मौजूद है।

## सोशल फोरम

# धरती का बोझ बढ़ा रही है सूचना

ब्रिटिश भौतिक शास्त्री मेल्विन वॉप्सन ने 2019 में इस बारे में एक शानदार काम शुरू किया और फिर इसे वहां तक ले गए, जिसकी कल्पना भी अभी मुश्किल लगती है।

वजनदार सूचना एक प्रतीकात्मक बात है, जिस कागज पर सूचना दर्ज की जाती है उसका वजन नापा जा सकता है। जिस स्याही से लिखी जाती है उसमें भी कुछ वजन जरूर होगा, लेकिन डिजिटल युग में इतने मामूली वजन के लिए भी कोई जगह नहीं बची है। माध्यम को छोड़ दें तो खुद सूचना का भला क्या वजन?

ब्रिटिश भौतिक शास्त्री मेल्विन वॉप्सन ने 2019 में इस बारे में एक शानदार काम शुरू किया और फिर इसे वहां तक ले गए, जिसकी कल्पना भी अभी मुश्किल लगती है। डिजिटल सूचना को लेकर हमारी धारणा सिर्फ कॉन्फिगरेशन बदलने की है- जैसे क ख ग का ग क ख हो जाना।



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

सिर्फ डैश-डॉट के सिलसिलों का पैटर्न बदलता जाता है, लेकिन 1961 में जर्मन-अमेरिकन भौतिकशास्त्री रॉल्फ लैंडॉर ने बताया कि जब आप सूचना की सबसे छोटी इकाई, एक बिट को नष्ट करते हैं तो इस क्रम में थोड़ी ऊष्मा उत्पन्न होती है। उनकी इस प्रस्थापना से आज भी कई वैज्ञानिक सहमत नहीं हैं, लेकिन इसे खारिज करना उनके बूते से बाहर है। मेल्विन वॉप्सन ने पदार्थ को ऊर्जा में बदलने वाले आइंस्टाइन के फॉर्म्यूले ई बराबर एमसी स्क्वेयर को पलटकर जानना चाहा कि एक बिट सूचना के नष्ट होने पर अगर अमुक मात्रा में ऊष्मा निकलती है तो इस बिट का वजन क्या होगा? पता चला, यह एक इलेक्ट्रॉन के वजन के करोड़वें हिस्से के बराबर होना चाहिए।

2020 में इस खेल को आगे बढ़ाते हुए वॉप्सन एक विचित्र नतीजे तक पहुंचे। उन्होंने हिसाब लगाया कि अभी धरती पर मौजूद कुल कंप्यूटर सूचनाएं 100 अरब-अरब बिट हैं और हम सालाना औसतन 61 प्रतिशत की ग्रोथ रेट से इन्हें बढ़ाते जा रहे हैं। आगे यह दर घटकर 50 फीसद रह जाए तो भी सन 2245 तक सिर्फ सूचनाओं का वजन धरती का आधा हो जाएगा और इस नई आवक से हमारा ग्रह डेढ़ गुना भारी हो चुका होगा। **-फेसबुक वॉल से**

## जयंती

# 'और पाप' श्वेतांक ने पूछा...



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

लंबे समय तक चित्रलेखा उपन्यास को बेस्ट सेलर का दर्जा प्राप्त रहा। लखनऊ शहर का महानगर मोहल्ला जहां भगवती बाबू रहा करते थे उनके कृतित्व का गवाह है।

बहुआयामी साहित्यकार भगवती चरण वर्मा ने हिंदी की प्रत्येक विधा में लेखनी चलाई। कवि, समीक्षक, पत्रकार, नाटककार, फिल्म लेखक और उपन्यासकार सभी रूपों में उन्हें सराहा गया, लेकिन उनकी ख्याति उपन्यासकार के रूप में अधिक हुई। खासतौर पर उनके उपन्यास चित्रलेखा ने उन्हें अमर कर दिया। लंबे समय तक चित्रलेखा उपन्यास को बेस्ट सेलर का दर्जा प्राप्त रहा। लखनऊ शहर का महानगर मोहल्ला जहां भगवती बाबू रहा करते थे उनके कृतित्व का गवाह है। भारत सरकार ने 1971 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा। साहित्य अकादमी पुरस्कार भी उन्हें मिला। 30 अगस्त को भगवती बाबू की जयंती है। इस मौके पर उनकी पौत्री शिवानी (वर्मा) श्रीवास्तव से बातचीत हुई।

प्र. भगवती बाबू के साथ आप अपने रिश्ते के बारे में कुछ बताइए।

वो मेरे बाबा थे। उनके साथ मेरा रिश्ता बिल्कुल वैसा ही था जैसा सामान्यतः एक दादा-पोती का होता है। उनका प्यार, अनुशासन हमें हमेशा याद दिलाता रहता है कि पढ़ाई लिखाई में कोई समझौता नहीं। वह स्वयं समय के पाबंद थे तो उनकी अपेक्षा थी कि हम भी समय का मूल्य समझें।

प्र. उनकी लेखन प्रक्रिया के बारे में कुछ बताइए।

बाबा सुबह दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर 9-9:30 बजे तक घर के बरामदे में लिखने बैठ जाते थे। दोपहर भोजन और थोड़े आराम के बाद शाम 4:30 से 6 वो पुनः लिखते। वो हमेशा बरामदे में ही बैठकर लिखते थे। इस बीच मिलने जुलने वालों से भी वो वहीं मिलते।

प्र. भगवती बाबू समाज में एक विशिष्ट दर्जा रखते थे। इस बात का प्रभाव का घर में परिवारजनों के प्रति उनके स्वभाव में कहीं झलकता था?

एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होने के कारण वो थोड़ा व्यस्त ज़रूर रहते थे, लेकिन जब वो घर में हम लोगों के बीच होते तो सिर्फ और सिर्फ पति, पिता, ससुर और हमारे बाबा होते थे। वो ऊपर से थोड़ा सख्त अंदर से नरम थे। फिल्मी दुनिया और सेंसर बोर्ड से जुड़े रहने के कारण उनमें फिल्मों के प्रति अरुचि सी उत्पन्न हो गई थी। इसलिए जब हम लोगों को फिल्म देखनी होती तो उनकी अनुमति लेना बहुत कठिन काम होता था और यह काम अक्सर मुझे ही करना पड़ता था। मुझे याद है कि मुझे एक बार स्कूल की तरफ से आगरा जयपुर की ट्रिप में जाने का अवसर मिला, बाबा की अनुमति के बिना तो जाना असंभव था। मैं डरी हुई उनसे पूछने गई, लेकिन मेरी आशंकाओं के विपरीत उन्होंने न केवल एक बार में हां कर दी, बल्कि खर्च करने के लिए कुछ पैसे भी दिए।

प्र.- परिवार उनके लिए क्या मायने रखता था?

परिवार की जिम्मेदारियों के प्रति वह बेहद सजग रहते थे। परिवार के हर सदस्य की न केवल जरूरतों का, बल्कि शौक का भी बढ़-चढ़ कर ख्याल रखते थे। मुझे 1975 का एक वाकया याद आ रहा है। हम लोग छुट्टियों में अपने चाचा जी के घर दिल्ली गए थे, उनके यहां हमने पहली बार टीवी देखा, चित्रहार, फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन और रविवार को दिखाए जाने वाली फिल्म हम लोगों के लिए अजूबा ही था। सो हम लोग वहां कुछ अतिरिक्त दिनों के लिए रूक गए। बाबा ने जब फोन पर वापस न आने का कारण पूछा तो हम लोगों ने उन्हें बताया कि यहां पर टीवी है। हफ्ते भर बाद जब हम लोग लखनऊ पहुंचे तो दूर से ही घर के ऊपर लगा हुआ एंटेना दिखाई पड़ा। हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बाबा ऐसे सरप्राइज बहुत देते थे।

प्र. आप उनके द्वारा स्थापित किस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहेंगी?

निस्संदेह उनके द्वारा स्थापित सबसे बड़ी परंपरा है लेखन की। ये परंपरा ईश्वर की कृपा से पहले हमारे पापा धीरेंद्र वर्मा ने संभाली और अब इस परंपरा का निर्वाह मैं और मेरे भाई बहन सब ही कर रहे हैं। मैं चाहूंगी कि यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहे।

प्र. बाबा ने कुछ फिल्में भी लिखी। क्या हुआ कि जल्दी ही लखनऊ वापस आ गए।

शुरुआती दिनों में वे मुंबई में देविका रानी की कंपनी बॉम्बे टॉकीज से जुड़े रहे, इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों की पटकथा लिखी, जिनमें दिलीप कुमार की पहली फिल्म ज्वार भाटा भी शामिल है। दरअसल बाबा को अपनी लेखनी में परिवर्तन पसंद नहीं था, फिल्मी पटकथाओं में उनके मूल भाव को तोड़-मरोड़ दिया जाता था, यही वजह रही कि बाबा ने स्वतंत्रत लेखन को पसंद किया और वो लखनऊ लौट आए।

प्र. उनके शौक क्या थे?

सुबह उठकर बरामदे में हमारी दादी के साथ टी-पॉट वाली चाय पीना उन्हें बेहद पसंद था। अपने अनुशासित और व्यवस्थित जीवन में शाम को लगभग रोज दोस्तों के साथ हजरत गंज स्थित कॉफी हाउस में बैठा करते थे, जहां राजनीति और साहित्य पर लंबी चर्चाएं हुआ करती थी। रात में सोने से पहले ताश का पेशेंस (अकेले खेला जाने वाला खेल) गेम खेला करते थे और हां बाबा पान खाने के बहुत शौकीन थे। इसी वजह से हमारे घर में पानदान हमेशा रहता था।

प्र. नई पीढ़ी को भगवती बाबू के जीवन से क्या शिक्षा लेनी चाहिए?

सरलता, सहजता वक्त और लोगों की कद्र करना।

# लोक जीवन को देने के लिए

लोगों का कहना है कि संसार में नास्तिकों की संख्या भी बढ़ चुकी है। उनको बधाई! यदि वे लोग ऐसा मानते हैं कि नास्तिकता (अनीश्वरवाद) में ऐसी ऊर्जा है, जिससे क्रांति हो जाएगी और जिससे न्याय की स्थापना होगी तो वे अवश्य ऐसा कुछ करें। इससे तो सभी को प्रसन्नता ही होगी और हमें भी ऐसी नास्तिकता (अनीश्वरवाद) का सहर्ष अभिनंदन ही करना होगा, लेकिन यदि यह सब जबानी जमा खर्च है तो उनको राम-राम। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवियों की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं, पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख। वैज्ञानिक-समाजवाद कहें या जनवाद कह लें, नास्तिकता कह लें। यदि आपकी उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो-सहो, उसके दुख को अपना दुख मानो, उसके पक्ष में खड़े हो जाओ, उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोक जीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेडचाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था, परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। वैज्ञानिक वैज्ञानिक कहने से सनक वैज्ञानिक नहीं हो सकती।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की जान गई

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में दस दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल वृद्ध की गुरुवार की सुबह मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव गोहत निवासी करन सिंह (65 वर्ष) 19 अगस्त को संभल गवां मार्ग पार कर रहा था। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया था। घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से अलीगढ़ रेफर किया गया था। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन मंगलवार की शाम करन सिंह को लेकर घर आए थे। यहां उसकी मौत हो गई।

### करंट से पशु की मौत

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव इकौना निवासी अमर सिंह की पशु बांधने के लिए गांव के बाहरी छोर पर पशुशाला है। पशुशाला की दीवार के पास लगे पोल पर हाईटेंशन करंट उतर आया और बरसात से गीली जमीन पर करंट फैल गया। जिससे अमरसिंह की भैंस की मौत हो गई। बिजलीघर फोनकर करंट से भैंस की मौत की सूचना एसडीएम को दी। इस पर पशु चिकित्सालय रजपुरा से डॉ. राम किशोर व हल्का लेखपाल विजयपाल मौके पर पहुंचे।

# डीडीए के रिटायर्ड इंजीनियर की हत्या

## बेटे ने रिटायर्ड इंजीनियर की दूसरी पत्नी और अज्ञात पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- पुलिस ने दूसरी पत्नी और दो युवकों को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ
- एसपी ने भी लिया घटनास्थल का जायजा, फोरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार :** संभल जिले के गुन्नौर में घर में सो रहे डीडीए के रिटायर्ड इंजीनियर के सिर पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। शक की सुईं मृतक की दूसरी पत्नी पर है। मृतक के पुत्र ने सौतेली मां और एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मृतक की दूसरी पत्नी के साथ ही दो युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ में जुटी है।



शकील अहमद की फाइल फोटो।

नगर के मुहल्ला मासूम अली निवासी शकील अहमद (73 वर्ष) पुत्र अब्दुल कबी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में सिविल इंजीनियर थे। सेवानिवृत्त होने के बाद करीब छह-सात साल पहले कस्बा के मुहल्ला मासूम अली स्थित अपने पैतृक मकान में आकर रह रहे थे। उनकी पहली पत्नी निहत आरा पति से अलग होने के बाद बेटा खुर्रम के साथ नोएडा के जेपी विश टाउन में रहती है। बेटी दीवा भी शादीशुदा है।

बताया जाता है कि पहली पत्नी से अलगाव के बाद शकील अहमद ने दिल्ली में उनकी घरेलू नौकरानी रही युवती अमन उर्फ रजिया (28 वर्ष) से निकाह कर लिया और गुन्नौर के अपने पैतृक मकान में आकर रहने लगे। बुधवार को रात शकील अहमद की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई।

हालांकि, रजिया उर्फ अमन का कहना रहा कि बुधवार रात को वह कस्बे में मेला (नुमाइश) देखने गई थी और शकील अहमद घर पर अकेले थे। रात करीब 11.30 बजे जब वह घर वापस लौटी तो दरवाजा पूरी तरह बंद नहीं था और अंदर बरामदे में शकील अहमद का रक्तरंजित शव पड़ा था। रात में ही पुलिस को सूचना दी गई। रिटायर्ड इंजीनियर की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने मौके का मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए।

कार्यवाहक कोतवाल विनीत कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मृतक के पुत्र खुर्रम ने सौतेली मां अमन उर्फ रजिया और एक अज्ञात पर पिता की हत्या का शक जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रजिया और नगर के दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### दूसरी पत्नी के मोबाइल में छिपा हो सकता है हत्या का राज

**गुन्नौर, अमृत विचार :** डीडीए के रिटायर्ड इंजीनियर की धारदार हथियार से हत्या का राज बतौर पत्नी साथ रहने वाली युवती रजिया के मोबाइल में छिपा हो सकता है। बताया गया है कि हत्या का राज जानने में जुटी पुलिस ने पूछताछ के दौरान रजिया के मोबाइल को खंगालने की कोशिश की लेकिन रजिया अपने मोबाइल का पैटर्न लॉक नहीं बता रही है। बताया गया है कि रजिया और शकील की उम्र में दोगुने से भी ज्यादा अंतर है। उसने दिल्ली में शकील के घर घरेलू सहायिका के तौर पर नौकरी की और लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी। शकील का पहली पत्नी से अलगाव होने के बाद दोनों ने निकाह कर लिया।

## सांसद जियाउर्रहमान बने इलेक्ट्रिसिटी कमेटी के चेयरमैन

**संभल, अमृत विचार:** जिले में गठित डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रिसिटी कमेटी का चेयरमैन सांसद जियाउर्रहमान बर्क को नामित किया गया है। बदायूं के सांसद आदित्य यादव सह चेयरमैन रहेंगे। अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार कमेटी के संयोजक हैं। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अनामिका, राज्यमंत्री गुलाब देवी,संभल के सपा विधायक इकबाल महमूद, असमोली की सपा विधायक पिंकी यादव व गुन्नौर के सपा विधायक रामखिलाड़ी यादव कमेटी के सदस्य रहेंगे। कमेटी जिले में चल रही आरडीएसएस योजना की परियोजनाओं की निगरानी करेगी।

### शव की शिनाख्त नहीं हुई

**संभल, अमृत विचार :** संभल मुरादाबाद मार्ग पर स्थित तुर्की कोल्ड स्टोर के पीछे तालाब में बुधवार की रात अज्ञात शव मिला था, लेकिन 24 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। बुधवार की रात पुलिस ने शव को तालाब से निकालकर शिनाख्त कराने की कोशिश की थी, लेकिन मौके पर आसपास के लोगों ने शव को नहीं पहचाना। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

# 15 हजार की आय व बाइक वालों को भी मिलेगा पीएम आवास

संवाददाता,बहजोई

- पहले 10 हजार की आय व वाहन स्वामी होने पर नहीं मिलता था लाभ
- प्रधानमंत्री आवास प्लस 2024 योजना के तहत जिले में होगा सर्वे

**अमृत विचार:** अब 15 हजार की आय व बाइक रखने वाले ग्रामीण भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के हकदार होंगे। आवास प्लस 2024 योजना के तहत इसका सर्वे प्रारंभ किया जाएगा।

अब तक ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना में 10 हजार की आय वाले व्यक्ति को ही प्रधानमंत्री आवास दिया जाता था। जबकि इस पात्रता में कोई भी वाहन होने पर भी लाभार्थी को अपात्र घोषित किया जाता था। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर नए नियम लागू किए गए हैं। आवास प्लस 2024 योजना में 15000 से अधिक आय व ढाई एकड़ से अधिक जिस पर जमीन वाले अपात्र होंगे। तीन पहिया वाहन व चार पहिया वाहन मालिकों को अपात्र माना जाएगा। कच्ची दीवारों वाले मकान धारकों को प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्रता की श्रेणी में माना जाएगा। निराश्रित व भिक्षा मांगने वाले लोगों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।



योजना की जानकारी देते सीडीओ गोरखनाथ भट्ट। ● अमृत विचार

संविदा कर्मचारियों नहीं बल्कि सरकारी कर्मचारी ही सर्वे करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का कोई भी ऑनलाइन आवेदन नहीं किया जाएगा। यह विकासखंड पर भी आवेदन करने के बाद सर्वे में शामिल किया जाएगा। इस दौरान परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह सहित आदि मौजूद रहे।



युवक की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

## खुजली का इलाज कराने गए युवक की इंजेक्शन लगने के बाद मौत

संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार:** जुनावई थाना क्षेत्र में शरीर में खुजली का इलाज कराने गए युवक की झोलाछाप के इंजेक्शन से मौत हो गई।



विशेष कुमार की फाइल फोटो।

थाना क्षेत्र के गांव घोंसली वाहन निवासी राजपाल ने गुरुवार को बताया कि शरीर में खुजली की शिकायत होने पर 28 वर्षीय बेटा विशेष कुमार गांव में ही झोलाछाप के पास दवा लेने गया था। झोलाछाप ने जैसे ही इंजेक्शन लगाया, विशेष की तबियत बिगड़ने लगी। विशेष ने बाइक से घर पहुंचाने की बात कही तो झोलाछाप मना कर दिया। किसी तरह वह घर पहुंचा। कहा कि घर पहुंचते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली गिरने से एआरटीओ दफ्तर के उपकरण फुंके, काम ठप

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बारिश के दौरान बुधवार को देर रात पुरानी तहसील परिसर में संचालित एआरटीओ कार्यालय के टावर पर बिजली गिर गई। जिससे बीएसएनएल के टावर का फाउंडेशन क्षतिग्रस्त हुआ और लिंटर का प्लास्टर भी टूट गया। उपकरण खराब होने के साथ ही सरवर में भी दिक्कत आ गई। जिस कारण कार्यालय का कामकाज ठप हो गया और आवेदक भटकते रहे।

बुधवार को देर रात तेज बारिश के साथ ही एआरटीओ कार्यालय के बीएसएनएल टावर पर बिजली गिरी।

गुरुवार को सुबह जब कार्यालय खुला तो पता चला कि आधा दर्जन कम्प्यूटर, प्रिंटर खराब हो गए और सर्वर में भी खराबी आई है। एआरटीओ कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर भी प्रभावित हुई। बीएसएनएल के टावर का फाउंडेशन भी क्षतिग्रस्त हुआ। एआरटीओ प्रशासन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज ने भी मौके पर निरीक्षण किया।



बिजली गिरने के बाद टावर का फाउंडेशन देखते एआरटीओ प्रशासन डा. प्रवेश कुमार सरोज। ● अमृत विचार

- कार्यालय पर लगे बीएसएनएल के टावर गिरी बिजली, लिंटर का प्लास्टर भी टूटा
- कार्यालय के कई कम्प्यूटर, प्रिंटर हो गए खराब, सरवर में भी आई दिक्कत
- कामकाज नहीं होने की वजह से भटकते रहे आवेदक

सिस्टम, सर्वर के खराब होने के चलते कार्यालय में कामकाज प्रभावित हुआ। जिस कारण लाइसेंस और वाहनों से संबंधित कार्यों के लिए आए लोग भटकते रहे। एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि सिस्टम को सही कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मंदिर पर गिरी बिजली बुर्ज हुआ खंडित

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में बुधवार देर रात को आसमान से बिजली गिरी तो शिव मंदिर का बुर्ज खंडित हो गया। दो कबूतरों की मौत भी हुई। घटना की जानकारी होने पर तमाम श्रद्धालुओं की मौके पर भीड़ जुट गई। थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा और निबोला के बीच बने शिव मंदिर पर बरसात के दौरान बुधवार को देर रात बिजली गिरी। जिससे बुर्ज कई जगह से खंडित हो गया। इतना ही नहीं, दो कबूतरों की भी मौत हो गई। गुरुवार को सुबह मंदिर में पूजा करने के लिए जब पुजारी रामसेवक पहुंचे तो बिजली गिरने की जानकारी दी। पुजारी की सूचना पर तमाम श्रद्धालुओं की मंदिर पर भीड़ जुट गई। बताया गया कि शिव मंदिर की स्थापना 10 जून 2013 को कल्लू सिंह ने कराई थी। करीब ढाई साल पहले भी मंदिर पर बिजली गिरी थी।

## सार संक्षेप

### बिजली गिरने से जले उपकरण,बचे मजदूर

**संभल,अमृत विचार :** पंवासा निवासी श्याम राघव ने गुरुवार को बताया कि गैर आबाद मजरा जंगलपुरा के जंगल में रफीपुर निवासी मजदूर हरि सिंह, टिंकू, छोटे सिंह और निर्देश यादव खेत पर बनी कोठरी में सो रहे थे। रात के दो बजे बरसात में तेज धमाके के साथ दोनों नलकूपों पर बिजली गिर गई। मजदूरों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। ट्रांसफार्मर, स्टार्टर, झटका मशीन, मोटर, पंखा, बिजली का मीटर, वायरिंग और निर्देश यादव का चार्जिंग पर लगा मोबाइल व चार्जर जलकर बर्बाद हो गए।

### प्लाट में पड़ा मिला फास्ट फूड बेचने वाले का शव

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में फास्ट फूड बेचने के लिए ठेला लेकर घर से आये युवक का शव मुख्य मार्ग के किनारे खाली प्लाट पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। सरायतरीन के मुहल्ला भूड़ा निवासी हामिद का 28 वर्षीय बेटा उवैश उर्फ सलमान फास्ट फूड का ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। बुधवार की सुबह उवैस ठेला लगाने की बात कहकर घर से आया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। उवैस के फोन पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। रात 1 बजे के बाद फोन भी स्विच ऑफ हो गया। गुरुवार की सुबह साढ़े आठ बजे संभल बहजोई मार्ग पर हयातनगर स्थित बिजलीघर के पास खाली प्लाट में उवैश का शव पड़ा मिला। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के भेज दिया। परिजनों ने बताया कि उवैस सात भाई बहनों में तीसरे नंबर का था।



उवैश की फाइल फोटो।

### इनवर्टर के करंट से क्लीनिक संचालक की मौत

**संभल, अमृत विचार :** नहाने के लिए बाथरुम की लाइट का स्विच ऑन करते समय इनवर्टर के करंट से क्लीनिक संचालक की मौत हो गई। असमोली थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी राहुल (28 वर्ष) चार वर्ष से सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नूरियो सराय में स्थित मकान में रह रहा था। वह मुहल्ला में ही क्लीनिक चलाता था। गुरुवार की दोपहर दो बजे राहुल नहाने के लिए जैसे ही बाथरूम में पहुंचा। लाइट नहीं होने पर बाथरूम में अंधेरा था। नगे पैर पहुंचकर राहुल ने जैसे ही इन्वर्टर का स्विच ऑन किया। उसे करंट लग गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी अंकित ने बताया कि बहनोई राहुल 12 बजे राजस्थान के बागड़ स्थित जाहरवीर बाबा के दर्शन कर घर आए थे और दो घंटे आराम करने के बाद नहाने गए थे।



राहुल की फाइल फोटो।

# मिट्टी में दबा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे की पर जमीन पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिट्टी के नीचे दबा मिला। आधा घंटे की खुदाई के बाद शव को बाहर निकल गया। शव पर चोटों के निशान मिले। हत्या कर मिट्टी में शव दबाने की आशंका जताई जा रही है।

बहजोई के गांव राजपुर स्थित गंगा एक्सप्रेस वे की भूमि पर मिट्टी के नीचे से एक अज्ञात शव का हाथ नजर आ रहा था। ग्राम प्रधान के पति पंकज शर्मा ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाल योगेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मिट्टी की आधा घंटे तक खुदाई कराकर शव को बाहर निकाला। शव बुरी तरह से गल चुका था जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतक के शव के साथ एक शराब की बोतल व प्लास्टिक की रस्सी मिली। गर्दन पर चोटों के निशान थे। आशंका जताई गई कि किसी ने अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव को मिट्टी के नीचे दबा दिया होगा। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



बहजोई में शव मिलने के बाद पड़ताल करती फॉरेंसिक टीम व पुलिस। ● अमृत विचार

- शव पर चोटों के निशान मिले हत्या कर शव निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर दबाने की आशंका

"शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। मृत्यु होने के कारण का पता करने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

– दीपक कुमार तिवारी
सीओ, बहजोई

### फॉरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए सबूत

**बहजोई,अमृत विचार :** एसपी कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर फॉरेंसिक की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। जहां पर उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर सबूत जुटाने के लिए सैंपल लिए। वहीं मृतक के शव पर मिली चोटों के निशान भी देखें। मौके से मिली प्लास्टिक की रस्सी तथा शराब की बोतल को भी फॉरेंसिक टीम ने अपने कब्जे में लिया।

## गीदड़ ने महिला सहित तीन को किया जख्मी

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में गुरुवार को गीदड़ ने हमला कर खेतों में काम कर रही महिला सहित तीन लोगों को घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव महराना निवासी विजयपाल गुरुवार की सुबह 11 बजे धान फसल में घास काट रहा था। अचानक गीदड़ ने आकर घास काट रहे विजयपाल पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गीदड़ को भगाया, लेकिन तब तक गीदड़ के हमले से विजयपाल जख्मी हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन विजयपाल को लेकर जिला अस्पताल आ गए। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के गांव भदरौला निवासी यशपाल की पत्नी रुना व गांव के ही नन्हें अपने अपने खेतों में काम कर रहे थे। हमला कर गीदड़ ने रुना व नन्हे को घायल कर दिया। परिजनों ने गीदड़ से छुड़ाकर रुना व नन्हे को पहुंचाकर जिला अस्पताल में उपचार कराया।

# दुकान में खींचकर किया कक्षा दो के छात्र से कुकर्म

कार्यालय संवाददाता, संभल

## शर्मनाक

- दुकानदार ने छात्र को रुपये व धमकी देकर घर भेज दिया
- तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में मुहल्ला में ही किराना की दुकान पर बूरा लेने गए कक्षा दो के छात्र को दुकानदार ने अंदर खींचकर उसके साथ कुकर्म किया। परिजनों को बताने पर दुकानदार ने छात्र को रुपये व धमकी देकर घर भेज दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आठ वर्षीय कक्षा दो का छात्र तीन दिन पहले मुहल्ला में किराना की दुकान पर बूरा लेने गया था। आरोप है कि दुकानदार उपेंद्र उर्फ गोलू ने रुपयों का लालच देकर छात्र को दुकान के अंदर बुला लिया और दुकान बंद कर उसके साथ कुकर्म किया। कुकर्म करने के बाद उपेंद्र ने डेढ़ सौ रुपये देकर कहा कि यदि किसी से बताया तो जान से मार दिया जाएगा। छात्र ने सारी बात परिजनों को बताई तो बेटे के साथ कुकर्म होने की बात सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।

छात्र के पिता ने बताया कि शिकायत करने घर पहुंचे तो उपेंद्र गाली गलौज करने लगा और धमकी देते हुए छात्र के पिता को भगा दिया। मामले को पुलिस तक जाने से रोकने के लिए गांव के ही लोग छात्र के पिता पर फैसले का दबाव बनाने लगे। तहरीर मिलने पर पुलिस ने गुरुवार को उपेंद्र उर्फ गोलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।



पुरस्कार के साथ झाकियां बनाने वाले बच्चे। ● अमृत विचार

### सुंदर झांकियां बनाने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रामबाग रोड स्थित श्री अक्रूरजी पुरम में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झांकियों के माध्यम से प्राचीन हिंदू धर्म की सभ्यता का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि हिंदूवादी नेता कौशल किशोर ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान पर ग्रंथ वार्ष्णेय व गौरांगी वार्ष्णेय को कूलर, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर तेजस्व गोयल को पंखा, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर वैष्णवी, विशाखा को सीलिंग फैन उपहार में दिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि 20 वर्षों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गली मोहल्ले में बच्चों द्वारा सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया जाता है। जिसमें बच्चों की कलात्मक क्षमता देखने को मिलती है। इस अवसर पर सौरभ कुमार, अनिल अग्रवाल, दिनेश वार्ष्णेय, संजय अग्रवाल, शम्मी वार्ष्णेय, ब्रह्म स्वरूप शर्मा, नवीन अग्रवाल, रूपेश सक्सेना, सुरेश चंद्र शर्मा, कविता सक्सेना, करुणा वार्ष्णेय, पारुल अग्रवाल, डॉ. रचना वार्ष्णेय, रेनू अग्रवाल, प्रिया सूरी, सोनम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बारहसिंगा की मौत

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर वाहन की चपेट में आकर जंगल से भटक कर सड़क पर आए लुप्तप्राय दुर्लभ प्रजाति का बारहसिंगा गंभीर घायल हो गया। राहगीर ने होमगार्ड की मदद से घायल बारहासिंगा को पशु चिकित्सालय पहुंचाया लेकिन उसकी मौत हो गई।



घायल बारहसिंगा को उठाने का प्रयास करता होमगार्ड।

गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर नरौरा बैराज से करीब एक किलोमीटर पहले काली मंदिर के पास सड़क पार कर रहा बारहसिंगा तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगा। हाथरस निवासी बाइक सवार हिमांशु ने हादसे की सूचना नरौरा बैराज पुलिस चौकी पर दी। वहां से होमगार्ड महेश राना मौके पर पहुंचा। राहगीर हिमांशु और होमगार्ड महेश घायल बारहसिंगा को ई रिक्शा से पशु चिकित्सालय गुन्नौर ले गए। वहां काफी देर तक इलाज शुरू नहीं हो सका तो बारहसिंगा की मौत हो गई। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि वन विभाग वाले मृत बारहसिंगा को उठा कर ले गए। वन विभाग के रेंजर ब्रजमोहन ने कहा कि दुर्घटना की जानकारी पर कर्मचारियों को भेजा गया। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बारहसिंगा की मौत हुई है।

आयोजन

श्रद्धालुओं ने दर्शन कर ग्रहण किया प्रसाद, फूल बरसा कर किया स्वागत

# बैंडबाजे के साथ निकली श्रीकृष्ण की फूलडोल शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भगवान श्रीकृष्ण की फूलडोल शोभायात्रा बैंडबाजे के साथ निकाली गई। फूलडोल शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

मुहल्ला ठेर स्थित शिव मंदिर से आचार्य अश्वनी शास्त्री ने पूजन कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने श्रीकृष्ण की फूलडोल शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा निर्धारित मार्गो से होकर रामलीला मैदान होते हुए श्री कल्कि मंदिर के बाद देर रात मनोकामना तीर्थ पहुंची। तीर्थ प्रबंधक माधव मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती की। फूलडोल शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने फूल बरसा कर स्वागत किया। दर्शन करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा में शामिल बैंडबाजे, ढोल ताशे आकर्षण का केंद्र रहे। संयोजक कमल कांत तिवारी ने फूलडोल शोभायात्रा के शांतिपूर्वक संपन्न होने पर जनता, नगर पालिका परिषद, विद्युत विभाग और पुलिस प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान जगदेव गुप्ता, संजीव अग्रवाल, अजय शुक्ला, संजीव शर्मा, दीपक दुबे, प्रदीप शुक्ला, शंकर शर्मा, नरेंद्र स्वामी, अमित शुक्ला, सनी गुप्ता, गगन वार्ष्णेय, राजेंद्र आदि रहे।



फूलडोल शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार



गुमसानी गांव में फूलडोल शोभा यात्रा में तैनात पुलिस बल।

### 300 जवानों की सुरक्षा में निकाली शोभायात्रा

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी में भगवान श्रीकृष्ण की फूलडोल शोभायात्रा अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच निकाली गई। इस दौरान 300 से ज्यादा पुलिस जवानों की तैनाती रही। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण के भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गांव गुमसानी में कुछ साल पहले हुए साम्प्रदायिक विवाद की वजह से भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। सुरक्षा में सात निरीक्षक, 67 उपनिरिक्षक, 168 हेड कांस्टेबिल, 55 महिला कांस्टेबिल मुस्तैद रहे। बंटी ठाकुर व अन्य श्रीकृष्ण का फूलडोल लेकर हनुमान मणि से छोटा शिव मंदिर, ठाकुरों वाली बस्ती, पालों वालों बस्ती, जाटवों वाली बस्ती, काली मंदिर से होते हुए तेली वाली गली पहुंचे। यहां पांच श्रद्धालु फूलडोल शोभा यात्रा लेकर निकले। फूलडोल शोभायात्रा का जगह जगह फूलों से स्वागत किया गया। महिलाओं ने दर्शन पूजन किया।



डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल में वॉलीबॉल टीम। ● अमृत विचार

### वॉलीबॉल मैच में छात्रों ने शिक्षकों को हराया

**गुन्नौर, अमृत विचार :** यारा फर्टिलाइजर टाउनशिप में स्थित डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल बबराला में मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। स्कूल के खेल मैदान में कक्षा 12 के छात्रों और शिक्षकों के बीच वॉलीबॉल का मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया। जिसमें छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने छात्रों और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को नमन करते हैं। मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन को सही दिशा में ले जा सकते हैं।

## एक नजर

### मेला कोतवाली प्रभारी बने सतेंद्र पवार



चन्दौसी, अमृत विचार : गणेश चतुर्थी मेले का प्रभारी कोतवाल सत्येंद्र पवार को बनाया गया है। गुरुवार को मेला प्रभारी व यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने मेला कमेटी पदाधिकारियों के साथ मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। मेले में लगने वाले सीसीटीवी कैमरों के स्थानों को भी चिह्नित किया। मेला कमेटी के पदाधिकारियों से कहा कि मेले के रास्ते को चौड़ा किया जाए, ताकि मेला देखने आने वालों को परेशानी न हो। इस अवसर पर मनोज कुमार गुप्ता, ललित किशोर, रविंद्र कुमार, सतेंद्र मामा, मुकेश वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, प्रजीत लालू आदि मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में चाचा भतीजी सहित चार घायल

संभल, अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी सत्यपाल यादव गुरुवार को बाइक से अपनी भतीजी नीलम, अंजलि और विनीता पुत्री सतीश को दवा दिलाने संभल आ रहा था। सत्यपाल गांव के पास संभल बहजोई मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### धनारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

संभल,अमृत विचार : धनारी रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को दोपहर बरेली से अलीगढ़ जा रही पैसेंजर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पाठकपुर निवासी कुंवरपाल यादव (35 वर्ष) की गुरुवार को दोपहर धनारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को रेल ट्रैक से हटाया। कुंवरपाल की जेब से बहजोई से बबराला तक का टिकट भी मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना देने के करीब एक घंटे बाद जीआरपी पुलिस के पहुंचने की वजह से ट्रेन एक घंटे के बाद रवाना हुई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# भाकियू जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करेगी

## प्रदेश प्रमुख महासचिव बोले, छुट्टा पशुओं को संरक्षित नहीं किया जा रहा

संवाददाता,संभल

अमृत विचार:पंवासा विकास खंड के ततारपुर गांव में आयोजित भाकियू टिकैत की पंचायत को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रमुख महासचिव व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर अब जिला मुख्यालय पर बड़े आन्दोलन से किसान अपनी ताकत का एहसास करायेंगे।

उन्होंने कहा कि बिजली विभाग से किसान परेशान हैं। किसानों को शेडयूल के अनुरूप बिजली सप्लाई नहीं की जा रही है। छुट्टा पशुओं को संरक्षित नहीं किया जा रहा है। हाइवे को छुट्टा गोवंश अपना बसेरा बना चुके हैं। संगठन का विस्तार करते हुए पचास किसानों को भाकियू सदस्यता दिलाई । ततारपुर के वर्तमान प्रधान ओमवीर सिंह को युवा मंडल महासचिव मुरादाबाद के पद पर नियुक्त किया गया। पंचायत को मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मानपाल सिंह यादव, चंद्रपाल सिंह, जबरसिंह यादव, अंकित ठाकुर, शिवनरायन सिंह यादव, बनबारी सिंह,विपिन यादव आदि ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने व संचालन महेश यादव ने किया।



भाकियू की पंचायत को संबोधित करते विजेंद्र सिंह यादव। ● अमृत विचार

- संगठन का विस्तार करते हुए 50 किसानों को सदस्यता दिलाई

# प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होंगे सैनी शाक्य समाज के मेधावी

संवाददाता,संभल

अमृत विचार :जिला सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा सभा संभल की बैठक गांव मोतीनगर में जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सैनी के आवास पर हुई । बैठक में संरक्षक बीके सैनी ने कहा कि 22 सितंबर को चंदौसी के आशीष गार्डन में प्रतिभा सम्मान समारोह होगा।

कहा कि आज के समय में युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं जो चिंता का विषय है। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सैनी ने कहा कि समाज को संगठित करना होगा। जिला महामंत्री सत्यप्रकाश मौर्य ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह को भव्य बनाया जाएगा। संगठन के पदाधिकारी हाईस्कूल, इंटर में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को कार्यक्रम में लेकर पहुंचें। बैठक में श्रीराम सैनी, रामवीर सिंह सैनी, राजबहादुर सैनी, ईश्वर चंद सैनी, पूरन सिंह मौर्य, जयपाल सिंह सैनी, रामकिशन सैनी, चंद्रपाल सिंह सैनी, ऋषिपाल सिंह सैनी, संजीव कुमार सैनी आदि रहे। अध्यक्षता राजेंद्र सिंह सैनी एडवोकेट ने तथा संचालन रामवीर सिंह सैनी ने किया।



जिला सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा सभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

# व्यापारियों ने चन्दौसी में रोडवेज बस डिपो बनाने की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने चन्दौसी में रोडवेज बस डिपो की स्थापना किए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में पदाधिकारियों ने गुरुवार को राज्यमंत्री के आवास पर पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा है।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के सुभाष रोड स्थित आवास पर पहुंचे। वहां राज्यमंत्री के प्रतिनिधि रामपाल सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंप कर चन्दौसी में रोडवेज बस डिपो के निर्माण की मांग की।

ज्ञापन में कहा कि चन्दौसी जनपद का व्यापारिक केंद्र है और रेलवे जंक्शन भी है। यहां से व्यापार के सिलसिले में लोग आसपास के जिलों में जाते हैं और बाहर से भी लोग आते हैं।

व्यापारी और आम नागरिक के लिए आने जाने का कोई साधन न होने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। व्यापारियों की ओर से मांग की जाती है कि जनपद संभल का रोडवेज बस डिपो चन्दौसी में बनाया जाए।

यहां इसके लिए भूमि भी उपलब्ध है। ज्ञापन सौंपने वालों में शाह आलम मंसूरी, शुभम अग्रवाल, तुषार वार्ष्णेय, आकाश कुमार, मुजीब, शाहनवाज खान आदि पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



राज्यमंत्री के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन राज्यमंत्री के प्रतिनिधि रामपाल सिंह को सौंपा

# बदायूं चुंगी के अतिक्रमण पर चली प्रशासन की जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- एसडीएम और सीओ ने फोर्स व पालिका कर्मचारियों के साथ चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

अमृत विचार: मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर बदायूं चुंगी से तहसील चौराहा तक प्रशासन ने सड़क के दोनों के अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने सड़क की पैमाइश की। अतिक्रमण हटाने के दौरान हल्की नोक-झोंक भी हुई।

गुरुवार को एसडीएम नीतू रानी व सीओ प्रदीप कुमार की उपस्थिति में नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान आरंभ किया। अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों से कुछ लोगों की हल्की नोक-झोंक भी हुई है। मगर पुलिस बल के रहते हुए अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने सड़क के दोनों ओर की पैमाइश की। जिसमें कुछ दुकानें भी सरकारी भूमि पर बनी पाई गई हैं। पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने निशान लगा दिए। इन दुकानदारों को शीघ्र ही नोटिस जारी किए जाएंगे। अगर तय समयावधि में दुकानदार अतिक्रमण को नहीं हटाता तो उसे जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका के जेई केके अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



अतिक्रमण ध्वस्त करती प्रशासन की जेसीबी।

# नगर पालिका को मिला कैटल कैचर वाहन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद को छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए कैटल कैचर वाहन मिल गया है। इससे जल्दी ही शहर वासियों को शीघ्र ही जहां-तहां विचरण कर रहे छुट्टा गोवंशीय पशुओं से निजात मिल सकेगी।

गुरुवार को पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय समेत उनके पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी व अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने वाहन की पूजा करने के बाद वाहन को पालिकाध्यक्ष ने झंडी दिखा कर रवाना किया।

बताया कि इसका उपयोग छुट्टा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित गोशालाओं में ले जाने के लिए किया जाता है। कैटल कैचर वाहन जीवित और मृत दोनों तरह के पशुओं को सावधानी से ले जा सकता है। इस मौके पर बृजबाला वार्ष्णेय, दिनेश भारद्वाज,आशीष सारस्वत, चेतन, मुकुल शर्मा, पालिका से एसएफआई प्रियंका सिंह, प्रभाकर गुप्ता, हिना गोयल, लवित वार्ष्णेय, चंदमोहन, राजकुमार, नरेश कुमार, सोनू, आदित्य राणा, व अन्य पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।



नगर पालिका कार्यालय पर कैटल कैचर वाहन का पूजन करतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय।

- पालिकाध्यक्ष व ईओ ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना
- शीघ्र ही खुले में विचरण कर रहे छुट्टा पशुओं से निजात मिल सकेगी

# छुट्टा गोवंशों से तंग ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/ कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार: ब्लॉक बनियाखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजथल में छुट्टा गोवंशीय पशुओं से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को ग्राम प्रधान के आवास का घेराव किया और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से शीघ्र ही छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़वा कर निजात दिलाने की मांग की। शीघ्र ही समस्या समाधान न होने पर छुट्टा गोवंशीय पशुओं को ग्राम प्रधान के घर में बंद करने की चेतावनी दी।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव व आसपास के क्षेत्र में छुट्टा गोवंशीय पशुओं की तादात दिनो दिन बढ़ती जा रही है।

स्थिति यह है कि जहां एक ओर बच्चों व महिलाओं का अकेले घर से निकलना दुश्वार हो गया है। वहीं खेतों पर पहुंच कर पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों को रात भर जाग कर खेतों पर पहरा देना पड़ रहा है। किसानों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो छुट्टा गोवंशीय पशुओं को ग्राम प्रधान के घर में लाकर बंद करेंगे । ग्राम प्रधान उल्फत सिंह ने ग्रामीणों को उच्चाधिकारियों से बात कर शीघ्र ही छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है।

प्रदर्शन करने वालों में हरिओम, नीटू शर्मा, मुलायम सिंह, प्रमोद, होतेराम, जय नारायण, तोताराम, बॉबी, विकास, बुद्धसेन, रामरईस, लोकेश, श्याम सिंह आदि ग्रामीण शामिल रहे।



छुट्टा गोवंशीय पशुओं को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- कहा, समस्या का समाधान न हुआ तो ग्राम प्रधान के घर में बंद कर देंगे पशु



सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति चेक करते अधिशासी अधिकारी। ● अमृत विचार

# ईओ को गैरहाजिर मिले 8 सफाई कर्मी, काटा वेतन

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ.मणिभूषण तिवारी ने गुरुवार को सुबह नगर क्षेत्र के वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि वार्ड 29 चमन सराय में चार सफाई कर्मचारी, वार्ड 16 डूंगर सराय में चार सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित सफाई कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर किसी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सफाई अभियान को लेकर हर कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करे। गैरहाजिर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# गाजियाबाद में वाल्मीकि समाज के साथ हुई मारपीट के विरुद्ध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के पदाधिकारियों ने गाजियाबाद में वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ हुई मारपीट व जानलेवा हमले के विरोध में तहसील पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर शीघ्र ही हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की और कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय खंड पीठ द्वारा एक अगस्त को आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर जो सुझाव दिए हैं। तब से पूरे भारत में विभिन्न संगठनों द्वारा सरकार विरोधी धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष्य में 28 अगस्त को गाजियाबाद में भीम आर्मी चीफ व नगीना सांसद चंद्रशेखर के आह्वान पर सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भीम आर्मी के कुछ लोगों ने वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ मारपीट व जानलेवा हमला किया। जिसमें आकाश चंदेल व प्रमोद वाल्मीकि को गंभीर चोट आई है। इनका उपचार अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना से वाल्मीकि समाज में रोष व्याप्त है। मुख्यमंत्री से मांग की कि उच्च स्तरीय जांच कराकर मारपीट करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। न्याय नहीं मिलने पर वाल्मीकि समाज द्वारा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में रॉकी वाल्मीकि, सुभाष वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, गौरव, शंकर कुमार, हिमांशु दास, संजय कुमार सरजू, सौरभ, रोमित, शनि, नीरज, निखिल, रवि, शिवा आदि मौजूद रहे।



तहसील गेट पर प्रदर्शन करते वाल्मीकि समाज के लोग। ● अमृत विचार

- शीघ्र ही हमलावरों पर कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी
- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

# चोरी के मामले में दोषी को 32 दिन का कारावास

चन्दौसी, अमृत विचार: ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-2 संभल ने चोरी के मामले में दोषी को जेल में बिताई अवधि 32 दिवस के कारावास व 1500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

घटना थाना नखासा जनपद संभल में 2001 में हुई थी। इस मामले में थाना नखासा पुलिस ने मुसाहिद पुत्र मुनाजिर निवासी मोहल्ला दीपा सराय थाना नखासा के खिलाफ चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था।

साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। तब से मुकदमा न्यायालय ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-2 संभल में विचाराधीन था। गुरुवार को मुकदमें पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने मुसाहिद को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि 32 दिवस के कारावास व 1500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में एपीओ संतोष यादव का योगदान रहा।

## सार संक्षेप



मेजर ध्यान चंद की जयंती मनाते समिति सदस्य। ● अमृत विचार

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की जयंती मनाई

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रूप से गुरुवार को तीन बार भारत को ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाने वाले, भारत एवं विश्व के प्रसिद्ध हॉकी के जादूगर, पद्मभूषण मेजर ध्यान चंद की जयंती छोटे लाल कालोनी स्थित शिव शान्ति आदर्श जूनियर हाईस्कूल में धूमधाम से मनाई गई। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहा जाता है। मेजर ध्यानचंद की जयंती को भारत सरकार राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाकर प्रतिभावान खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार आदि देती है। जिससे हमारे देश के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हो। मेजर ध्यानचंद ने अपनी करिश्माई हॉकी से जर्मन तानाशाह रुडोल्फ हिटलर को एवं महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन को भी अपना मुरीद बना दिया था। कहा कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ था। मेजर ध्यानचंद ने तीन दिसंबर 1979 को एम्स अस्पताल दिल्ली में अंतिम सांस ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार ने तथा संचालन शालू गुप्ता ने किया। भूमिका वार्ष्णेय, वाणी वार्ष्णेय, अंशिका श्रीवास्तव, विपाशा दीप, ममता मौर्य, आरती श्रीवास्तव, नीशू ठाकुर, रितिका कन्नौजिया, डिंपल, रिंकी, रेनू, निशा, सपना मौजूद रहीं। कार्यक्रम आयोजक सुरेश चंद शर्मा रहे।



कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

### कृति शर्मा की टीमों ने जीती कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिताएं

चन्दौसी, अमृत विचार : मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर महाविद्यालय में महिला व पुरुष खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने प्रतियोगिता का आरंभ हरी झंडी दिखाकर किया। महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में कृति शर्मा व तबस्सुम बी की टीमें ने प्रतिभाग किया। कृति शर्मा के टीम विजेता व तबस्सुम बी की टीम उपविजेता रही। वहीं पुरुष वर्ग में जितेंद्र यादव की टीम विजेता व अजय की टीम उपविजेता रही। इसके अलावा खो-खो महिला वर्ग में कृति शर्मा की टीम विजेता व यशी चौधरी की टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में सचिन की टीम विजेता व विक्रम की टीम उपविजेता रही। खेलों का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ज्ञान सिंह चौधरी ने किया। निर्णायक मंडल में नंदिनी, दीपांशी मौजूद रहीं। इस अवसर पर संजय सिंह, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. मीधु राठौर, सीपी सिंह, पारस गुप्ता, दिव्या, श्रीति, जय प्रकाश, निधि राघव, पुष्पांजलि शर्मा, खुशी राम आदि मौजूद रहे।



सरस्वती शिशु मंदिर में खेलों के बारे में बताते शिक्षक। ● अमृत विचार

### खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

चन्दौसी, अमृत विचार : विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर नरौली में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को जीवन में खेल और व्यायाम के महत्व के विषय में बताया। बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस दौरान खो-खो, कबड्डी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि खेल का आयोजन किया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया और दमखम दिखाया। इस अवसर पर आचार्य दिलीप उपाध्याय, विजय कुमार, शिवानी गौतम, ज्योति, मधुबाला, प्रियांशी, राधा, इंशा उपस्थित रहे।



विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### हॉकी प्रतियोगिता में सिरसी की टीम ने मारी बाजी

बहजोई, अमृत विचार : सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने किया। सिरसी ट्रेनीज क्लब सिरसी तथा सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं की टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें प्रथम स्थान सिरसी की टीम ने प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर सिल्वरस्टोन स्कूल की टीम रही । लेमन रेस प्रतियोगिता में हंसिका तिवारी ने प्रथम इंसा नूर ने द्वितीय तथा नव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सीडीओ गोरखनाथ भट्ट विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, एकांश गुप्ता, गोविंद वशिष्ठ, उमर अली, निखिल तोमर, नादिर अली, कीर्ति गुप्ता आदि ने सहयोग किया।



मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ करते भूमानंद ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### गणेश मंदिर में हुआ सुंदर कांड पाठ

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीता रोड स्थित गणेश मंदिर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीन दयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, ललित किशोर गुप्ता, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, विशाल शर्मा, सुधीर गुप्ता, रवींद्र कुमार, राजीव गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. शेखर गुप्ता, वरदान गुप्ता ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड पाठ की चौपाईयों का वाचन किया गया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊ गली-गली, उमा श्रीवास्तव ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। शालिनी अरोरा ने जीवन है तेरे हवाले, मुरलिया वाले आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कल्पना वार्ष्णेय, आलोक दुबे, जेएन मिश्रा, सुशील भोलेनाथ, लोकेंद्र शर्मा, राहुल चौधरी, टीएस पाल, गौरव मिश्रा, शशिकांत गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, संजीव शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मिलते राजपाल सैनी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले राजपाल सैनी व अभिनव कौशिक

**हसनपुर/सैदनगली, अमृत विचार** : गुरुवार को नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी व भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। चर्चा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के सदस्यता अभियान को सफल बनाने की बात कहते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए कहा। पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि भूपेंद्र चौधरी से नगर के विकास के विषय में भी वार्ता हुई और उन्होंने भरोसा दिलाया कि हसनपुर नगर के विकास के लिए हर समय साथ खड़े हैं।

### मोहम्मद अली बने सदस्यता प्रमुख



**अमरोहा, अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी की ओर से देश में एक सितंबर से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र के सदस्यता अभियान को लेकर मोहम्मद अली पुत्र रुस्तम अली मोहल्ला अली नगर नौगांवा सादात को बरेली का सदस्यता प्रमुख बनाया गया है।

### ग्राम प्रधान ने किया आत्महत्या का प्रयास, भर्ती

**हसनपुर, अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रधान ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजनों ने ग्राम प्रधान को अस्पताल में भर्ती कराया है। तहसील क्षेत्र के ब्लॉक हसनपुर की ग्राम पंचायत के प्रधान ने बुधवार रात कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायल प्रधान का उपचार चल रहा है।

# जीआईसी अमरोहा ने जीता हॉकी का फाइनल

## एएसएम मॉडर्न अकादमी में हुईं खेल प्रतियोगिताएं, जिलाधिकारी ने विजेताओं को दिए पदक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : मेजर ध्यानचंद खेल स्पर्धा के तहत एएसएम मॉडर्न अकादमी खाता में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग में हॉकी की सात टीमों एवं बालिका वर्ग में लेमन रेस में नौ स्कूलों और रस्साकशी प्रतियोगिता में नौ स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। विजेता बच्चों को जिलाधिकारी ने पदक पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।


खिलाड़ियों के साथ जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, सीडीओ व प्रबंधक वीरेंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

गुरुवार को एएसएम मॉडर्न अकादमी खाता में प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, डीआईओएस विष्णुप्रताप सिंह, एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी ने गुब्बारे उड़ाकर और फीता काटकर किया। एएसएम मॉडर्न अकादमी के प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्या आभा रस्तोगी ने सभी अधिकारियों को स्वागत किया। हॉकी प्रतियोगिता में सात टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले सेमीफाइनल में जीआईसी की टीम ने मालीखेड़ा को हराया। दूसरा सेमीफाइनल एएसएम इंटर कॉलेज खाता एवं नेहरू स्मारक रजबपुर के बीच हुआ। जिसमें एएसएम इंटर कॉलेज खाता ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल जीआईसी व एएसएम इंटर कॉलेज खाता के बीच खेला गया। जिसमें जीआईसी अमरोहा की टीम ने एएसएम इंटर कॉलेज खाता को 6-5 से हराकर हॉकी का फाइनल जीता। बालक वर्ग में रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एएसएम मॉडर्न अकादमी खाता, दूसरे स्थान पर सरोज देवी इंटर कॉलेज रहा। रस्साकशी के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर पपसरा, दूसरे स्थान पर लिटिल स्कॉलर्स अकादमी की टीम रही। लेमन रेस के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा अवनी, दूसरा स्थान राजकीय इंटर कॉलेज की छात्रा स्वीटी एवं तृतीय स्थान शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज की कनिष्का ने प्राप्त किया। इस दौरान यहां पहुंच मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विजयी टीम व खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी और टी शर्ट प्रदान कर पुरस्कृत किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने हॉकी में अपना मुकाम बनाया और कई कीर्तिमान स्थापित किए। कई कीर्तिमान अब तक नहीं टूट पाए हैं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन बच्चों के पास हॉकी स्टिक नहीं है या कोई किट नहीं है उन्हें उपलब्ध कराई जाए। ताकि यह बच्चे किसी अभाव में खेल से वंचित न रहें। बच्चे खेल से जनपद, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। कहा खेल जगत में अमरोहा की अलग चमक है इसलिए यह चमक बनाया रखने के लिए अन्य खिलाड़ियों को सक्षम बनाना है। निर्णायक मंडल में हॉकी कोच फरहत अली खान, संजीव चौहान, मनीष त्यागी, पुरुजीत सिंह, रणदीप सिंह रहे। इस अवसर पर जिला ओलम्पिक संघ से डॉ. एमपी शर्मा, शीशराम सिंह, विकास यादव, सागर सिंह, जितेन्द्र शर्मा आदि रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार** : सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेजर ध्यानचंद की 119वीं जयंती तथा 13वें राष्ट्रीय खेल दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के खेल शिक्षक हरेंद्र सिंह ने मेजर ध्यानचंद के जन्म, प्रारंभिक शिक्षा, हॉकी में योगदान के बारे में बताया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य स्वाति गोला ने किया। विद्यालय के शिशु मंदिर परिसर में शिशु वाटिका तथा शिशु मंदिर की छात्राओं तथा इंटर कॉलेज के परिसर में जूनियर व इंटर वर्ग की छात्राओं की खो- खो प्रतियोगिता तथा विद्यालय के खेल मैदान में जूनियर व इंटर वर्ग के छात्रों की कबड्डी प्रतियोगिताएं भी हुईं। कार्यक्रम में प्रबंधक अशोक पैसल, प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने विद्यालय तथा खेल मैदान में प्रतियोगिताओं का अवलोकन भी किया।


फाजिल को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।

### फाजिल का मंडलीय प्रतियोगिता में चयन

**सैदनगली, अमृत विचार** : चौधरी इकबाल मेमोरियल इंटर कालेज ढक्का के इंटर के छात्र फाजिल का कुश्ती प्रतियोगिता में मंडल स्तर के लिए चयन हुआ है। फाजिल ने हसनपुर में ब्लॉक स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। जिसमें इनका चयन जिला स्तर के लिए हुआ था। फाजिल ने जनपद स्तर पर अमर सिंह भाटी खेल संस्थान खरखोदा में जीत हासिल की थी। वह चार सितम्बर को मंडल स्तर पर मुरादाबाद में कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा। प्रधानाचार्य मुजम्मिल हुसैन रिजवी ने फाजिल को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।



रहरा में श्री बिहारी सिंह कन्या इंटर कालेज में प्रशस्ति पत्र दिखातीं छात्राएं।

## मंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयनित छात्राएं सम्मानित

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार** : बुधवार को अमर सिंह भाटी खेल संस्थान खरखोदा में हुई जनपदीय कुश्ती में श्री बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज रहरा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

गुरुवार को विद्यालय के निदेशक ब्रह्मदत्त त्यागी ने बताया कि जूनियर बालिका वर्ग में 43 किलोग्राम भार में प्रियांशी ने प्रथम स्थान, 49 किलो भार में कनक ने प्रथम स्थान तथा 52 किलो भार में अफसाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

69 किलो भार में विपांशी त्यागी ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्रह्मदत्त त्यागी ने मंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयनित बालिकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। चयनित बालिकाएं चार सितंबर को एफआर इंटर कॉलेज चंदौसी में प्रतिभाग करेंगी।

## मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं खेल : सुमित

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार** : गुरुवार को विकास क्षेत्र के गांव द्योटी स्थित जूनियर हाईस्कूल में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की जयन्ती पर विद्यालय में खेल दिवस का आयोजन हुआ।

खेल प्रतियोगिता का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मृडीक व्रतेश ने फीता काटकर किया। खो खो प्रतियोगिता में कक्षा नौ की बालिकाओं ने एक अंक से विजय प्राप्त की। कबड्डी में कक्षा 9 की टीम ने 11-7 से कक्षा 10 पर विजय प्राप्त की। गोला फेंक में कक्षा 9 के छात्र रेहान ने प्रथम व कक्षा 10 के छात्र लारेव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में कक्षा 10 के छात्र सोनू ने प्रथम व कक्षा 10 के छात्र जिशान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर बालक वर्ग दौड़ में कक्षा 9 के छात्र अजनान ने प्रथम व कक्षा 10 के फैजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में कक्षा 10 के सोनू ने प्रथम व कक्षा 9 के अजनान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में कक्षा 9 की छात्रा प्रियंका ने प्रथम व कक्षा 10 की हिमांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी बालिका वर्ग दौड़ मे कक्षा 9 की छात्रा प्रियंका ने प्रथम व कक्षा 10 की हिमांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कंपोजिट विद्यालय द्योटी के खेल शिक्षक सुमित यादव ने छात्र-छात्राओं को खेल का महत्व बताया। खेल हमें मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाने का काम करते हैं। उन्होंने सभी बच्चों से खेल को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सीख देते हुए प्रदर्शन की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. मृडीक व्रतेश, सुनील भाटी, अनिल कुमार व ग्राम प्रधान उधम सिंह सहित आदि मौजूद रहे।


मंडी धनौरा के गांव द्योटी में प्रतियोगिता के बाद एकत्र छात्राएं व शिक्षक।

## सार संक्षेप

### छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच के बारे में बताया

**अमरोहा, अमृत विचार** : रजबपुर क्षेत्र के ग्राम जमापुर स्थित सेवा निकेतन आश्रम में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष सचिन कुमार ने छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच एवं आत्मरक्षा के बारे में जागरूक किया। भाकियू टिकैत के जिला उपाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि देश में महिला संबंधी अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। कम आयु के बच्चे भी इससे अछूते नहीं है। ऐसे में उन्हें गुड-बैड टच की जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है, ताकि समय रहते छेड़खानी आदि घटनाओं पर लगाम लगायी जा सके। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों पर ध्यान दें, उन्हें आत्मरक्षा में निपुण बनाएं। इस मौके पर चौधरी गजेंद्र सिंह, पंडित नारायण, नैना, दृष्टि, आरवी, शौर्य, आरव, काव्य, कुनाल आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार युवक को बचाने की कोशिश में पलटा डंपर

**अमरोहा, अमृत विचार** : अमरोहा-कांठ रोड पर बाइक सवार युवक को बचाने की कोशिश में डंपर खंदक में पलट गया। हादसा बुधवार देर शाम को हुआ। ट्रक चालक ने बताया कि युवक तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। उसे बचाने की कोशिश में डंपर पलट गया। हादसे में किसी को चोट नहीं पहुंची। लेकिन डंपर दो हिस्सों में बंट गया। ट्रक चालक ने बताया कि कांठ से खाली डंपर लेकर माल भरने मुरादाबाद जा रहे थे।


पलटा डंपर।

### मंदिर में चोरी को लेकर हिंदू संगठनों में रोष

**हसनपुर, अमृत विचार** : मंगलवार रात नगर पुलिस चौकी के सामने शिव मंदिर का चोरों ने दानपात्र का ताला तोड़ दिया था। उसमें एवं अलमारी में रखे लगभग 15000 रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर लिया था। बुधवार सुबह जब पुजारी प्रदीप शर्मा मंदिर में पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चला और उन्होंने इसकी सूचना अन्य लोगों को दी। मंदिर में चोरी की सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने मौका मुआयना किया। तीन माह पहले मंदिर में लगा सबमर्सिबल भी चोरी हुआ था, तब पुलिस ने चोरों को पकड़कर सबमर्सिबल बरामद कर लिया था। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि शिव मंदिर में हुई चोरी का खुलासा नहीं किया तो हिंदू संगठनों की बैठक बुलाकर रणनीति बनाएंगे।

### लापरवाह शिक्षकों की जांच कर होगी कार्रवाई

**हसनपुर, अमृत विचार** : हसनपुर एवं गंगेश्वरी ब्लॉक के कुछ शिक्षक पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में लखनऊ गए थे। बताया जाता है कि शिक्षक बिना छुट्टी लिए कार्यक्रम में गए थे। कार्यक्रम के फोटो उन शिक्षकों द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किए गए थे। जिसके बाद से ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग उठने लगी। भारतीय किसान यूनियन शंकर ने इस मामले को अपने एजेंडे में शामिल कर लापरवाह एवं राजनीति करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। किसानों की पंचायत में हसनपुर खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर ने पहुंचकर ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। भाकियू शंकर के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सैनी ने बताया कि अगर विभाग द्वारा दोषी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा। खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर ने कहा कि तीन दिन के अंदर जांच कर दोषी शिक्षकों के खिलाफ विभाग कार्रवाई करेगा।


भागवत कथा के उद्घाटन के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### रझौहा में श्रीमद् भागवत कथा आरंभ

**हसनपुर, अमृत विचार** : रझौहा गांव में श्री शिव युवा भागवत दल द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। गुरुवार को ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर के पुत्र मुदित गुर्जर ने व्यास पीठ का पूजन कर कथा का आरंभ किया। मुदित गुर्जर का समिति के पदाधिकारियों ने माला एवं पटका पहनकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से हमारे बच्चों में सनातन धर्म के प्रति जानकारी बढ़ती है। इसलिए धार्मिक आयोजनों का होना आवश्यक है। इस मौके पर चमन सिंह, देवेश चौहान, हेमराज सिंह, महेंद्र, रामनिवास, टेकचंद चौहान, राहुल चौहान, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### कहासुनी के बाद मारपीट, महिला समेत दो लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार** : मोहल्ला मनापुर में गुरुवार दोपहर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हुई। मारपीट के दौरान कैलाशो पत्नी सत्यप्रकाश व रमेश पुत्र इंदर सिंह घायल हो गये। घायल कैलाशो ने आरोप लगाते हुए बताया उसकी पुत्रवधू पर आरोपी बुरी नजर रखे हुए उसका पीछा करता है। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि उन पर बेवजह का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष पर रुपये वापस न करने का आरोप

**रहरा, अमृत विचार** : रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी निवासी जितेंद्र कुमार रहरा सीएचसी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। जितेंद्र ने थाना गजरौला में भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार के खिलाफ तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष पर अपनी मां के बीमार होने की बात कहकर सात हजार रुपये लेकर वापस न देने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। उधर, भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार का कहना है कि रैली के लिए जितेंद्र द्वारा यह राशि इकट्ठा की गई थी। जो उस समय पार्टी में ब्लाक अध्यक्ष के पद पर तैनात था। उस पर बेवजह आरोप लगाया जा रहा है।

## 200 मीटर दौड़ में श्वेता व रिंकू प्रथम

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्रा वर्ग के लिये 200-200 मीटर की दौड़ हुई। विभागाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं व स्टॉफ को फिट इंडिया की शपथ दिलाई।

प्राचार्य डॉ. एमए गौरी ने नियमित अभ्यास कर फिट रहने तथा अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये लगातार लगनशील रहने के लिये प्रेरित किया। छात्रा वर्ग की 200 मीटर दौड़ में श्वेता प्रथम, नगमा व दीपांशी संयुक्त रूप से द्वितीय व शिवानी तृतीय स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग में रिंकू प्रथम, पवन कुमार द्वितीय व रामलाल यादव तृतीय स्थान पर रहे। मेजर ध्यानचंद स्मृति छात्र संगोष्ठी में श्रेष्ठ वक्ता के रूप में नवनीत कौशिक प्रथम, पवन कुमार द्वितीय व श्वेता और नगमा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की। इस मौके पर डॉ. नम्रता वर्मा, प्रो. इन्द्रदेव सिंह, डॉ. चन्द्रवीर सिंह, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. संयम, डॉ. श्वेता अग्रवाल, प्रो. धन सिंह रवि, सीमा सिंह, डॉ. शशि सोलंकी, सुनील, शशि आदि मौजूद रहे।



गजरौला में मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प चढ़ाते शिक्षक। ● अमृत विचार

### प्रतियोगिताएं

- रमाबाई महाविद्यालय में मनाया मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस
- प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को फिट रहने को प्रेरित किया

## विद्युत लाइन का तार टूटा, गोवंश की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार** : झुंडी माफी में घरों के पास से निकल रही हाईटेंशन विद्युत लाइन का जर्जर तार टूटकर गिरने से गोवंश की मौत हो गई। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जर्जर तारों को हटवाने की मांग की है।

झुंडी माफी में वीर सिंह के घर के बराबर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। गुरुवार सुबह विद्युत लाइन का तार टूटकर घर के पास बंधी गाय के ऊपर गिर गया। जिससे गाय की हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने विद्युत फीडर पहुंचकर हाईटेंशन लाइन को हटवाने की मांग को लेकर पत्र जेई को सौंपा। ग्रामीणों ने एक प्रार्थना पत्र अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड हसनपुर को दिया। पीड़ित ने बताया कि पहले भी कई बार तार गिर चुके हैं। कई बार विद्युत अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द घरों के नजदीक से गुजर रही जर्जर विद्युत लाइन को हटवाया जाए।


सीओ के पेशकार को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

## शिक्षकों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने गुरुवार को सीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि होमपाल सिंह ग्राम अल्लीपुर खादर के सरकारी स्कूल में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं और संघ के हसनपुर ब्लॉक अध्यक्ष भी हैं। गांव पतेई भूड़ निवासी उनके विरोधी ने उन पर घर में घुसकर तमंचा दिखाने और फायरिंग करने समेत कई आरोप लगाए हैं। जिस दिन मामले में आरोप लगाए गए हैं। होमपाल सिंह उस दिन गाजियाबाद गए थे। यशपाल सिंह व अन्य शिक्षकों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच हो। रामवीर सिंह, प्रियंका, पूनम, विनीत गौर, इरशाद अली, गौरव कुमार, होमपाल सिंह, अमित गुप्ता, सचिन गुप्ता, निजामुद्दीन, अशोक कुमार, प्रियांशी, पुष्पा, निशा, देशराज सिंह, सौरभ अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, विनीत गौड़, गौरव नागर, गजेंद्र, कपिल आदि मौजूद रहे।


रहरा के गांव फूलपुर में गिरी गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

## बारिश से गिरी गन्ने की फसल

संवाददाता, अमरोहा/रहरा

**अमृत विचार** : गुरुवार को क्षेत्र में बारिश का सिलसिला जारी रहा। बारिश से धान की फसल को संजीवनी मिल गई, मगर तेज हवा से गन्ने व सब्जियों की फसल को नुकसान हुआ।

गंगेश्वरी के गांव फूलपुर निवासी किसान सर्वेंद्र सिंह ने बताया कि बारिश से धान की फसल को तो फायदा हुआ है, लेकिन गन्ने की फसल गिर गई है। मटीपुरा निवासी किसान विनोद सिंह ने बताया कि गन्ने की फसल के साथ फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर और तरोई के खेतों में पानी भर गया है। जिससे उनके खराब होने की आशंका बढ़ गई है। मक्का व ज्वार की फसल भी तेज हवा से गिर गई हैं। बारिश में फाल्ट से क्षेत्र के कई गांवों की बिजली भी बुधवार रात गुल रही। जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि यदि गन्ने को नहीं उठाया गया तो वजन कम हो सकता है। जो किसान गन्ने को सीधा कर बांध रहे हैं उनकी लागत तो बढ़ेगी लेकिन उपज में ज्यादा कमी नहीं आएगी। गिरे हुए गन्ने से बीज के उत्पादन में मुश्किल पड़ेगी।

**देरी** | दो वर्ष पहले शुरू हुआ था पथरा मुस्तकम में पानी की टंकी का निर्माण

# सफेद हाथी बनी पानी की टंकी, पानी को तरसे ग्रामीण

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार** : शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ों रुपये से गंगेश्वरी की ग्राम पंचायत पथरा मुस्तकम में बनी पानी की टंकी सफेद हाथी बनकर रह गई है।

भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल योजना के तहत करीब दो वर्ष पहले पानी की टंकी का निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन दो वर्ष बाद भी ग्रामीणों को पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। बगद नदी के नजदीक बसे इस गांव में लोग नलों से निकलने वाले दूषित जल को पीने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जल्द पानी की टंकी चालू करने की मांग की है। नदी किनारे बसा होने से नलों में दूषित पानी आता है। जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।



गांव में बनी पानी की टंकी।



नलों से निकलने वाले दूषित जल पीने से लोगों में बीमारियां फैल रही हैं। आए दिन लोग बीमार हो जाते हैं। लोगों के लिए सबसे पहले साफ-सुथरा पानी होना चाहिए। सरकार भी इस तरफ ध्यान दे रही है, अधिकारियों की लापरवाही के चलते काम अधूरा पड़ा है।

**-सत्य प्रकाश, पूर्व प्रधान**



गांव में जल्द पानी की टंकी से पेयजल शुरू करने की बात कही है। जिससे लोगों को फायदा मिल सके। जनप्रतिधिनियों का भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। करोड़ों रुपये खर्च कर कोई लाभ नहीं मिल रहा है। अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

**-महेंद्र सिंह**



पानी की टंकी की शिकायत कई बार जनप्रतिनिधियों व शासन से की गई है, लेकिन अभी तक टंकी चालू नहीं हुई है। टंकी को जल्द से जल्द चालू कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

**-महेंद्र राणा**



पानी की टंकी के निर्माण के चलते गांव के सभी रास्ते भी खराब हो गए हैं, लेकिन पानी की टंकी से अभी तक कोई फायदा नहीं मिला है। जबकि कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की जा चुकी है।

**-ओमशरन तोमर**

## एक नजर

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने नोटिस लगाया

**रहरा, अमृत विचार :** गुरुवार को रहरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव सिरसा कलां निवासी मनोज कुमार के घर पहुंच कर नोटिस चस्पा किया। एसआई सतेंद्र चौधरी ने बताया कि मनोज का उसकी पत्नी से काफी समय पहले विवाद चल रहा था। पत्नी को उसके द्वारा भरण पोषण की राशि मनोज द्वारा जमा नहीं की गई। जिसके बाद उसके घर पर रिकवरी वारंट चस्पा किया है। मनोज लंबे समय से फरार है।

### व्यापारियों ने एएसपी को बताईं समस्याएं

**अमरोहा, अमृत विचार :** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में व्यापारियों की बैठक हुई। जिसमें व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों ने नगर अध्यक्ष मोनू यादव के नेतृत्व में हिस्सा लिया। बैठक में एएसपी राजीव कुमार सिंह को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। जिसमें रजबपुर, चौधरपुर, जोया, अमरोहा और डिडौली नगर इकाई के पदाधिकारी शामिल रहे। चौधरपुर चौराहे पर जाम की समस्या, डिडौली कोतवाली के सामने और फ्लाईओवर के नीचे नाले बंद होने से जलभराव से निजात दिलाने के लिए नगर अध्यक्ष डॉ. नाजिर हुसैन ने कस्बे की समस्या से अवगत करवाया। अमरोहा में बिक रहे नशीले पदार्थों और अवैध शराब पर शिकंजा कसने की मांग की। इस मौके पर अजीम खान, हरस्वरूप माथुर, मोहसिन, साजिद सैफी, मोहम्मद अंजार आदि रहे।

### पलायन की चेतावनी देने वाले परिवार को समझाया

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के सलेमपुर गोसाई गांव निवासी हरपाल सिंह का आरोप है कि गांव में स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी उन्हें व उनके परिवार को आएदिन धमकता है। आरोपी रामपुर में स्वास्थ्य विभाग में तैनात है। सोमवार रात को भी आरोपी ने पीड़ित परिवार का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा देर से खोलने पर गाली गलौज कर दी। पीड़ित हरपाल का आरोप है कि आरोपी स्वास्थ्यकर्मी पहले भी उन्हें कई बार धमका चुका है। वह कहता है कि मेरा बेटा पीसीएस अधिकारी है उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। हरपाल ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर गांव से पलायन करने की चेतावनी भी दी थी। गुरुवार को पीड़ित परिवार फिर से थाने पहुंचा तथा प्रभारी निरीक्षक से बात की। जिसे पुलिस अधिकारी ने समझाया और मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# पीएम आवास योजना से वंचित न रहें पात्र

## गंगेश्वरी ब्लाक में हुई ग्राम प्रधानों व क्षेपं सदस्यों की बैठक

संवाददाता, रहरा


रहरा ब्लाक में प्रधानों के साथ बैठक करते बीडीओ अश्वनी कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लाक परिसर में खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में बीडीओ अश्वनी कुमार ने कहा कि आवास योजना के तहत कोई भी पात्र आवास से वंचित न रहे और अपात्र को लाभ न मिले।

बैठक में मौजूद सभी ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत में खुली बैठक कर समीक्षा की जाए। जिससे लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। कहा कि आवास की पात्रता एवं अपात्रता के संबंध में सभी ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजस्व ग्राम व मजरे में पेंटिंग द्वारा प्रचार करें। दो सितंबर को ग्राम पंचायतों में खुली बैठक की जाए। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान इशरत अली व कुछ अन्य ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को बताया कि चार माह पहले भी उनके द्वारा समीक्षा कर कुछ पात्रों के नाम दिए गए थे, लेकिन उस संबंध में अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों ने गांव में सफाई न होने की शिकायत की। जिस पर खंड विकास अधिकारी ने जल्द समस्या निदान का आश्वासन दिया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी आईएसवी राजकुमार, सहायक विकास अधिकारी( पंचायत) संदीप कुमार, पप्पू सिंह, मोमीन अली, कुलदीप कुमार, हरीराज सिंह त्यागी, राजू त्यागी व क्षेत्र पंचायत सदस्य अजब सिंह आदि मौजूद रहे।

### अपात्रता के नए मानक

- जिनके पास मोटरयुक्त तिपहिया व चौपहिया वाहन।
- मशीनी तिपहिया व चौपहिया कृषि उपकरण।
- 50 हजार अथवा अधिक ऋण सीमा वाले केसीसी धारक।
- सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार।
- वे परिवार, जिनका कोई सदस्य 15 हजार रुपया से अधिक प्रति माह कमा रहा हो।

### खुली बैठक में दी जाए मानकों की जानकारी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए जल्द सर्वे होगा। कोई भी पात्र योजना से वंचित न रहे, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। ब्लॉक प्रमुख आशा चांद्रा व खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना ने पंचायत सचिवों व ग्राम प्रधानों को सूची में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने के संबंध में व पात्र-अपात्र संबंधित मानकों के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि लाभार्थियों की पात्रता एवं अपात्रता के मानकों की ग्राम पंचायत में वॉल राइटिंग कराई जाए। ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की बैठक कर मानकों के संबंध में जानकारी दी जाए। बीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा बैठक कर ग्रामवासियों को संशोधित मानकों एवं सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी दी जाए। इस दौरान एडीओ पंचायत रामचंद्र सिंह, एडीओ आईएसबी मनोज सिंह, पंचायत सचिव बंटी सिंह, मोहम्मद नासिम, राजकुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को बताए आग बुझाने के उपाय

**गजरौला, अमृत विचार :** कार्मेल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को जुबिलेंट भरतिया फाउण्डेशन एवं अग्निशमन विभाग ने आग बुझाने के उपायों के बारे में बताया।

एफएसओ कमलेश कुमार मिश्र ने बताया कि किसी भी छोटी सी चिंगारी से आग बड़ा रूप धारण कर सकती है। कहा कि प्रत्येक महिला को भोजन बनाते हुए बेहद सावधानी बरतनी चाहिए। रसोई में अग्निशमन यंत्रों को अवश्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि गैस सिलेण्डर में आग लगने पर घबराएं नहीं बल्कि धैर्य से काम लेते हुए कम्बल, जूट, बोरी भिगोकर तेज गति से पटक कर मारने से आग बुझाई जा सकती है। बिजली द्वारा आग लगने पर पहले बिजली कट करें, फिर आग या मिट्टी डालकर आग पर काबू करें। जेबीएफ के कोआर्डिनेटर आदित्य कुमार, विशाल, चंदन प्रसाद, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह, मीनाक्षी वार्डेन, पायल, रूचि राणा, डौली, शबाना परवीन, सुशीला, नरेश कुमार, विपिन कुमार, निशांत कुमार, योगेन्द्र सिंह, अरूण कुमार, अभ्यापाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### साप्ताहिक बाजार हटवाने को ईओ को दिया मांगपत्र

**गजरौला, अमृत विचार :** रॉयल स्कालर्स एकेडमी ने ईओ को मांगपत्र सौंपा। जिसमें मांग की है कि शुक्रवार के साप्ताहिक बाजार में मुख्य सड़क पर लगने वाली फड़ व दुकानों को हटवाकर निर्धारित सीमा के अंदर ही लगवाया जाए। प्रधानाचार्य समीर प्रभाकर ने बताया कि मां ललिता देवी भूमि परिसर में शुक्र बाजार लगता है। लेकिन दुकानदार मुख्य सड़क पर भी अपनी दुकानें व फड़ लगा लेते हैं। इससे सड़क पर अतिक्रमण की स्थिति बन जाती है। इससे शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे विद्यालय की बसें, ई-रिक्शा व अन्य वाहन भी फंस जाते हैं और देर तक समस्या बनी रहती है। उन्होंने ईओ से इस बाबत आवश्यक कार्रवाई करते हुए बाजार को सड़कों से पीछे मंदिर भूमि परिसर में लगाने के निर्देश जारी करने की मांग की है।

### नशे में हंगामा करने का होमगार्ड का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को हसनपुर के रहरा बस अड्डे पर एक होमगार्ड ड्यूटी के दौरान नशे में हंगामा कर रहा था। इस दौरान अड्डे पर वह लोगों से उलझता रहा। लेकिन लोग होमगार्ड की बातों को दरकिनार कर चुपचाप निकलते रहे। इसके बाद होमगार्ड ई रिक्शा रिक्शे में बैठ गया। ई रिक्शा चालक ने उसे परेशान न करने की मिन्नतें कीं। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।


गजरौला में कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी को ज्ञापन सौंपते किसान ● अमृत विचार

### कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में संघ की अखिल भारतीय प्रबंध समिति के आह्वान पर किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि विज्ञान केन्द्र गजरौला पर प्रभारी डॉ. एके मिश्र को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजीव शर्मा, जिला जैविक प्रमुख महिपाल सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान, यशवी सिंह, डॉ. शिवचरन सिंह, तारा सिंह सिरोही, देवेश शर्मा, ओमव और सिंह, विपिन शर्मा, राजेश सैनी, धर्मेन्द्र शिवाजी, जितेन्द्र सिंह आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गृह क्लेश के चलते युवक ने दी जान

**अमरोहा, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली के कस्बे में गृह क्लेश के चलते युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचित किये उसका अंतिम संस्कार कर दिया। डिडौली थाने के समीप रहने वाला युवक की बुधवार रात को परिजनों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिससे नाराज होकर उसने रात में घर में फंदे से लटक कर जान दे दी। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को बिना बताए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### बिजली के प्रीपेड मीटर लगाने का विरोध

**अमरोहा, अमृत विचार :** भाकियू संयुक्त मोर्चा की बैठक डिडौली में हाजी अब्दुल सत्तार के आवास पर हुई। बैठक में गांव में जलभराव को लेकर किसानों ने नाराजगी जताई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि बिजली विभाग मनमानी कर रहा है। गांव-गांव जाकर प्रीपेड मीटर लगाने का काम कर रहे हैं। बिजली विभाग इस हरकत से बाज आ जाए, संयुक्त मोर्चा आंदोलन करेगा। इस अवसर पर हाजी अब्दुल सत्तार को अल्पसंख्यक मोर्चे का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा गया। परवेज आलम को अल्पसंख्यक मोर्चे का जिला अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर विजयवीर सिंह, रवि चौधरी, मयंक चौधरी, देवेंद्र सिंह, नितिन गोस्वामी, हिमांशु वर्मा, पंचम सिंह, कामिल चौधरी आदि मौजूद रहे।


दरियापुर तुगन में मृतक के घर परिजनों को सांत्वना देते विधायक।

### मृतक के घर सांत्वना देने पहुंचे विधायक

**ढवारसी/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव दरियापुर तुगन में धान की फसल की सिंचाई करते समय करंट की चपेट में आकर किसान की मृत्यु हो गई थी। गुरुवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी मृतक के घर पहुंचे और दु:ख जताते हुए शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। विधायक ने परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### पुलिस भर्ती परीक्षा आज, प्रशासन ने की तैयारी

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में नौ केंद्रों पर आज और कल सिपाही भर्ती परीक्षा होगी। इसमें 8544 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों से परीक्षार्थी आ रहे हैं। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को केंद्र पर पहुंचने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन पर अन्य जगहों पर व्यवस्थाएं की गई हैं। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शहर में परीक्षा को लेकर रूट डायवर्जन लागू है। बड़े वाहनों का प्रवेश शहर में नहीं किया जाएगा। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों की सहायता के लिए रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन पर पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।


मंडी धनौरा में दुकानदार से जानकारी करते एसओ। ● अमृत विचार

# सर्राफा बाजार में पुलिस ने लिया सुरक्षा का जायजा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सर्राफा बाजार में पुलिस ने गश्त की और सर्राफा व्यापारियों से बातचीत की। वहीं सीसीटीवी कैमरों और सुरक्षा का जायजा लिया।

गुरुवार दोपहर को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार व नगर चौकी प्रभारी सुभाष चौहान ने पुलिस बल के साथ सुनारों वाली गली व सर्राफा बाजार में गश्त की और सर्राफा कारोबारियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की बाबत पूछा और कैमरे चेक भी किए। रात में पुलिस द्वारा की जा रही गस्त के बारे में भी जानकारी ली। अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और सर्राफा बाजार व उसके आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग भी की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सर्राफा बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए।

### सर्विस मार्ग के गड्ढे में पलटी ई रिक्शा

**चौधरपुर, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर नीलीखेड़ी और चौधरपुर में सर्विस मार्ग की हालत खराब हो चुकी है। नीलीखेड़ी और चौधरपुर में ओवर ब्रिज के पास सर्विस मार्ग पर जलभराव और कीचड़ से राहगीरों को परेशानी हो रही है। बारिश में यहां जलभराव हो जाता है और जल निकासी न होने के कारण यह मार्ग तालाब बन जाता है।

नीलीखेड़ी निवासी तसव्वुर, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद हारून, शहरोज आलम का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। बुधवार देर शाम जोया निवासी सलीम अपने ई रिक्शा में सवारी बैठाकर चौधरपुर आ रहा था। नीलीखेड़ी ओवरब्रिज के पास गड्ढे में उसका ई रिक्शा पलट गया। इससे महिलाएं ई-रिक्शा के नीचे दबकर घायल हो गईं। चौधरपुर निवासी शाहिद हुसैन, इमरान, कय्यूम, जफरूल हसन, मोहम्मद फईम का कहना है कि यहां पैदल निकलना भी दुभर है। अभी तक मार्ग पर जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हो हुआ है।

# युवती से दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सैदनगली (अमरोहा)


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार :** ईसाई युवती को प्रेम जाल में फंसाकर उससे दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी आदिल व उसके भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

मामला थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर ढक्का मोड़ का है। यहां के निवासी आदिल ने अमन के नाम से सोशल साइट पर फर्जी आईडी बनाकर बागपत की युवती को दोस्ती के जाल में फंसाया। पांच अगस्त को आरोपी आदिल उसे अपने घर ले आया। यहां उसने युवती के साथ शारीरिक संबध बनाए। कुछ दिनों बाद युवती को पता चला कि अमन असल में आदिल है। पीड़िता ने विरोध किया तो आदिल ने तमंचे के बल पर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। इसके बाद उससे शारीरिक संबंध बनाए और अपने भाइयों के साथ मिलकर युवती को बंधक बना लिया। इस दौरान आदिल के भाई अयान व चाहत भी उससे छेड़छाड़ करते रहे। उसे इस बारे में किसी को बताने पर मारने की धमकी दी। 20 दिन पहले युवती किसी तरह से आरोपी के चंगुल से भाग गई थी। बुधवार को आरोपी आदिल व उसके दो भाई अयान व चाहत पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी आदिल व उसके भाई चाहत को गिरफ्तार कर लिया। सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## उत्तराखंड-आसपास

# नफरत करने वाली राजनीति बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### उर्स-ए-रजवी

- आल इंडिया मुस्लिम जमात ने जारी किया मुस्लिम एजेंडा
- बेहद खराब हो चुकी है भारत की राजनीति : शहाबुद्दीन

**अमृत विचार :** हिंदू-मुसलमानों के बीच नफरत फैलाने वाली राजनीति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। मुसलमानों पर जुल्म और ज्यादती भी बर्दाश्त की हद से बाहर हो गई है। भारत की राजनीति बेहद खराब हो चुकी है। मुसलमानों ने अगर इससे दूरी न बनाई तो भविष्य में नुकसान उठाना पड़ेगा। बृहस्पतिवार को उर्स-ए-रजवी के आगाज के बाद आल इंडिया मुस्लिम जमात की ओर से मुस्लिम एजेंडा जारी करते हुए यह बात उलमा ने कही।

जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी की अगुवाई में अलग-अलग राज्यों से आए उलमा और आलिमों ने भारतीय राजनीति, राजनीतिक दलों की नीतियों, मुसलमानों की तरक्की, शिक्षा, वक्फ संशोधन बिल और समान नागरिक संहिता समेत कई बिंदुओं पर मुस्लिम एजेंडा जारी किया। मौलाना शहाबुद्दीन ने लड़कियों के लिए अलग स्कूल-कॉलेज खोलने पर जोर देते हुए कहा कि मुसलमानों को शिक्षा, कारोबार और परिवार पर ध्यान देने की जरूरत है, उन्हें समाज में फैल रही बुराइयों की रोकथाम के लिए भी आगे आना चाहिए। उलमा ने मुस्लिम लड़कियों के धर्मांतरण पर भी नाराजगी जताई। कहा, चंद कट्टरपंथी संगठन कमजोर मुसलमानों की लड़कियों को डराकर और लुभावने सपने दिखाकर शादी की मुहिम चला रहे हैं जो हिंदू-मुस्लिम साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए खतरा बन सकती है। इन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जानी चाहिए। बांग्लादेश में तख्ता पलट के दौरान हिंदुओं के मकानों और मंदिरों पर हमलों की भी निंदा की गई।

कहा गया कि राजनीतिक पार्टियां अपनी जरूरत के लिए मुसलमानों का इस्तेमाल करती हैं और सरकार बनाने के बाद उन्हें भूल जाती हैं। मुसलमान किसी एक राजनीतिक पार्टी का गुलाम नहीं है। अब जो पार्टी मुसलमानों के लिए काम करेगी, मुसलमान उसी का साथ देगा।मुस्लिम एजेंडा जारी करने के दौरान हाफिज नूर अहमद, मुफ्ती सादिक सकाफी, सूफी अब्दुल रहमान, सूफी पीर मोहम्मद हनफी, मौलाना मजहर इमाम, अब्दुस्सलाम रजवी, मौलाना रिजवानुल हक, मुफ्ती शाकिरुल कादरी समेत कई उलमा मौजूद थे।

### वक्फ संशोधन बिल का समर्थन लेकिन समान नागरिक संहिता का विरोध किया

उलमा ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि वक्फ संपत्ति का रखरखाव और उसकी आमदनी गरीब मुसलमानों पर खर्च होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही है। कहा, समान नागरिक संहिता और ऐसे दूसरे कानून जो शरियत में दखल करते हैं, उन्हें भारत का मुसलमान स्वीकार नहीं करेगा।

# फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र से प्रधान बनी महिला पर रिपोर्ट

ब्यूरो, हरिद्वार

- संबंधित स्कूल की प्रधानाचार्या व निर्वाचन अधिकारी भी आरोपी

**अमृत विचार :** विकासखंड खानपुर में फर्जी शैक्षिक सर्टिफिकेट से प्रधान बनी महिला समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर हुई रिपोर्ट में संबंधित स्कूल की प्रधानाचार्या व तत्कालीन निर्वाचन अधिकारी को आरोपी बनाया है।

दल्लावाला ग्राम पंचायत में 2022 के चुनाव में ग्राम प्रधान की सीट महिला के लिए आरक्षित थी। प्रधान पद के प्रत्याशी का आठवीं पास होना जरूरी है। चुनाव में दल्लावाला की सुनीता जीती थी। प्रवीण कुमार ने लक्सर एसडीएम से प्रधान के शैक्षिक प्रमाणपत्र फर्जी होने की शिकायत की। प्रवीण का कहना था कि सुनीता ने नामांकन पत्र में जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक कक्षा आठ पास करने वाले स्कूल का नाम दूसरा और अंकतालिका किसी और स्कूल की थी। बीईओ ने जांच की तो पता चला कि जिस स्कूल से कक्षा आठ पास करने की बात कही थी वहां उस नाम का स्कूल है ही नहीं। जिस स्कूल की अंकतालिका दी थी उसकी प्रधानाचार्या ने दस्तावेज नहीं दिखाए। अब कोर्ट ने खानपुर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। मामले में नामांकन पत्र जांच अधिकारी की संलिप्तता भी सामने आई। थानाध्यक्ष मनोहर सिंह के मुताबिक प्रधान सुनीता समेत तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# विधि के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग 6 सितंबर को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि के पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग 6 सितंबर को होगी। सभी पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 22-22 सीटों पर प्रवेश होंगे।

विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह के मुताबिक पीजी डिप्लोमा इन साइबर लॉ एंड साइबर फोरेंसिक की काउंसिलिग 6 सितंबर को सुबह 10 बजे, ह्यूमन राइट्स एंड ड्यूटी की सुबह 11 बजे, मीडिया लॉ की दोपहर 12 बजे और लीगल एंड पेरेलल एडवोकेसी की दोपहर 1 बजे होगी। काउंसिलिंग में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। बीसीए षष्टम सेमेस्टर के मूल्यांकन को चुनौती देने के लिए द्वितीय चरण में आवेदन की तिथि निर्धारित कर दी है। छात्र 30 अगस्त से 3 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें 25 सौ रुपये प्रति प्रश्नपत्र जमा करने होंगे। बीएससी और एमएससी कृषि के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसके अलावा बीटे के भी परिणाम जारी किए गए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। बीटेक प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष में लैट्रल एंट्री के तहत रिक्त सीटों पर 2 से 4 सितंबर तक स्पॉट काउंसिलिंग होगी। काउंसिलिंग में संकायाध्यक्ष आईआईटी के कार्यालय में पहुंचना होगा। बीफार्मा में ईडब्ल्यूएस की रिक्त सीटों पर प्रवेश को 30 अगस्त से 2 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण होंगे। एमएससी प्राणी विज्ञान की काउंसिलिंग 3 सितंबर को साढ़े नौ बजे से होगी। काउंसिलिंग से 33 सीटों में प्रवेश होंगे।

### भूटान में रुविवि ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एमओयू किया

**बरेली अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने भूटान में एसएस पीजी कॉलेज, शाहजहांपुर, नोर्बुलिंग रिग्तर कॉलेज, रॉयल यूनिवर्सिटी ऑफ भूटान, इंडो गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन, यूएई, जॉन करोल यूनिवर्सिटी, यूएसए और ग्लोबल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, काठमांडू नेपाल के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया। विश्वविद्यालय के गोल्डन जुबली समारोह के तहत हुए सम्मेलन में रॉयल कॉलेज भूटान से एमओयू भी किया गया।

एमओयू से शिक्षक और छात्र एक्सचेंज जैसे कार्यक्रम संचालित होंगे। इस दौरान भूटान के अन्य संस्थानों के साथ एमओयू पर भी चर्चा हुई। सम्मेलन के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने शैक्षिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अपने विचार व्यक्त किये। कुलपति ने इंडियन एंबेसी में भी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन में ऑफलाइन मोड में 15 से अधिक और ऑनलाइन 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। पैनल डिस्कशन एवं शोधपत्र में एमजेपीआरयू, यूएस, दुबई, नेपाल, भूटान, प्रयागराज, दिल्ली, वाराणसी, गोरखपुर, मुंबई, राजस्थान के विश्वविद्यालयों और संस्थानों के एक्सपर्ट शामिल हुए।

### बाइक तेज चलाने पर दो गुटों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** चौहानपुरी मोहल्ला निवासी संदीप गुरुवार रात बाइक लेकर मोहल्ले में ही जा रहा था। वहीं रास्ते में लकी भी बाइक लेकर खड़ा था। संदीप की बाइक तेज होने की वजह से लकी की बाइक से टकरा गई। जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। दोनों गुटों के लोग आमने सामने आ गए। लाठी-डंडे चलने से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने लाठी फटकार कर भीड़ को खदेड़ा। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहांपुर

पत्रांक: एस.एस.ए./जैम पोर्टल निविदा/3913-15 दिनांक: 29.08.2024

**जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-के.जी.बी.वी./ अनावर्तक / 1130/2024-25 दिनांक 09.05.2024 एवं जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला परियोजना शिक्षा समिति द्वारा प्रदत्त अनुमोदनोपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कलान, नगर क्षेत्र शाहजहांपुर बण्डा, भावलखेड़ा, तिलहर नगर, सिंधौली, जैतीपुर, पुवायां, कांट, निगोही, मिर्जापुर, कटरा, खुदागंज, खुटार, ददरौल तथा जलालाबाद) में नामांकित छात्राओं हेतु बेडिंग सामग्री (रजाई, गद्दा, चादर आदि) के क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित की गयी निविदा की संख्या GEM/2024/B/5341145 दिनांक 29.08.2024 है। निविदा निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न की जायेगी।

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01. | फर्म के चयन हेतु जेम से टैण्डर अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 29.09.2024 सायं 05:00 बजे से |
| 02. | जेम पोर्टल पर ऑनलाइन बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 09.09.2024 सायं 05:00 बजे तक |
| 03. | जेम पोर्टल से निविदा खोलने की तिथि | 10.09.2024 अपरान्ह 12:00 बजे |

दिव्या गुप्ता
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
शाहजहांपुर

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोतवाली स्वार में लावारिस व विभिन्न मुकदमाती वाहनों की नीलामी 3 सितबंर 2024 को नीयत की गई है। अपरिहार्य कारणों से नीलामी निरस्त करने का अधिकार नीलामी अधिकारी के पास होगा।

प्रभारी निरीक्षक स्वार
रामपुर

## सम्बन्ध-विच्छेद

मेरे दोनों पुत्र शाकिर व जाकिर गलत संगत में पड़ गए हैं। जो मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ आए दिन झगड़ा व मारपीट करते रहते हैं। मैं स्वेच्छा से अपने दोनों पुत्र शाकिर व जाकिर को चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के सदस्यों से संबंध विच्छेद करती हूं। उनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद विवाद, लेनदेन व कुकृत्यों के वह स्वयं उत्तरदाई होंगें। शरीफन पत्नी स्वर्गीय मौ0 हनीफ ,निवासी मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह, थाना व तहसील कांठ जिला -मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश)।

## नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम HABIBA BEGUM से बदलकर HABIBA BEGAM W/O ANEES AHMAD मोहल्ला नवाबपुरा टांडा रामपुर रख लिया अब मुझे इसी नाम से पहचाना जाये।

## सूचना

मेरी LIC पालिसी सं० 253028774 में नाम यामीन अहमद पुत्र सब्बीर अहमद पता ग्राम मिश्रीपुर, पोस्ट कांठ, जि० मुरादाबाद एवं जन्म तिथि 18-06-1972 है। मेरा नाम अन्य सभी दस्तावेजो में नाम मो. यामीन पुत्र शबीर एवं जन्म तिथि- 01-01-1981 है। मेरा नाम मो. यामीन पुत्र शबीर व यामीन अहमद पुत्र सब्बीर अहमद दोनों नामों से ही जाना व पहचाना जाये। मो० यामीन पुत्र शबीर निवासी- ग्राम जटपुरा, पो० राजपुर केशरिया जि० मुरादाबाद, उ0प्र0।

## नोटिस

न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर, रामपुर
केस संख्या- टी202313590107011

प्रार्थी अतर सिंह **बनाम** विपक्षीगण शत्रु सम्पत्ति
1- गिरीराज सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम जैतिया सादुल्लापुर तहसील व जि० मुरादाबाद।
2- ममता पत्नी मुनेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भैयानगला तहसील सदर जिला रामपुर।

मुत्तिला हो कि बनाराजी डिग्री अतर सिंह मुकद्दमा मुन्दरजा वाला मैंने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 06/09/2024 वास्ते समाअत इस केस में सुनवाई हेतु नियत है, अगर आप या आपका वकील या कोई और पैरोकार जो कानून में आपकी तरफ से केस में जबाव या सवाल दे सकता हो, हाजिर नहीं आयेगा तो आपकी अनुपस्थिति में आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज बतारीख 29 माह 08 सन् 2024 ई० मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से जारी किया गया है।

उप जिलाधिकारी सदर, रामपुर
न्यायालय कक्ष-20, कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड
रामपुर

## कृत्रिम अंग व उपकरण की वित्तीय अनुदान राशि में बढ़ोत्तरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए वित्तीय अनुदान की राशि को 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दिया गया है। ये रुपये दिव्यांगों को विभाग द्वारा उपकरण खरीदने के लिए दिए जाएंगे। अनुदान राशि में हुई इस बढ़ोत्तरी से अब दिव्यांगजनों को महंगे कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जा सकेगा। दरअसल, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए वित्तीय अनुदान स्वीकृत करने की नियमावली के तहत अब तक 10 हजार के अनुदान की व्यवस्था थी। सरकार ने इस नियमावली में संशोधन कर इसे 15 हजार रुपये करने का निर्णय लिया है।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार को सौंपा पत्र

# राहुल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, प्रियंका ने किया कटाक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा वहीं, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने राज्य सरकार की नीति पर कटाक्ष किया है।

राहुल गांधी ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री से अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में अर्जुन पासी की हत्या का मामला उठाते हुए आरोपी विशाल सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है। जबकि प्रियंका ने उप्र. सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी पर तंज कसते हुए कहा कि जो तुमको पसंद हो वहीं बात करेंगे। यह भी कहा, यह नीति सच को दबाने का एक और तरीका है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में यह उम्मीद की है कि इस प्रकरण में राज्य सरकार जो भी कार्रवाई करे उन्हें भी जानकारी दी जाए। कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल गुरुवार को लखनऊ में अपर मुख्य सचिव गृह से मिला और उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित राहुल गांधी का पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, सांसद केएल. शर्मा, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और पूर्व सांसद पीएल पुनिया एवं महासचिव संघठन अनिल यादव शामिल रहे। राहुल के मुताबिक, हत्याकांड को दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। 11 अगस्त को रायबरेली के अंतर्गत ग्राम पिछवरीया, थाना नसीराबाद के निवासी अर्जुन पासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बीते दिनों घटना का संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी मृतक के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मिले थे। परिजनों ने बताया था घटना में सात नामजद अभियुक्तों में से 6 की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन घटना के मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### क्या कहा है प्रियंका गांधी ने



**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने राज्य सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी पर अपनी एक्स पोस्ट में लिखा कि, जो तुमको हो पसंद, वही बात कहेंगे, तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे। इस कड़ी में उन्होंने आगे लिखा कि, उप्र सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी में न्याय मांग रही महिलाओं की आवाजें किस श्रेणी में आएँगी? 69000 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले में उठने वाले सवाल किस श्रेणी में आएंगे? भाजपा नेताओं-विधायकों द्वारा भाजपा सरकार की पोल-पट्टी खोलना किस श्रेणी में आएगा? प्रियंका ने लिखा, तुम दिन को कहो रात, वरना हवालात।

### महिलाओं के साथ घटनाओं पर न हो राजनीति



**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि प्रदेश समेत देश में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर राजनीति न की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि देश में कभी पश्चिमी बंगाल, कभी महाराष्ट्र के बदलापुर, कभी बिहार तो कभी उत्तर प्रदेश के कन्नौज, आगरा, फर्रुखाबाद आदि जिलों में मासूम बच्चियों, नाबालिग व महिलाओं के साथ दुष्कर्म, हत्या व आत्महत्या आदि घटनाएं हो रही हैं। यह अतिदुखद व चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकारें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाएं। ऐसी घटनाएं जल्दी होना बंद हो। इन घटनाओं के नाम पर राजनीति न की जाए। यही समय की मांग है और महिलाओं के हित में हैं।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग मरीज का यौन शोषण करने के आरोप में डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, एजेंसी : पुलिस ने एक डॉक्टर के खिलाफ एक नाबालिग लड़की का इलाज के दौरान यौन शोषण करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापति ने गुरुवार को कहा कि हमने नई मंडी पुलिस थाना अंतर्गत एक निजी अस्पताल में 17 साल की लड़की का इलाज के दौरान कथित तौर पर यौन शोषण करने के लिए डाक्टर विकास पंवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस मामले में परिजनों द्वारा की गई शिकायत के मुताबिक, आरोपी डॉक्टर ने जब नाबालिग लड़की के कमरे में घुसकर उसका यौन शोषण किया। लड़की को सर्जरी के बाद उस कक्ष में भर्ती किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी डॉक्टर फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

### सीतापुर में भेड़िये का हमला, वृद्धा की मौत, 6 घायल

**सीतापुर, अमृत विचार :** गांजरी क्षेत्र में बाढ़ और कटान के बाद अब भेड़िये की दहशत है। सदरपुर इलाके में भेड़िए ने एक वृद्धा पर हमला कर दिया, जिससे महिला की मौत हो गई। हमले गांव के 6 अन्य लोग भी घायल हुए हैं। सदरपुर थाना क्षेत्र के भरथरी गांव वासी 80 वर्षीय अतिवृद्धा सैफुल्ला घर से निकलकर शौच के लिए गई थीं। इसी दौरान भेड़िये ने हमला कर दिया। जिससे सैफुल्ला की मौके पर ही मौत हो गई। इसी के बाद सिलसिलेवार हमले में कैसरजहां (50), मो. शफी (35), सरफराज (6), नाहिद (3), मंजीत (10) व कन्हैया (8) भी घायल हुए हैं। मृतका के दामाद शरीफ ने बताया है कि एक ही बेटी होने के कारण अतिवृद्धा अकेली ही रहती थीं। मृतका के गले पर पंजे के निशान थे। परिवार वालों ने वन विभाग व पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### उन्नाव में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, तीन झुलसे

**उन्नाव, एजेंसी :** जिले के बारासगवर थाना क्षेत्र के करनाईपुर गांव में गुरुवार को पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद एक महिला समेत तीन लोग आग में झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो मंजिला मकान में संचालित पटाखा फैक्टरी में हुआ यह विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरा मकान ढह गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने कहा कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। घटना में अभी तक किसी की मौत होने की कोई सूचना नहीं मिली ।ल घटनास्थल से मलबा हटाया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई उसमें दबा ना हो। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सहारनपुर में महिला से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर, एजेंसी : पुलिस ने सरसावा थानांतर्गत एक गांव में मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं और वे बुधवार को एक बारात में शामिल होने यहां आए थे। पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने कहा कि बुधवार की रात दोनों व्यक्ति गांव में एक मकान में घुसे और मानसिक रूप से अस्वस्थ 27 वर्षीया महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों की पहचान हरियाणा के यमुनानगर के सुरेंद्र और जनरैल सिंह के रूप में हुई है।

### राम की पैड़ी पर बनेगी मुंबई के जुहू जैसी चौपाटी

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में जल्द ही मुंबई के जुहू चौपाटी की तर्ज पर सरयू नदी के किनारे राम की पैड़ी पर 'चौपाटी' बनेगी। उत्तर प्रदेश आवास विभाग ने अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही अब 4.65 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास के विजन के तहत रामनगरी में अवस्थापना, पर्यटन समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण सरयू नदी के किनार राम की पैड़ी के एक सेक्शन को शानदार चौपाटी में परिवर्तित करता चाहता है।

# पीड़िता की उम्र 16 साल से कम तो आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं

## दुराचार के मामलों में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच का अहम आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि दुराचार के उन मामलों में जहां पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से कम है, अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। न्यायालय ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 में वर्ष 2018 में जोड़ी गई नई उपधारा को उद्धत करते हुए, यह आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने छोटी नाम की अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका पर पारित किया। गोण्डा जनपद के नवाबगंज थाने के उक्त मामले में अभियुक्ता पर 16 वर्ष से कम की पीड़िता के साथ हुए दुराचार की साजिश में शामिल होने का आरोप है। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने दलील दी कि अग्रिम जमानत की धारा 438 में वर्ष 2018 में उप धारा 4 जोड़ते हुए, आईपीसी की धारा 376(3), 376 एबी, 376 डीए और 376 डीबी में अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर कर दिया गया है लिहाजा उक्त अपराध के मामलों में अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार करते हुए, माना कि उक्त आपराधिक मामलों में अग्रिम जमानत पर विचार नहीं किया जा सकता। उक्त सभी धाराएं 16 वर्ष व 12 वर्ष से कम की बच्चियों के साथ दुराचार व सामुहिक दुराचार के अपराध से सम्बन्धित हैं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट दे चुकी है इसके उलट निर्णय

हालांकि, इस आदेश के उलट 13 मई 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ ने इसी प्रश्न पर पारित अपने निर्णय में कहा है कि उप धारा 4 में वर्णित आईपीसी की धाराओं में अग्रिम जमानत न दिये जाने का प्रावधान उत्तर प्रदेश में नहीं है। उक्त निर्णय में कहा गया है कि अग्रिम जमानत की धारा 438 को उत्तर प्रदेश में वर्ष 2019 में लागू किया गया जिसमें यूएपीए, एनडीपीएस, ऑफिसियल सिक्रेट एक्ट, गैंगस्टर व मृत्यु की सजा से दंडित अपराधों को अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर रखा गया, न की उप धारा 4 में वर्णित आईपीसी की धाराओं को। उक्त निर्णय के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 254 के प्रावधानों के तहत राज्य संशोधन सेंट्रल एक्ट पर प्रभावी होगा।

## स्थानांतरण के लिए वरिष्ठता से कोई समझौता नहीं

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्थानांतरण से जुड़े एक मामले में कहा है कि कर्मचारियों को उसी पद पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए, जिस पर वे मूल रूप से कार्यरत थे। न्यायालय ने कहा है कि कर्मचारियों की वरिष्ठता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई कर्मचारी मुख्य अभियंता के कार्यालय में काम कर रहा है, तो उसे मुख्य अभियंता के कार्यालय में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इसी तरह अधीक्षक अभियंता या कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों को केवल अधीक्षक अभियंता या कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। याची पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में कार्यरत थे, जो कि बिजली वितरण और आपूर्ति कंपनी है, जिसका मुख्यालय वाराणसी में है। याची ने उन्हें एक जोन से दूसरे जोन में स्थानांतरित करने के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में वर्तमान याचिका दाखिल की है।

# आईआरएस अधिकारी को धमकी शाहजहांपुर का डॉक्टर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुप्रीम कोर्ट से जारी वारंट पर दी जेल जाने की धमकी, गोमतीनगर पुलिस ने शांतिभंग में भेजा जेल

**अमृत विचार :** महिला आईआरएस अधिकारी को फोन पर कॉल कर सुप्रीम कोर्ट से जारी वारंट पर जेल जाने की धमकी दी गई। हालांकि अधिकारी ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई लेकिन पुलिस ने इस मामले में शाहजहांपुर निवासी दंत चिकित्सक रचित मल्होत्रा को गिरफ्तार कर शांतिभंग में जेल भेज दिया। धमकी देने की वजह का खुलासा नहीं हो सका है।

घटना 18 अगस्त की है, गोमतीनगर क्षेत्र स्थित होटल रेनेसा में राजधानी में तैनात महिला आईआरएस अधिकारी ठहरी थीं। होटल के लैंड लाइन नंबर पर कॉलकर धमकी दी गई थी। होटल की सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को घटना की पुष्टि हुई। पुलिस के मुताबिक धमकी देने का कारण साफ नहीं हो सका है। महिला अधिकारी और आरोपी चिकित्सक के बीच कोई पहचान भी नहीं है। पुलिस आरोपी के मोबाइल डिटेल खंगाल रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि राजभवन में भी कॉल कर धमकी दी गई थी। इसमें भी डॉक्टर का नाम सामने आया। बुधवार को राजभवन के लैंड लाइन नंबर पर कॉल किया। कॉल् रिसीव करने वाले को धमकाया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। मोबाइल नंबर को ट्रैक कर डॉ. रचित मल्होत्रा को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक डॉ. रचित अलग-अलग नंबरों से कॉल कर धमकी देता है। पुलिस की जांच में सामने आया कि राहगीरों से इमरजेंसी बताकर मोबाइल मांगता था। इसके बाद कॉल कर धमकी दे रहा था। पुलिस के मुताबिक पहले भी इस तरह के कॉल कर चुका है।

# सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा बनाएगी नया रिकार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश अध्यक्ष ने सभी प्रदेश व जिला प्रभारियों को धरातल पर डटने का दिया निर्देश

**अमृत विचार :** भाजपा 2 सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान में इसबार नया रिकार्ड बनाएगी। इसके लिए सभी प्रदेश व जिला प्रभारियों को तीन दिन तक धरातल पर डटने का निर्देश दिया गया है।

यह बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कही। गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश पदाधिकारियों व जिला प्रभारियों की बैठक चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के सभी जिला प्रभारी 2, 3 व 4 सितम्बर को अपने-अपने जिलों में मंडल स्तर तक सदस्यता अभियान को लेकर प्रवास करेंगे। पूरे प्रदेश में 31 अगस्त को बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशालाएं आयोजित करने पर भी बैठक में चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान का प्रमुख उद्देश्य हर घर और, गांव, गली मोहल्लों तक पहुंचकर जन-जन को भाजपा की राष्ट्र निर्माण की भावना और विचारधारा तथा 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की योजना से जोड़कर सदस्य बनाना और उन्हें संगठित करना है। उन्होंने विरोधी दलों पर भी हमला करते हुए उनकी तमाम नाकामियां गिनाई।

महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 सितंबर को भाजपा के सदस्यता की शुरूआत करेंगें। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नव मतदाताओं सहित प्रबुद्ध वर्ग और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशेष रूप पार्टी का सदस्य बनाने के लिए कार्य करना है।

# अयोध्या को जल्द मिलेगी आधुनिक चिकित्सा सुविधा : बृजेश पाठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वैश्विक नगरी बन रही अयोध्या को जल्द ही आधुनिक चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। ये एलान उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को यहां किया। वह राममंदिर के मुख्य द्वार के पास एक ऑडिटोरियम में सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और चिकित्सा व्यवस्था में लाइफ सपोर्ट एडवांस मेडिकल एम्बुलेंस की सुविधा का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झंडी दिखाकर एंबुलेंस सेवा का उद्घाटन किया।

उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश वासियों को गुणवत्ता परक, उच्च कोटि की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। अयोध्या हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। जो भी आवश्यकता होगी, हमारी सरकार उसकी निगरानी करते हुए पूरा करेगी। बंगाल की घटना पर कहा कि इसका खामियाजा ममता बनर्जी को अवश्य ही भुगतना पड़ेगा। कहा कि प्रदेश के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी 10 सीटों पर विजय दर्ज करने जा रही है। इसके बाद रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन भी किया।



एम्बुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक। • अमृत विचार

**24 तीर्थ स्थलों पर होंगी लाइफ सपोर्ट मेडिकल एम्बुलेंस :** उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भारत के 24 बड़े तीर्थ स्थानों पर सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के माध्यम से लाइफ सपोर्ट एडवांस मेडिकल एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिसकी शुरुआत रामनगरी अयोध्या से की गई है। कार्यक्रम आयोजन सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के अध्यक्ष प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि अयोध्या से 24 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस को सनातन धर्म की तीर्थ यात्रा को समर्पित किया गया है।

## वर्ग पहेली-176

**बाएं से दाएं**

1. 1. समाप्त या पूरा करने की क्रिया 2. (वाणिज्य) किसी व्यापारिक संस्था या समूह आदि की देनदारी चुकाकर उसका संपूर्ण व्यवसाय समाप्त करना, ऋण आदि को चुका देना 3. (विधि) किसी कंपनी के व्यवसाय को बंद करने के लिए कंपनी अधिनियम के अनुसार की गई कार्रवाई।

5. 1. कपटपूर्ण युक्ति 2. गलत ढंग से काटना।

7. 1. मिलाना 2. युक्त करना।

10. 1. विधाता, ईश्वर 2. ब्रह्मा

11. 1. आस-पास का स्थान, पड़ोस 2. मार्ग, रास्ता।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो प्राचीन काल में शासक की सवारी के आगे-आगे उसके वंश का यशगान करते हुए चलता था, भाट, चारण 2. वह व्यक्ति जो प्राचीन काल में राजदरबार के समय राजा से मिलने आने वालों की बारी आने पर आवाज़ देकर पुकारता था।

3. 1. एक प्रकार का पौधा और उसकी फली से निकलने वाले दाने

4. 1. गीली चीज़ पोतना, चुपड़ना 2. लीपना।

6. 1. सूत का लच्छा 2. ऐसा सूत का लच्छा जो मांगलिक अवसरों पर कलाई पर बांधा जाता है 3. हाथी के गले में पड़ी रस्सी जिससे महावत हाथी को काबू में करता है 4. हाथी की गरदन।

8. बहुत दूर, दूरस्थ।

9. गंधवाली, गंधयुक्त।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | 3 | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | 6 | | | ■ |
| ■ | 7 | | | ■ | 8 |
| 9 | ■ | | ■ | ■ | |
| 10 | | ■ | 11 | | |

### वर्ग पहेली -175 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 गो |
| व | ■ | 3 रा | ज | 4 हं | स |
| ■ | 5 का | ■ | ■ | सा | ■ |
| 6 सि | र | फु | टो | व | ल |
| ■ | बो | ■ | ■ | र | ■ |
| ■ | नि | ■ | 7 बूँ | ■ | ■ |
| ■ | 8 क | शी | दा | का | री |

## सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 4 | | 5 | | 1 | | |
| | 9 | | | | 6 | | | 3 |
| | | 3 | | 8 | | 5 | | |
| 2 | | 6 | 7 | 9 | 5 | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | 2 | 1 | 4 | | 9 |
| | | 9 | | 3 | | 6 | | |
| 5 | | | 4 | | | | 2 | |
| | | 2 | | 1 | | 3 | 8 | |

### सुडोकू -88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अगस्त शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 31 अगस्त 02.25 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 17.56 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज पेट में दर्द और मरोड़ की शिकायत हो सकती है। सहकर्मियों से मतभेद बढ़ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र से जुड़े मामलों में थोड़ी परेशानी होगी। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष** — आज आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। गुरुतुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकते हैं। जीवन में अनुकूल परिस्थितियों का आनंद उठाएंगे। धैर्यवान होकर के सभी कार्यों को अंजाम देंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें।

**कर्क** — आज उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। किसी पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह** — आज खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी पर ज्यादा निर्भर रहना उचित नहीं है। आपको अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। किसी चूक के कारण आपको आर्थिक हानि भी हो सकती है। गैस और कब्ज जैसी समस्याओं के उभरने की संभावना है।

**कन्या** — आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रेमी जन का उत्तम सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्तोत्र प्राप्त होंगे। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**तुला** — आज बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। कटु शब्दों का ज्यादा प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज दोपहर के बाद कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का निवारण होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा। धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं।

**धनु** — आज अधिकारियों के साथ आपके वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन दोपहर के बाद कार्यक्षेत्र में कुछ अपसेट से हो सकते हैं।

**मकर** — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

**कुंभ** — आज बिजनेस को लेकर आपका आत्मविश्वास डगमगा सकता है। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। घर में अचानक रिश्तेदार आ सकते हैं। दूसरों के मामलों से स्वयं को दूर रखें।

**मीन** — आज काम के साथ आराम में भी ध्यान दें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। जीवनसाथी की बातों से थोड़े आहत हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- भीष्मा — सुबह : 10.38
- हो गया टोटल स्यापा — रात : 07.42

&pictures
- इंडियन — सुबह : 10.41
- हमारी अधूरी कहानी — रात : 08.00

SONY PIX
- एनाकोंडा — सुबह : 11.08
- मैड मैक्स — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- हीरो द बुलेट — सुबह : 11.24
- द क्रू — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- साजन — सुबह : 11.24
- अर्जुन — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल- यार, मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे हैं। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी- क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

## एक नजर

### जोमैटो को 4.59 करोड़ की कर मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाना मंगाने का मंच जोमैटो को तमिलनाडु और बंगाल के जीएसटी प्राधिकरण से जुर्माना और ब्याज समेत 4.59 करोड़ से अधिक की मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा कि वह दोनों राज्यों के सहायक आयुक्त के आदेशों के खिलाफ अपील करने की योजना बना रही है।

### एलआईसी को 606 करोड़ की जीएसटी का नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को कर अधिकारियों से 2019-20 के लिए जीएसटी का कम भुगतान करने पर 605.58 करोड़ की मांग का नोटिस मिला है। एलआईसी ने कहा कि उसे महाराष्ट्र जीएसटी प्राधिकरण से नोटिस मिला है। वह मुंबई में राज्य कर के संयुक्त आयुक्त के समक्ष अपील की जा सकती है।

## मुरादाबाद मंडी

**दालें :दाल चना :** 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपयेउड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग- 1120 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890
**रामपुर :** शिवालिक-995 फ्लैग-1120 डीएमओ-855 बोल्ड-1185

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,300 |
| चांदी आभूषण | 87,700 |

# ग्राहकों को मिलेगा 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मुफ्त

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एआई और क्लाउड प्ले खंड के विस्तार पर बोले

नई दिल्ली, एजेंसी



• फोटो, वीडियो दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा सुरक्षित होंगे स्टोर

• आरआईएल की 47वीं एजीएम में बोले अंबानी- जियो एआई-क्लाउड वेलकम दिवाली पर किया जाएगा जारी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी के एआई और क्लाउड प्ले खंड के विस्तार देते हुए गुरुवार को कहा कि रिलायंस जियो के ग्राहकों को 100 जीबी तक मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। जियो ग्राहक इस क्लाउड स्टोरेज में फोटो, वीडियो, दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा सुरक्षित स्टोर कर पाएंगे।

अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कहा कि जियो एआई-क्लाउड वेलकम पेशकश को दिवाली पर जारी किया जाएगा। अंबानी ने कहा कि जियो ग्राहकों को 100 जीबी तक का मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा, जिससे वे अपने सभी फोटो, वीडियो, दस्तावेज, अन्य सभी डिजिटल कंटेंट और डेटा को सुरक्षित तरीके से स्टोर करने के अलावा उन तक पहुंच बना पाएंगे। इससे अधिक स्टोरेज की जरूरत वाले लोगों के लिए भी हमारे पास सबसे किफायती कीमतें होंगी। उन्होंने कहा कि जियो के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कुछ चुनिंदा लोगों के लिए, आरक्षित विलासिता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई सेवाएं सभी उपकरणों, न कि केवल महंगे, उच्च-स्तरीय उपकरणों पर ही उपलब्ध होनी चाहिए।

रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि हमने जेनरेटिव एआई (रचनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर हेलो जियो को और भी स्मार्ट बनाया है। भाषा की समझ में सुधार किया गया है और इसे अधिक मानवीय अहसास देने की कोशिश की गई है। अब, जियो सेट-टॉप बॉक्स पर सामग्री ढूंढना और आसान है। आकाश ने जियोफोनकॉल एआई सेवा भी पेश की, जो उपयोगकर्ताओं को कोई भी कॉल जियो क्लाउड में रिकॉर्ड और स्टोर करने की सुविधा देती है। यह कॉल का सारांश दे सकती है और दूसरी भाषा में अनुवाद कर सकती है।

### देश के लिए धन सृजन पर ध्यान

**मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका तेल से लेकर दूरसंचार तक का कारोबार करने वाला समूह अल्पकालिक लाभ कमाने और संपत्ति जमा करने के कारोबार में नहीं है, बल्कि उसका ध्यान देश के लिए धन सृजन पर है। उन्होंने कहा कि रिलायंस की सभी कारोबार भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाले प्रमुख चालक बने हुए हैं और सफलता की गाथा बन गए हैं। रिलायंस का लक्ष्य देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करना तथा भावी पीढ़ियों के लिए विश्व को अधिक स्वच्छ तथा हरित बनाना है।

### शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा

अंबानी ने कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल 5 सितंबर को 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करने के लिए बैठक करेगा। जब रिलायंस बढ़ता है, तो हम अपने शेयरधारकों को इनाम देते हैं। अंबानी ने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण को रणनीतिक रूप से अपनाने से रिलायंस निकट भविष्य में दुनिया की शीर्ष-30 कंपनियों में स्थान सुरक्षित कर लेगी। रिलायंस ने 2023-24 में शोध एवं विकास पर 3,643 करोड़ से अधिक खर्च किए, जिससे चार वर्षों में शोध पर हमारा खर्च 11,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

# आईएफएससी में सूचीबद्ध होने के लिए न्यूनतम शेयरों की मात्रा हुई 10%

नई दिल्ली, एजेंसी

• प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियम 1956 में वित्त मंत्रालय ने किया संशोधन

वित्त मंत्रालय ने गांधीनगर आईएफएससी में शेयर सूचकांकों में सूचीबद्ध होने के लिए कंपनियों को आकर्षित करने के प्रयास में कारोबार के लिए उपलब्ध शेयरों की आवश्यकता को 25 से घटाकर 10%कर दिया है। गांधीनगर स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट सिटी) विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 के तहत भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) है।

मंत्रालय के अनुसार आर्थिक मामलों के विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (आईएफएससी) में अंतर्राष्ट्रीय सूचकांकों में सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप सूचीबद्ध आवश्यकताओं को आसान बनाने के लिए प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियम (एससीआरआर), 1956 में संशोधन किया है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण उपकरण) 2019 और कंपनियां (अनुमेय क्षेत्राधिकार में शेयरों की सूचीबद्धता) नियम 2024 के तहत अंतर्राष्ट्रीय सूचकांक योजना भारत में निगमित कंपनियों के शेयरों को प्रत्यक्ष सूचीबद्ध करने, कंपनियों को गिफ्ट-आईएफएससी में अनुमत अंतर्राष्ट्रीय सूचकांकों में सूचीबद्ध करने में सक्षम बनाने के लिए नियामक ढांचा प्रदान करती है।

### भारतीय कंपनियों के लिए वैश्विक पूंजी तक पहुंच होगी आसान

आईएफएससी में केवल अंतर्राष्ट्रीय सूचकांक पर सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए प्रस्ताव के अनुसार जनता को न्यूनतम पेशकश व आवंटन के लिए निर्गम-पश्चात शेयर की जरूरत 10% होगी। ऐसी कंपनियों को निरंतर सूचीबद्धता की जरूरत भी 10% तय की गई है, जैसा कि एससीआरआर के तहत रेखांकित है। एससीआरआर में संशोधन से उभरते व प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप तथा कंपनियों के लिए वैश्विक पूंजी तक पहुंच आसान होगी।

# एफएंडओ पर 6,000 लोगों से सेबी को मिले सुझाव

मुंबई, एजेंसी

• सेबी ने जुलाई में जारी पत्र में सात उपायों का दिया था प्रस्ताव

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने गुरुवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) कारोबार पर जारी परामर्श पत्र पर 6,000 सुझाव मिले हैं। सेबी ने जुलाई में जारी पत्र में सात उपायों का प्रस्ताव दिया था।

इनमें न्यूनतम अनुबंध आकार में वृद्धि व विकल्प प्रीमियम का अग्रिम संग्रह, स्थिति सीमाओं की इंट्रा-डे निगरानी, स्ट्राइक कीमतों का युक्तिकरण, अंतिम दिन (एक्सपायरी डे) पर कैलेंडर स्प्रेड लाभ को हटाना और अनुबंध समाप्ति मुनाफे में वृद्धि शामिल है। इनका उद्देश्य निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाना तथा डेरिवेटिव बाजारों में स्थिरता को बढ़ावा देना है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में बुच ने यह बात कही। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी. ने कहा था कि डेरिवेटिव कारोबार पर पाबंदियां लगाने के पीछे पूंजी बाजार नियामक का प्रथम उद्देश्य विकल्प कारोबार में अंतिम दिन होने वाली गहमागहमी को नियंत्रित करना है।

# शेयर बाजार 82 हजार पार निफ्टी ने भी लगाई छलांग

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में लिवाली आने से गुरुवार को शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 349 अंक उछला जबकि निफ्टी ने 100 अंकों की बढ़त दर्ज की।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 349.05 अंक यानी 0.43% उछलकर 82,134.61 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। यह बढ़त का आठवां सत्र रहा। कारोबार के दौरान यह 500.27 अंक चढ़कर 82,285.83 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 11वें सत्र में बढ़त पर रहा। निफ्टी 99.60 अंक यानी 0.40% बढ़कर 25,151.95 के नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। यह 140.55 अंक चढ़कर 25,192.90 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स में शामिल टाटा मोटर्स के शेयरों में 4% की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त पर रहे।

# भारत की रेटिंग स्थिर परिदृश्य से बीबीबी- पर बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने गुरुवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा। इस तरह भारत की रेटिंग सबसे कम निवेश स्तर बीबीबी- पर बनी हुई है। यह अगस्त 2006 के बाद की सबसे कम निवेश रेटिंग है।

फिट रेटिंग्स ने कहा कि एजेंसी ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता चूक रेटिंग (आईडीआर) को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा है। भारत की रेटिंग को इसके मध्यम अवधि के मजबूत वृद्धि परिदृश्य से समर्थन हासिल है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के हिस्से के साथ इसकी ठोस बाहरी वित्त स्थिति और इसके कर्ज प्रोफाइल के संरचनात्मक पहलुओं में सुधार को आगे बढ़ाएगा। फिच ने कहा कि हाल ही में राजकोषीय घाटे के लक्ष्यों की प्राप्ति, पारदर्शिता में बढ़ोतरी और राजस्व में उछाल से राजकोषीय विश्वसनीयता बढ़ी है। इससे इस बात की संभावना बढ़ी है कि मध्यम अवधि में भारत के सरकारी कर्ज में मामूली गिरावट आ सकती है। इसके बावजूद राजकोषीय आंकड़े भारत के ऋण परिदृश्य की कमजोरी बने हुए हैं। घाटा, ऋण और ऋण सेवा बोझ बीबीबी श्रेणी के अन्य देशों की तुलना में अधिक हैं। शासन संकेतक और प्रति व्यक्ति जीडीपी में कमी भी रेटिंग पर असर डालती है।




• वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच का खुलासा 2006 के बाद की सबसे कम निवेश रेटिंग

### भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक

फिच ने भारत के वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक बने रहने की उम्मीदों पर कहा कि हम वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 8.2 प्रतिशत से थोड़ा कम है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### फोन वापस लेने से नाराज छात्र ने की आत्महत्या

**नोएडा (उप्र)।** नोएडा में परिजनों के फोन छीनने से नाराज छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार देर रात फेज-दो थाना क्षेत्र के भंगेल गांव की है और मृतक की पहचान अभिषेक (16) के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि अभिषेक पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे रहा था, जिसकी वजह से परिजन ने उससे मोबाइल वापस ले लिया था। इस बात से नाराज अभिषेक ने कथित तौर पर घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच की जा रही है।

### दर्शन को बेल्लारी जेल में किया गया स्थानांतरित

**बेंगलुरु।** कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार से बेल्लारी जेल भेज दिया गया। वह रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में हैं। दर्शन की एक तस्वीर रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बेंगलुरु के 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को दर्शन को बेल्लारी जेल में स्थानांतरित करने की अनुमति दी थी।

### दुष्कर्म पीड़िता की आत्महत्या में आरोपी को उम्रकैद

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम न्यायालय संख्या (एक) ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता किशोरी द्वारा आत्महत्या कर लेने के मामले में आरोपी को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। विशिष्ट न्यायालय ने आरोपी युवक दीपक को किशोरी से दुष्कर्म करने और किशोरी द्वारा आत्महत्या करने का दोषी मानते हुये उस पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी किया।

### आयोग ने दूसरे चरण के लिए अधिसूचना की जारी

**श्रीनगर।** निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। दूसरे चरण के तहत श्रीनगर, गंदेरबल, बडगाम, पुंछ, राजौरी और रियासी जिलों में फैले 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। नामांकन पांच सितंबर, अगले दिन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार नौ सितंबर तक नाम वापस ले सकते हैं। दूसरे चरण में श्रीनगर जिले की आठ सीटों पर मतदान होगा। 18 सितंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अर्धसैनिक बलों की 300 से अधिक अतिरिक्त कंपनियां तैनात की जाएंगी।

# ममता बोलीं- डॉक्टर सही, आरोप गलत

## ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को धमकी देने के आरोपों का किया खंडन

कोलकाता, एजेंसी

**कोलकात्ता दुष्कर्म-हत्याकांड**



• एक्स पर ममता ने किया पोस्ट लिखा- मैंने मेडिकल के छात्रों या उनके प्रदर्शन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा, ये दुष्प्रचार का हिस्सा

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों के कनिष्ठ चिकित्सकों को कोई धमकी नहीं दी है। ये महिला चिकित्सक से हुई दरिंगदगी के विरोध में 21 दिन से हड़ताल पर हैं। बनर्जी ने कहा कि कुछ लोगों ने उन पर कनिष्ठ चिकित्सकों को धमकी देने का आरोप लगाया है, जो गलत है और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार का हिस्सा है।

उन्होंने एक्स पर कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मैंने मेडिकल के छात्रों या उनके प्रदर्शन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का समर्थन करती हूं। उनका आंदोलन जायज है। मैंने उन्हें धमकी नहीं दी। धमकी देने का आरोप झूठा है। तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद की रैली में बनर्जी ने बुधवार को कनिष्ठ चिकित्सकों से तत्काल काम पर लौटने के लिए विचार करने का आग्रह किया था और कहा था कि वह हड़ताली चिकित्सकों के करियर को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकी दर्ज नहीं करना चाहतीं। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी को परोक्ष रूप से धमकी के तौर पर लिया और काम पर लौटने की अपील को ठुकरा दिया। बनर्जी ने कहा कि मैंने भाजपा के खिलाफ बोला है। मैंने उनके खिलाफ इसलिए बोला है क्योंकि भारत सरकार के समर्थन से वे हमारे राज्य में लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ आवाज उठाई है।

### दुष्कर्म-रोधी विधेयक के लिए विस सत्र बुलाया

बंगाल सरकार ने विधानसभा का दो-दिवसीय विशेष सत्र दो सितम्बर से आहूत किया है, ताकि दुष्कर्म के दोषियों को मृत्युदंड के प्रावधान वाले विधेयक को पेश और पारित किया जा सके। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने दी। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि विधेयक को विशेष सत्र के दूसरे दिन (मंगलवार को) चर्चा और पारित करने के लिए पेश होगा। यह कदम ममता बनर्जी की उस घोषणा के एक दिन बाद उठाया गया जिसमें उन्होंने कहा था कि दुष्कर्म के दोषियों को मृत्युदंड देने को कानूनों में संशोधन संबंधी विधेयक विधानसभा में पारित किया जाएगा।

### पूर्व प्राचार्य से सीबीआई ने की पूछताछ

**कोलकाता।** सीबीआई ने चिकित्सक से दरिंदगी मामले की जांच के सिलसिले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से पूछताछ गुरुवार को जारी रखी। घोष एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए 13वें दिन उपस्थित हुए। पूर्व प्राचार्य से सीबीआई पहले ही 130 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ कर चुकी है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने मामला हाथ में लिया है। सीबीआई ने घोष के कार्यकाल के दौरान अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की प्राथमिकी में पूर्व प्राचार्य का नाम शामिल किया है। ईडी ने भी घोष के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# कानूनी दुस्साहस के लिए वादी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अपील को कानूनी दुस्साहस करार देते हुए गुरुवार को अपीलकर्ता पर 1.20 लाख का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले से मद्रास हाईकोर्ट का न्यायिक समय बर्बाद हुआ, जिसमें लाखों लोगों की न्याय की गुहार का निर्धारण हो सकता था। ऋण विवाद पर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बी गोवर्धन की अपील पर सुनवाई न्यायमूर्ति हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने की और फैसले को रद करते हुए मुकदमे को आगे बढ़ाने और न्यायिक समय बर्बाद करने की आलोचना की। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि इस तरह के कानूनी दुस्साहस के कारण उच्च न्यायालय का कीमती न्यायिक समय बर्बाद हुआ।

# राष्ट्रपति को देश के आक्रोश को करना चाहिए व्यक्त : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कोलकाता में चिकित्सक से हुई दरिंदगी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की टिप्पणी का गुरुवार को स्वागत किया। साथ ही यह भी कहा कि यह अच्छा रहेगा कि वह किसी राज्य विशेष का नहीं, बल्कि देश के आक्रोश को व्यक्त करें।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर आक्रोश जाहिर करने के साथ ही इस पर अंकुश लगाने का आह्वान करते हुए कहा था कि बस! बहुत हो चुका। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि मैं राष्ट्रपति के बयान व हस्तक्षेप का स्वागत करता हूं। पूरा देश गुस्से में है। राष्ट्रपति उस आक्रोश का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन आक्रोश सिर्फ कोलकाता को लेकर नहीं है। फर्रुखाबाद, कोल्हापुर, बदलापुर, पुणे, रत्नागिरि, जोधपुर, कटनी, ऐसे न जाने कितनी घटनाएं हुई हैं। उत्तर प्रदेश में रोज कुछ न कुछ सुनने को मिलता है। यदि राष्ट्रपति देश के आक्रोश का प्रतिनिधित्व करें तो अच्छा रहेगा।

# महिला, उसके पोते की पिटाई पर जीआरपी के छह कर्मी निलंबित

भोपाल, एजेंसी

• विपक्षी कांग्रेस ने एक दिन पहले किया था वीडियो साझा, दावा था कि पीड़ित हैं दलित

मध्य प्रदेश सरकार ने कटनी जिले में महिला और उसके पोते की पिटाई के मामले में थाना प्रभारी सहित राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के छह कर्मचारियों को गुरुवार को निलंबित कर दिया। विपक्षी कांग्रेस ने एक दिन पहले घटना का वीडियो साझा किया था, जिसमें दावा किया गया था कि पीड़ित दलित हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर कहा कि जीआरपी कटनी पुलिस थाने के कर्मियों द्वारा पिटाई का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। मैंने संज्ञान के बाद उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रेल को जांच को कहा है। प्रारंभिक जांच में तत्कालीन जीआरपी पुलिस थाना प्रभारी, हेड कांस्टेबल और चार कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले दिन इस सिलसिले में पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर हुए थे। यह घटना पिछले वर्ष अक्टूबर की थी। एसपी (जीआरपी) सिमला प्रसाद ने बताया कि दीपक वंशकार पर 19 मामले हैं, वह फरार था। उसके परिजनों को पिछले साल अक्टूबर में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर है। महिला और नाबालिग के खिलाफ भी कटनी में मामले दर्ज हैं। वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है।

# थरूर पर मानहानि कार्यवाही निरस्त करने से अदालत ने किया इनकार

**शिवलिंग पर बिच्छू**



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी के संदर्भ में की गई शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही को निरस्त करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने मानहानि की कार्यवाही को चुनौती देने वाली थरूर की याचिका रद कर दी। कोर्ट ने 16 अक्टूबर, 2020 को मानहानि शिकायत में थरूर के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाई थी। इसने आज अपने अंतरिम आदेश को रद कर दिया और संबंधित पक्षों को 10 सितंबर को निचली अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाही निरस्त करने का कोई आधार नहीं बनता है।

# गिरफ्तारी से संरक्षण पांच तक बढ़ा खेडकर ने आरोपों से किया इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दिया अंतरिम संरक्षण 5 सितंबर तक बढ़ा दिया। उन पर धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी तथा दिव्यांगता कोटे का लाभ उठाने का आरोप है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने खेडकर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पांच सितंबर तक के लिए टाल दी। संघ लोक सेवा आयोग और दिल्ली पुलिस दोनों ने गिरफ्तारी पूर्व जमानत की खेडकर की याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया है।

### आयोग को उम्मीदवारी रद करने का अधिकार नहीं

खेडकर ने दायर जवाब में आरोपों से इनकार किया है और कहा सिविल सेवा परीक्षा-2022 को पास करने में न तो गलत बयान दिया है और न धोखाधड़ी की। आयोग को उनकी उम्मीदवारी को रद करने का कोई अधिकार नहीं है। उनका चयन बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी में योग्यता पर हुआ था और उन्होंने पांचवीं बार प्रयास किया है, जबकि उक्त श्रेणी में उपलब्ध प्रयास नौ हैं। 2012 से 2017 तक किए प्रयास इस श्रेणी के अंतर्गत नहीं थे।

**झारखंड जमीन घोटाला**

# कोर्ट ने आरोपी का बैंक स्टेटमेंट मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी संपत्ति दस्तावेज तैयार करके रांची में भारतीय सेना की 4.55 एकड़ जमीन की बिक्री से संबंधित वित्तीय लेनदेन का पता लगाने के लिए गुरुवार को एक आरोपी के बैंक स्टेटमेंट मांगे। झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कथित भूमि घोटाले से उत्पन्न धनशोधन मामले में आरोपी हैं। वह जमानत पर हैं। शीर्ष अदालत ईडी की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट द्वारा सह-आरोपी दिलीप घोष को जमानत देने को चुनौती दी गई है।

# एनआईए ने खुफिया जानकारी लीक में सात राज्यों में मारे छापे

नई दिल्ली, एजेंसी

• गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों को खंगाला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तानी जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक होने के मामले में सात राज्यों में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने जिन परिसरों में छापे मारे वे उन संदिग्ध लोगों से जुड़े थे, जिन्हें भारत में जासूसी के लिए पाकिस्तान से धन मिला था। एनआईए ने कहा कि आईएसआई जासूसी गिरोह से रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक होने से जुड़े मामले में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापे मारे गए। इस दौरान 22 मोबाइल फोन और कई संवेदनशील दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने 2023 में मामले को हाथ में लिया था।

# बृजभूषण को नोट दाखिल करने का कोर्ट ने दिया समय

**यौन उत्पीड़न मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में दर्ज प्राथमिकी और आरोप रद करने का अनुरोध वाली दलीलों पर नोट दाखिल का गुरुवार को समय दिया।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने सिंह को दो सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 सितंबर की तिथि निर्धारित की। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने आरोप पत्र और उससे जुड़ी सभी अन्य कार्यवाही को रद्द करने के वास्ते सभी दलीलों को पेश करने के लिए एक संक्षिप्त नोट तैयार करने का समय मांगा है।

# भारत में परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विवि बना साउथेम्प्टन

नई दिल्ली, एजेंसी

• यूजीसी ने 2023 में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना की घोषणा की थी

ब्रिटेन का साउथेम्प्टन विवि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भारत में अपना परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है। यह घोषणा केंद्र सरकार ने गुरुवार को की।

विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 2023 में भारत में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन विनियमों की घोषणा की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक कार्यक्रम में विवि के प्रतिनिधियों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपा। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय ने कहा कि उसका दिल्ली-एनसीआर परिसर देश में शिक्षा, अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान तथा उद्यम गतिविधियों को बढ़ावा देगा। विवि ने परिसर खोलने का प्रस्ताव इयिा था, जिसे यूजीसी ने आशय पत्र जारी करने के लिए मंजूरी दे दी है।

# कविता की जमानत पर टिप्पणी से रेवंत रेड्डी से कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामलों में बीआरएस नेता के. कविता को दी गई जमानत के संबंध में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणियों पर बृहस्पतिवार को कड़ी आपत्ति जताई। रेड्डी ने कविता की जमानत के लिए भाजपा और बीआरएस के बीच सौदेबाजी की ओर इशारा किया था। उनके इस बयान पर नाराज़गी जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे बयानों से लोगों के मन में आशंकाएं पैदा हो सकती हैं। न्यायमूर्ति बीआर गवई की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने रेड्डी के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि क्या आपने अखबार पढ़ा कि उन्होंने क्या कहा? बस इतना पढ़िए कि उन्होंने क्या कहा।



## खेल डायरी

### फिरोजा ने जीसीटी और सिंकफील्ड चरण जीता

**सेंट लुई।** फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरौजा अंतिम गेम में भारतीय स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा से ड्रा खेलने के बावजूद सिंकफील्ड कप में चैंपियन बनने के साथ ग्रां शतरंज टूर (जीसीटी) 2024 जीतने में सफल रहे। फिरौजा को टूर्नामेंट में एक भी हार का सामना नहीं करना पड़ा, उन्होंने बचे हुए तीन गेम में तीन जीते और तीन में ड्रा खेला। जीसीटी के गत चैंपियन फैबियानो कारूआना को अंतिम राउंड गेम में हालैंड के अनीश गिरी पर जीत के बावजूद दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा और उनके 5.5 अंक रहे। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लागावेर और नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। लागावेर ने अंतिम राउंड के गेम में चीन के डिंग लिरेन को और नोडिरबेक ने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को मात दी। ये दोनों कारूआना से आधा अंक पीछे पांच पांच अंक पर रहे। भारत के प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश 4.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। दोनों ने नौ ड्रा खेले।

### कनकशन के बाद विल ने क्रिकेट से कहा अलविदा



**मेलबर्न।** विल पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जिस तरह शानदार आगाज किया था, उन्हें आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी का अगला सितारा माना जा रहा था लेकिन लगातार सिर में चोट और कनकशन (सिर में चोट के कारण अचेत होना) की घटनाओं के बाद सिर्फ 26 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कह दिया। चिकित्सा विशेषज्ञों की पैनल के सुझाव के बाद उन्होंने रिटायर होने का फैसला किया। 9 न्यूज मेलबर्न ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुकोवस्की ने स्वीकार किया था कि इन चोटों का उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। उन्होंने अपने करियर में एकमात्र टेस्ट सिडनी में 2021 में भारत के खिलाफ खेला जिसमें उन्होंने 62 रन बनाए थे। उन्हें नवदीप सैनी ने आउट किया था। उस मैच में कंधे में लगी चोट के कारण वह छह महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें जनवरी 2019 में टीम में पहली बार चुना गया था। मार्च 2024 में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के कारण उन्हें कनकशन के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था।

### वेस्टइंडीज के शैनन गेब्रियल ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। गेब्रियल ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने संन्यास की जानकारी देते हुए कहा पिछले 12 सालों से मैंने स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए समर्पित कर दिया था और इस दौरान क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर पर खेलना मेरे लिए सबसे बेहतरीन था। अपने पसंदीदा खेल में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मुझे बहुत खुशी देता है। लेकिन जैसा कहा जाता है कि हर चीज का अंत होता है, लिहाजा आज मैं भी अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर से संन्यास ले रहा हूं। सबसे पहले मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं और साथ ही अपने परिवार का भी शुक्रगुजार हूं जिसने इस दौरान मेरा हर कदम पर साथ दिया। इसके अलावा मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज, मेरे कोच और सभी स्टाफ का भी आभारी हूं। मैं अपने उन सहयोगियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जो हर पल मेरे साथ थे और उन्होंने मेरे इस सफर को यादगार बनाया।

### शाहीन अफरीदी दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने शुक्रवार से रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान ने आज मैच की पूर्व संध्या पर 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें लेग स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज मीर हमजा शामिल हैं। अफरीदी को दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर किए जाने पर मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा कि वह अपनी प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं। गिलेस्पी ने कहा शाहीन इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने कहा हमने उनसे बातचीत की है और वह इसके पीछे की सोच को अच्छी तरह समझते हैं। शाहीन को कुछ फीडबैक दिया गया है। वह अपनी गेंदबाजी के साथ कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं ताकि वह यथासंभव प्रभावी हो सकें। वह अजहर महमूद के साथ वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं।

---

पेरिस पैरालंपिक : बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में सुकांत, सुहास और तरूण जीत, मानसी और मंदीप हारीं

# भारत के लिए मिला-जुला रहा पहला दिन

**पेरिस, एजेंसी**

भारत के सुकांत कदम, सुहास यथिराज और तरूण ने गुरुवार को यहां पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल की। सुकांत (31 वर्ष) ने ग्रुप बी के शुरूआती मैच में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन पर एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 17-21 21-15 22-20 से जीत हासिल की।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास को इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को ग्रुप ए मैच में हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा, उन्होंने महज 22 मिनट में 21-7 21-5 से जीत दर्ज की। अपना दूसरा पैरालंपिक खेल रहे तरूण ने पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप डी मैच में ब्राजील के ओलिवेरा रोजेरेयो जूनियर जेवियर को 21-17 21-19 से मात दी। एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है और जन्हें चलने या दौड़ने में संतुलन की मामूली समस्या होती है। नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और



मैच के दौरान शॉट खेलतीं मंदीप कौर।

पलक कोहली को मिश्रित युगल (एसएल 3 एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया। नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21-14, 21-17 से जीता।

मंदीप कौर और मानसी जोशी को एसएल3 महिला एकल ग्रुप चरण मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। मानसी ने ग्रुप ए में इंडोनेशिया की कोनिताह इख्तियार सयाकुरोह के खिलाफ पहला गेम जीत लिया लेकिन दबाव में आकर 21-16 13-21 18-21 से हार गईं। मंदीप को ग्रुप बी मैच में नाईजीरिया की मरियम इनियोला बोलाजी से 8-21 14-21 से शिकस्त मिली। शिवराजन सोलाइमलाइ और नित्या श्री की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी मिश्रित युगल में एसएच6 ग्रुप मैच में अमेरिका के माइल्स क्राजेवस्की और जेसी सिमोन से सीधे गेम में हार गई।

उन्हें अमेरिकी जोड़ी ने 35 मिनट में 23-21, 21-11 से हराया। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 29 वर्ष के नितेश और तमिलनाडु की तुलसीमति ने हांग्झोऊ पैरा एशियाई खेलों में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। एसएल 3 खिलाड़ियों के शरीर के एक हिस्से में विकृति होती है जबकि एसयू 5 खिलाड़ियों के शरीर के ऊपरी हिस्से में विकृति होती है। एसएच 6 वर्ग बौने खिलाड़ियों के लिए हैं।



महिलाओं की सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा में भारत की ज्योति गडेरिया।

### 3000 मी परस्यूट में 10वें स्थान पर रहीं साइकिलिस्ट ज्योति

**पेरिस।** भारत की ज्योति गडेरिया गुरुवार को यहां पैरालंपिक की महिलाओं की सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में 10वें और अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। ज्योति ने 3000 मीटर की दूरी तय करने में चार मिनट 53.929 सेकेंड का समय लिया जिससे वह 10वें स्थान पर रहीं। चीन की वांग जियाओमेई (3:44.660) और ब्रिटेन की डाफने श्रागर (3:45.133) क्वालीफाइंग दौर में क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर रहीं जिससे अब दोनों स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी। जर्मनी की मैके हॉसबरगर और स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिगलिंग क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं जिससे दोनों के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा। पैरा-साइकिलिंग में मस्तिष्क पक्षाघात, निचले अंग के कटने और विकलांगता वाले एथलीट सी1 से सी5 की पांच श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हैं।



जीत के बाद जश्न मनाते सुकांत कदम। >>

# रैंकिंग दौर में दूसरे स्थान पर रहीं तीरंदाज शीतल

**पेरिस, एजेंसी**

भारत की बिना बांह की तीरंदाज शीतल देवी गुरुवार को महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन रैंकिंग दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रहीं जिससे उन्हें पेरिस पैरालंपिक के राउंड ऑफ 16 में सीधे प्रवेश किया। जम्मू-कश्मीर की 17 साल की शीतल का जन्म बिना बांह के हुआ था और वह अपने पैरों से तीरंदाजी करती हैं। शीतल ने 720 अंक में से 703 अंक जुटाए और तुर्की की ओजनुर गिर्डी क्यूर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। ओजनुर ने 704 अंक के साथ रैंकिंग दौर का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

शीतल ने भी इसी महीने बनाए ग्रेट ब्रिटेन की फोएबे पाइन पेटरसन के 698 के रैंकिंग दौर के विश्व रिकॉर्ड को पार कर लिया था लेकिन बाद में ओजनुर ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। शीतल सहित रैंकिंग दौर में शीर्ष चार पर रहने वाली तीरंदजों को राउंड ऑफ 32 में बाई और वह अब शनिवार को राउंड ऑफ 16 में हिस्सा लेंगी। शीतल चिली की मारियाना जुनिगा और कोरिया की चोई ना मी के बीच होने वाले राउंड ऑफ 32 की विजेता से भिड़ेंगी। ये दोनों तीरंदाज रैंकिंग दौर में क्रमशः 15वें और 18वें स्थान पर रही। जुनिगा ने तोक्यो पैरालंपिक की महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन स्पर्धा में रजत पदक जीता था। शीतल ने पिछले साल चीन के हांग्झोऊ में पैरा एशियाई खेलों में एक ही सत्र में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने रजत पदक के रूप में तीसरा पदक भी जीता था। उन्होंने हांगझोउ में महिला व्यक्तिगत कंपाउंड और मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतने के अलावा महिला युगल में रजत पदक जीता। शीतल का जन्म फोकोमेलिया सिंड्रोम नामक दुर्लभ जन्मजात विकार के साथ हुआ था जिसके कारण उनके अंग अविकसित रह गए थे।



### शाह ने पैरालंपियन को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेलमंत्री अमित शाह ने पेरिस पैरालंपिक में गए भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि खिलाड़ी भारत की असली ताकत की बानगी देंगे। शाह ने एक्स पर लिखा हमारा दल पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत का परचम लहराने गया है, मैं उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। तिरंगे की शान को बनाए रखने के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का दृढ़ संकल्प, रास्ते में आने वाली हर चुनौती को पार करना, नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। मुझे पूरा विश्वास है कि वे भारत की असली ताकत साबित करेंगे। पूरा देश उनका उत्साहवर्धन करता है। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा है जिसमें 84 खिलाड़ी शामिल है।

## पैरालंपिक ताइक्वांडो में तुकी की एकिंसी हारीं अरूणा तंवर



**पेरिस।** भारत की अरूणा तंवर को गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक की ताइक्वांडो स्पर्धा में महिला के 44-47 किग्रा वर्ग के राउंड 16 मुकाबले में तुकी की नुरसिहान एकिंसी से 0-19 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। अरूणा तुर्की की अपनी प्रतिद्वंद्वी की कोई बराबरी नहीं कर सकीं जिन्होंने पांच मिनट के राउंड में अपनी इच्छानुसार अंक जुटाये। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने एक पेनल्टी अंक भी गंवाया। के44 वर्ग में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके एक हाथ में कोहनी के ऊपर की विकलांगता होती है। पैरा ताइक्वांडो को 2021 में तोक्यो पैरालंपिक के दौरान शामिल किया गया था।

# विंबलडन चैंपियन क्रेसिकोवा यूएस ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में एलेना गैब्रियेला रूसे से 4-6, 5-7 से हारकर बाहर हो गई। रूसे का सामना अब 26वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-5 से मात दी।

किसी महिला खिलाड़ी ने 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही साल में विंबलडन और अमेरिकी ओपन खिताब नहीं जीते हैं। पुरूष वर्ग में फ्रांसिस टियाफो ने 32 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ पहले दो सेट जीत लिए लेकिन तीसरे सेट के पहले गेम में शेवचेंको ने कोर्ट छोड़ दिया। वहीं 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6-3, 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना टियाफो से होगा जिन्हें पिछले साल उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हराया था। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मातेओ बेरेतिनी को 6-3, 7-6, 6-1 से मात दी जबकि ब्रेंडन नाकाशिमा ने आर्थर काजाक्स को हराया और अब उनका सामना 18वीं वरीयता प्राप्त लोजेंजो मुसेत्ती से होगा।



जिरि लेहेका ने मिचेल क्रूगर को 6-7, 0-6, 6-4, 6-4, 7-5 से हराया। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा जिन्होंने आर्थर रिंडरनेश को 4-6, 5-7, 6-1, 6-2, 6-2 से हराया। महिला वर्ग में गत चैंपियन कोको गॉफ टी मारिया को 6-4, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गई। अब उनका सामना 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा। अमेरिका की मेडिसन कीस ने माया जोइंट को 6-4, 6-0 से मात दी। अब उनका सामना एलिसे मर्टेंस से होगा जिन्होंने एला टोमजानोविच को 6-3, 6-2 से हराया।

### जोकोविच तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए जब सर्बिया के ही लास्लो जेरे ने तीसरे सेट में चोटिल होने के बाद कोर्ट छोड़ दिया। जोकोविच पूरे मुकाबले में अपनी सर्विस पर जूझते नजर आए। उन्होंने बाद में कहा भी कि अगर लास्लो चोटिल नहीं होते तो शायद वह हार भी सकते थे। वह 6-4, 6-4, 2-0 से आगे थे जब लास्लो पीछे हट गए। अब उनका सामना शुक्रवार को एलेक्सेइ पोपिरिन से होगा।

### बालाजी और युकी दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत के युगल खिलाड़ियों एन श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी ने अमेरिकी ओपन पुरूष युगल वर्ग में अपने अपने जोड़ीदारों के साथ पहले दौर के मुकाबले जीत लिए हैं। बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो एंड्रियोजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला को हराया। युकी और अलबानो ओलिवेत्ती ने रियान सेजेरमैन और पैट्रिक टी को मात दी।

## क्रिकेट के दीर्घकालिक भविष्य के लिए अच्छे फैसले लें शाह : जॉन

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जॉन बुकानन ने गुरुवार को आईसीसी से क्रिकेट के दीर्घकालिक भविष्य के लिए अच्छे फैसले लेने का आग्रह किया जिसकी अगुआई जल्द ही बीसीसीआई के सचिव जय शाह करेंगे।

45 वर्षीय शाह 1 दिसंबर को कार्यभार संभालने के बाद वैश्विक संचालन संस्था के सबसे युवा चेयरमैन बन जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई के कोच रहे बुकानन ने कहा कि आईसीसी को टी-20 लीग की बढ़ती संख्या से जुड़ी चिंताओं का समाधान निकालने की जरूरत है।

# न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच बने जैकब ओरम

- भारत के खिलाफ टेस्ट शृंखला को देखते हुए लिया गया फैसला

**ऑकलैंड, एजेंसी**

न्यूजीलैंड ने पूव तेज गेंदबाज जैकब ओरम को मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत में होने वाली तीन टेस्ट मैच की शृंखला से पहले गेंदबाजी कोच नियुक्त किया।

न्यूजीलैंड के लिए तीन वनडे और चार टी-20 विश्व कप खेल चुके 46 वर्षीय ओरम सात अक्टूबर को जिम्मेदारी संभालेंगे। न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु में 16 से 20 अक्टूबर तक शृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद पुणे (24 से 28 अक्टूबर) और मुंबई (1 से 5 नवंबर) में टेस्ट खेले जाएंगे। हाल में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 विश्व कप के दौरान ओरम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच रहे थे। उन्होंने 2022 में घरेलू सरजमीं पर हुए विश्व कप के दौरान न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए यही भूमिका अदा की थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा टीम की मदद करने के बाद ओरम आधिकारिक रूप से न्यूजीलैंड के सहयोगी स्टाफ में शामिल होंगे।

---

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान का गाना यू आर माइन रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का रोमांटिक गाना यू आर माइन रिलीज हो गया है। सलमान खान अपने भांजे अयान अग्निहोत्री के साथ यू आर माइन नाम से एक म्यूजिक वीडियो लेकर आए हैं। इस गाने में सलमान ने अपनी आवाज दी है और अयान ने इसमें रैप किया है। गाने को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है। हैदर खान द्वारा निर्देशित इस गाने के बोल सलमान खान और संजीव चतुर्वेदी ने मिलकर लिखे हैं। अयान, सलमान खान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री और अतुल अग्निहोत्री के बेटे हैं।

# एक जैसे थे कई किरदार : रवीना

**मुंबई, एजेंसी**

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आपका अपना जाकिर में अपने शुरूआती सिने सफर के बारे में बात की। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आपका अपना जाकिर में दर्शकों को मनोरंजन, मजेदार बातें, और दिल को छू लेने वाले पल देखने को मिलेंगे। इस एपिसोड की मेजबानी करने वाले जाकिर खान, बॉलीवुड की मोहक अभिनेत्री रवीना टंडन का स्वागत करेंगे। रवीना अपने शानदार करियर के बारे में दिलचस्प किस्से साझा करेंगी, पर्दे के पीछे की कहानियां और अपने सह-कलाकारों के साथ यादगार पल भी बताएंगी।

रवीना टंडन ने अपने शुरुआती सालों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने अपने करियर में विविध भूमिकाएँ अपनाकर खुद को चुनौती दी, जिसने उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी नए अवसर खोजने में मदद की। उन्होंने साझा किया, मेरे करियर के पहले चार-पांच सालों तक, मैं अक्सर एक जैसे किरदार निभा रही थी। मुझे याद है कि जब मैंने फिल्म के लिए लुक टेस्ट दिया, तो मैं रामू को खुश होकर हाय बोली, लेकिन उन्होंने बस मुस्कुराते हुए हाय कहा और चले गए। मैंने इसका असर नहीं लिया और लुक टेस्ट के लिए गई और जल्दी ही मैं अपने किरदार में पूरी तरह से समाहित हो गई। उस पल, उन्होंने मुझसे पूछा, रवीना, क्या तुम हो? वे मुझे पहचान नहीं पाए क्योंकि मैं अपने किरदार में पूरी तरह से डूबी हुई थी। इस रविवार, सोनी टेलीविजन पर रात 9:30 बजे आपका अपना जाकिर प्रसारित होगा।



- आपका अपना जाकिर शो में रवीना टंडन ने शुरूआती सिने सफर के बारे में की बात



### द बकिंघम मर्डर्स का गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज हो गया है। द बकिंघम मर्डर्स के मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज कर दिया है, जिसे बल्ली सागू ने गाया है। यह गाना करीना कपूर खान पर फिल्माया गया है। यह गाना उनके जासूस के रूप को अलग-अलग भूमिकाओं में दिखाता है और फिल्म में उनके द्वारा महसूस की गई अलग-अलग भावनाओं को सामने लाता है। द बकिंघम मर्डर्स का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना के अलावा, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे कई स्टार्स हैं। फिल्म की कहानी असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखी है।

### कंगना ने ओपेनहाइमर से की फिल्म इमजरेंसी की तुलना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी की तुलना हॉलीवुड फिलम ओपेनहाइमर से की। कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ''इमरजेंसी'' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। कंगना रनौत ने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सच्चाई से इतने असहज क्यों हैं। जैसे कि वह हमें स्पष्ट रूप से देख नहीं सकते हैं। मेरे लिए श्रीमती गांधी वही हैं, जो वह हैं और हम लोगों को अच्छे या बुरे के रूप में वर्गीकृत नहीं कर सकते। यदि आप उस विजन से देखें तो यह फिल्म आपके लिए कई दरवाजे खोलेगी लेकिन साथ ही, मेरी फिल्म के साथ एक करीबी तुलना शायद ओपेनहाइमर से की जा सकती है ।यह मैकबेथ की तरह ही है। मैकबेथ को राजा बनना तय था, और जब वह राजा को मारकर राजा बन जाता है तो खंजर उसका पीछा करता है। उसका विवेक उसका पीछा करता है... इमरजेंसी का विचार यह है कि हममें से सबसे अच्छे लोग भी अभिमान का शिकार बन सकते हैं। गौरतलब है कि कंगना रनौत निर्मित-निर्देशित इमरजेंसी में आपातकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म इमरजेंसी में अनुपम खेर, दिवंगत सतीश कौशिक, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### राजद्रोह के मामले में दो पत्रकारों को दोषी ठहराया

**हांगकांग।** हांगकांग की एक अदालत ने एक बंद हो चुके समाचार संस्थान के दो पूर्व संपादकों को राजद्रोह के एक मामले में गुरुवार को दोषी ठहराया। स्टैंड न्यूज़ के पूर्व प्रधान संपादक चुंग पुई-कुएन और पूर्व कार्यवाहक प्रधान संपादक पैट्रिक लैम को 2021 में गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने राजद्रोही सामग्री को प्रकाशित करने और पुनः प्रस्तुत करने की साजिश के आरोप को कबूल नहीं किया था।

### फ्रांस में धार्मिक स्थल पर हमले में आरोपी हिरासत में

**पेरिस।** दक्षिणी फ्रांसीसी हेरॉल्ट विभाग में एक धार्मिक स्थल पर हुए हमले के लिए एक संदिग्ध और उसके रिश्तेदार पर आरोप लगाया गया है और उन्हें प्री-ट्रायल हिरासत में रखा गया है। रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि अदालत ने दोनों संदिग्धों पर नस्लीय या धार्मिक आधार पर और आतंकवादी गतिविधि के संबंध में हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

### बूस्टर रॉकेट में लगी आग स्पेसएक्स को उड़ान से रोका

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष क्षेत्र की निजी कंपनी स्पेसएक्स के बूस्टर रॉकेट के बुधवार को नीचे उतरते समय आग की चपेट में आने के बाद कंपनी के प्रक्षेपण रोक दिए गए हैं। अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन ने फ्लोरिडा तट पर तड़के हुई दुर्घटना के बाद कंपनी के फाल्कन 9 रॉकेट को उड़ान भरने से रोक दिया और जांच के आदेश दिए। इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अभी यह नहीं बताया जा सकता कि स्पेसएक्स की आगामी 'क्रू' उड़ानों पर इसका कितना असर होगा।

### अल साल्वाडोर में भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किए

**सैन साल्वाडोर।** मध्य अमेरिकी देश अल साल्वाडोर में भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किए गए हैं। अल साल्वाडोर के पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय (एमएआरएन) ने एक्स पर लिखा कि स्थानीय समयानुसार बुधवार शाम 03 :57 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6 .1 आंकी गई। भूकम्प का केंद्र मिज़ाटा बीच से 70 किलोमीटर दक्षिण में, ला लिबर्टाड के तट से 13 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

### रूस में 92 और अमेरिकियों का प्रवेश प्रतिबंधित

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एलान किया कि 92 और अमेरिकी नागरिकों का देश में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें पूर्व में रूस में काम कर चुके कुछ पत्रकार, अधिकारी और कुछ व्यापारी शामिल हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बाइडन प्रशासन द्वारा अपनाई गई रूस को अलग-थलग करने की नीति के जवाब में अमेरिकियों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### इजरायल से संबंधों पर पुनर्विचार करे ईयू

**ब्रसेल्स।** आयरलैंड और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक ने गुरुवार को कहा कि यूरोपीय संघ को इजरायल के साथ संबंधों पर पुनर्विचार करना चाहिए। ब्रसेल्स में ईयू के विदेश मंत्रियों की बैठक में आयरलैंड के विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने इजराइल पर आम नागरिकों को सैन्य अभियान में निशाना बनाने का आरोप लगाया।

# ईरान में गैस रिसाव से दो की मौत, 10 अन्य घायल

दुबई, एजेंसी

- रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ हादसा

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड केंद्र में गैस रिसाव के कारण दो व्यक्तियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार यह रिसाव इस्फहान प्रांत में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खबर में कहा गया है कि इस्फहान प्रॉविन्शियल गार्ड ने मृतकों की पहचान कैप्टन मोजतबा नजारी और लेफ्टिनेंट कर्नल मोख्तार मोर्शदी के रूप में की है। गार्ड के बयान में यह नहीं बताया गया कि दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की मौत गैस से दम घुटने से हुई या गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ। हाल के वर्षों में रिवोल्यूशनरी गार्ड की इकाइयों में कई घातक विस्फोट हुए हैं। सबसे उल्लेखनीय घटना 2011 में हुई, जब तेहरान के पास एक मिसाइल बेस पर हुए विस्फोट में कमांडर हसन तेहरानी मोगादम सहित 17 लोग मारे गए थे, जो अर्धसैनिक बल के मिसाइल कार्यक्रम का नेतृत्व करते थे। शुरू में अधिकारियों ने विस्फोट को एक दुर्घटना बताया, हालांकि बाद में एक पूर्व कैदी ने कहा कि गार्ड ने उससे इस संदेह पर पूछताछ की कि विस्फोट इजराइल ने किया था। गैस रिसाव ऐसे समय हुआ है जब 31 जुलाई को ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हनिया की हत्या के बाद से तनाव बना हुआ है।

# मार्शल आर्ट यानी आत्मरक्षा के गुर



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे जिउ-जित्सु (मार्शल आर्ट का एक फॉर्म) करते दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट के आखिर में उन्होंने लिखा है कि भारत डोजो यात्रा, कमिंग सून। डोजो एक तरह के मार्शल आर्ट के ट्रेनिंग स्कूल हैं। ऐसी जगह जहां लोग जूडो, कराटे या किसी दूसरे मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस करते हैं। जापानी भाषा में डोजो का मतलब है- जाने का रास्ता। सबसे शुरुआती डोजो बौद्ध मंदिरों के अंदर बने होते थे। आइए जानते हैं कि भारत में मार्शल आर्ट्स के कितने प्रकार प्रचलित हैं।

**कुश्ती:** भारतीय कुश्ती, जिसे कुश्ती या मल्लखंब भी कहा जाता है, बहुत प्राचीन है। इसमें विभिन्न प्रकार की तकनीकें, जैसे कि थ्रो, ग्रैपलिंग और पिनिंग शामिल हैं। इसे आमतौर पर मिट्टी के अखाड़े में खेला जाता है और इसमें विशेष प्रकार के हस्तकला तकनीकों का उपयोग होता है। मल्लखंब एक अद्वितीय भारतीय खेल है जिसमें एक खम्बे (सामान्यत: लकड़ी का) के साथ शारीरिक अभ्यास और प्रदर्शन किया जाता है।

**सिलम्बम:** यह विशेष रूप से दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में प्रचलित है। सिलम्बम का नाम तमिल शब्द सिलम्ब से आया है, जिसका अर्थ है लाठी और इस मार्शल आर्ट में लाठी और अन्य हथियारों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसमें लाठी (कठोर और लचीली लाठियां), चक्र (फेंकने वाले हथियार) और अन्य पारंपरिक हथियारों का उपयोग किया जाता है। इसमें स्ट्राइकिंग, ब्लॉक्स, थ्रोइंग, और ग्रैपलिंग तकनीकें शामिल होती हैं।

**भद्रकाली:** यह एक पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट है जो विशेषकर आंध्र प्रदेश और कर्नाटक क्षेत्रों में प्रचलित है। यह एक प्राचीन और विशिष्ट युद्धकला है। इस मार्शल आर्ट का नाम भद्रकाली देवी के नाम पर रखा गया है, जो शक्ति और बल की प्रतीक मानी जाती हैं। इसमें विभिन्न प्रकार की लड़ाई की तकनीकें शामिल होती हैं, जैसे कि स्ट्राइक्स, किक्स, और ग्रैपलिंग। लाठी और अन्य पारंपरिक हथियारों का उपयोग किया जाता है।

**अगर:** यह विशेषकर उत्तर भारत में प्रचलित है। यह एक प्राचीन और विशिष्ट लड़ाई की कला है, जिसमें विभिन्न प्रकार की तकनीकें और शारीरिक प्रशिक्षण शामिल होता है। इसमें लड़ाई के लिए विभिन्न तकनीकें शामिल होती हैं, जैसे कि स्ट्राइक्स, किक्स, और ग्रैपलिंग। इसमें विशेष रूप से हाथ और पैर के विभिन्न प्रकार के हमलों और बचाव तकनीकों का अभ्यास किया जाता है।

**कल्लारीपयट्टू:** दक्षिण भारत, विशेषकर केरल का एक प्राचीन और पारंपरिक मार्शल आर्ट है। इसे कल्लारी और पयट्टू के संयोजन से नामित किया गया है, जिसमें कल्लारी का अर्थ होता है व्यायाम स्थल और पयट्टू का अर्थ होता है लड़ाई। इसमें स्ट्राइक्स, किक्स, ग्रैपलिंग और हथियारों के उपयोग की तकनीकें शामिल होती हैं।

**गतका:** यह एक पारंपरिक पंजाबी मार्शल आर्ट है। इसमें विभिन्न प्रकार के पारंपरिक हथियारों का उपयोग होता है, जैसे कि तलवार, डंडा, चक्र और कृपाण। इसमें तलवारबाज़ी, ढाल के साथ लड़ाई और हाथों से लड़ाई की तकनीकें शामिल होती हैं।

# कर्ज चुकाने को बांग्लादेश ने 8 अरब डॉलर की मांगी मदद

## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य भागीदारों से लगाई गुहार

ढाका, एजेंसी

**बाढ़ पुनर्वास के लिए 30 करोड डॉलर देने का अनुरोध**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने विदेशी कर्ज चुकाने और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए दिसंबर तक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित अन्य भागीदारों से आठ अरब डॉलर की बजट सहायता की मांग की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक से बाढ़ से क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यक्रमों के लिए धन भी मांग रही है। सरकार ने एडीबी को एक पत्र लिखा है, जिसमें बाढ़ पुनर्वास के लिए 30 करोड डॉलर देने का अनुरोध किया गया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश विश्व बैंक से भी बड़ी रकम की मांग करेगा, लेकिन अभी तक औपचारिक अनुरोध नहीं किया गया है। बजट समर्थन के माध्यम से, वैश्विक ऋणदाता के मौजूदा 4.7 अरब डॉलर ऋण कार्यक्रम के लिए और इसके अलावा आईएमएफ से 03 अरब डॉलर आने की उम्मीद है। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय और बांग्लादेश बैंक के अधिकारियों के अनुसार, देश की सरकार विश्व बैंक, एडीबी, जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) सहित विभिन्न विकास भागीदारों से 5 अरब डॉलर मांगने की योजना बना रही है।

बांग्लादेश बैंक के गवर्नर अहसान एच मंसूर ने हाल ही में आईएमएफ से 03 अरब डॉलर मांग करने की योजना बनाने की घोषणा की थी। आईएमएफ स्टाफ मिशन सितंबर के अंत में ऋण पर चर्चा करने के लिए बांग्लादेश का दौरा कर सकता है। अधिकारियों ने कहा कि यात्रा के बाद बांग्लादेश आईएमएफ को एक औपचारिक पत्र भेजेगा, जिसमें अतिरिक्त ऋण की मांग की जाएगी। आईएमएफ ने जनवरी 2023 में मंजूरी मिलने के बाद से 4.7 अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 2.3 अरब डॉलर जारी कर चुका है। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के कार्यभार संभालने के बाद, विश्व बैंक और एडीबी ने वित्त सलाहकार, ऊर्जा सलाहकार और केंद्रीय बैंक के गवर्नर के साथ अलग-अलग बैठकें की है। बांग्लादेश ने उनसे और ज्यादा बजट समर्थन देने की मांग की है। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार, विश्व बैंक और एडीबी के साथ बैठकों के दौरान ऊर्जा सलाहकार ने तत्काल बजट सहायता के रूप में 01 अरब डॉलर की मांग की।



### पूर्व स्पीकर और पूर्व वाणिज्य मंत्री हत्या मामले में गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में हाल ही में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में एक सुनार की हत्या के मामले में पूर्व स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी और पूर्व वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को बताया गया कि रंगपुर में दर्ज एक हत्या के मामले में पूर्व वाणिज्य मंत्री मुंशी (74) को रैपिड एक्शन बटालियन ने ढाका के गुलशन में बुधवार रात गिरफ्तार किया है। इसमें बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान 38 वर्षीय सुनार मुस्लिम उद्दिन मिलन की हत्या के लिए मुंशी और संसद की पूर्व अध्यक्ष चौधरी सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इनके अलावा इस मामले में कई अज्ञात लोग भी आरोपी हैं।

## टेलीग्राम के सीईओ जमानत पर रिहा

**पेरिस।** टेलीग्राम मेसेंजर के संस्थापक एवम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल ड्यूरोव को 50 लाख यूरो की जमानत राशि का भुगतान करने के बाद बुधवार को रिहा कर दिया गया। फिलहाल, उन्हें सप्ताह में दो बार रिपोर्ट करना आवश्यक है। पेरिस के लोक अभियोजक लॉर बेकुउ ने बुधवार रात घोषणा की कि ड्यूरोव को आधिकारिक तौर पर छह आरोपों में जांच के दायरे में रखा गया है और जांच के दौरान उन पर फ्रांस छोड़ने से रोक लगा दी गई। ड्यूरोव को फ्रांसीसी पुलिस ने शनिवार रात पेरिस के बाहर एक हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया था। अभियोजक बेकुउ ने सोमवार को कहा कि टेलीग्राम के संस्थापक पर 12 आपराधिक अपराधों का आरोप है।



# जापान में तूफान शानशान की दस्तक

तोक्यो, एजेंसी

- भारी बारिश से तीन की मौत नदियां उफान पर आईं
- बिजली गुल होने से ढाई लाख घरों में छाया अंधेरा

दक्षिणी जापान में गुरुवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण तीन लोगों की मौत हो गई तथा क्यूशू में बिजली गुल होने से ढाई लाख घर अंधेरे में हैं। तूफान के और विकराल होने के चलते बाढ़, भूस्खलन तथा बड़े स्तर पर नुकसान की आशंका व्यक्त की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान 'शानशान' ने सुबह दक्षिणी क्यूशू के सतसुमासेंदाई के पास दस्तक दी, जहां 24 घंटे में 60 सेमी तक बारिश होने के आसार हैं। इसने बताया कि पिछले 24 घंटे में हुई बारिश अगस्त की औसत बारिश से अधिक है जिससे नदियां उफान पर आ गई हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

एजेंसी ने यह भी बताया कि तूफान के कारण देश के अधिकतर भागों, विशेषकर क्यूशू के दक्षिणी प्रान्तों में तेज हवाएं चलने, ऊंची लहरें उठने और भारी वर्षा की संभावना है। जिन क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी की गई, वहां के लोगों से सामुदायिक केंद्रों और अन्य जन सुविधाओं में शरण लेने की अपील की गई है। एजेंसी ने बताया कि दोपहर के समय शानशान 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ रहा है।

### तूफान के चलते सैकड़ों घरेलू उड़ानें रद व बुलेट ट्रेन रोकी



तूफान की दस्तक से पहले भारी बारिश के कारण भूस्खलन की घटना हुई, जिसके कारण गामागोरी में एक मकान ढह गया। मौसम विभाग और प्रशासनिक अधिकारी बड़े स्तर पर नुकसान को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि तूफान अगले कुछ दिनों में धीरे-धीरे जापानी द्वीपसमूह को अपनी चपेट में ले लेगा। आपदा प्रबंधन मंत्री योशिफुमी मत्सुमुरा ने कहा कि तूफान के कारण तेज हवाओं के चलने, ऊंची लहरें उठने और भारी बारिश की संभावना है। दक्षिण-पश्चिमी शहरों और द्वीपों को जोड़ने वाली सैकड़ों घरेलू उड़ानें गुरुवार को रद कर गईं और बुलेट ट्रेन तथा उप नगरीय रेल सेवाओं को भी रोकना पड़ा।

# एससीओ सम्मेलन के लिए पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजा निमंत्रण

- अक्टूबर में होगा शंघाई सहयोग संगठन का सम्मेलन



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अक्टूबर में यहां आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि 15-16 अक्टूबर को होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शासनाध्यक्षों को निमंत्रण भेजे गए हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है।

# पुरुलिया कांड के आरोपी के प्रत्यर्पण के लिए भारत का अनुरोध खारिज

**कोपनहेगन, एजेंसी।** डेनमार्क की एक अदालत ने 29 साल पहले हथियार तस्करी के मामले के आरोपी डेनिश नागरिक नील्स होल्क के प्रत्यर्पण का भारत का अनुरोध गुरुवार को खारिज कर दिया। अदालत का यह आदेश डेनमार्क के शीर्ष अभियोजन प्राधिकरण के खिलाफ है जिसने नील्स को विदेश भेजने के लिए हरी झंडी दे दी थी। होल्क ने 1995 में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में एक मालवाहक विमान से असॉल्ट राइफल, रॉकेट लॉन्चर और मिसाइल गिराने की घटना में भाग लेने की बात स्वीकार की थी। हिलेरोएड जिला न्यायालय ने कहा कि भारत द्वारा दी गई अतिरिक्त राजनयिक गारंटी के बावजूद एक ऐसा जोखिम है कि होल्क को भारत में यातना या अन्य अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ेगा।

## भारत में चांदीपुरा वायरस का प्रकोप 20 वर्षों में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हाल में कहा है कि भारत में चांदीपुरा वायरस का वर्तमान प्रकोप 20 वर्षों में सबसे ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, जून की शुरुआत से 15 अगस्त के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के 245 मामले दर्ज किए, जिसमें 82 लोगों की मौत हो गई। भारत में वर्तमान में कुल 43 जिलों में एईएस के मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें चांदीपुरा संक्रमण (सीएचपीवी) के 64 पुष्ट मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने 23 अगस्त को जारी किए गए रोग प्रकोप समाचार में कहा कि सीएचपीवी भारत में स्थानिक है और पहले भी इसका प्रकोप नियमित रूप से होता रहा है।

# मेघालय में मिला आवामी लीग के नेता इशाक अली पन्ना का शव

शैलेश अवस्थी, शिलांग (मेघालय)

- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी के थे
- स्टूडेंट लीग के महासचिव भी रहे, बड़े कारोबारी भी थे



**अमृत विचार :** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के बड़े नेता इशाक अली पन्ना का शव बांग्लादेश बार्डर पर मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में डोना भोई गांव में एक बागान में पाया गया। पार्सपोर्ट से इशाक अली का शव होने का पता चला। वह स्टूडेंट लीग के महासचिव रहे और बड़े कारोबारी भी थे।

इशाक अली शेख हसीना के करीबी माने जाते थे। बीते 26 अगस्त को बॉर्डर पर उनका शव पाया गया। मौके पर मिले पासपोर्ट से पता लगा कि शव बांग्लादेश के नेता इशाक अली पन्ना का है। शव मिलने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य के गृह सचिव, दिल्ली गृह मंत्रालय और इशाक के बांग्लादेश स्थित परिजनों को दी गई। जानकारी के मुताबिक इशाक बांग्लादेश में फैली हिंसा के बाद भारत आने की कोशिश में थे।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट: गला घोंटकर की गई हत्या

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटने के कारण दम घुटना बताया गया। कक्षीय क्षेत्र के निचले दाहिने हिस्से पर भी घाव थे। माथे पर खरोंच व चोट थे। जो पीड़ित के संघर्ष का संकेत दे रहे हैं। जिला पुलिस प्रमुख गिरि प्रसाद ने कहा बांग्लादेश सीमा से 5 किमी दूर सुपारी के बागान में शव के पास से एक पासपोर्ट और स्मार्टवॉच मिली जिससे पन्ना की पहचान हुई।

## शी चिनफिंग से मिले अमेरिकी एनएसए तनाव घटाने पर चर्चा

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने गुरुवार को बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। मुलाकात का उद्देश्य दोनों शक्तियों के बीच संवाद को खुला रखना है, क्योंकि हाल के वर्षों में चीन और अमेरिका के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर राष्ट्रपति जो बाइडन के मुख्य सलाहकार के रूप में पहली चीन यात्रा पर आए सुलिवन ने विदेश मंत्री वांग यी और केंद्रीय सैन्य आयोग के एक वरिष्ठ जनरल सहित वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। चीन और अमेरिका के बीच विभिन्न मुद्दों पर मतभेद बढ़ते जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत 2018 में शुरू हुए व्यापार युद्ध से हुई।

# भारत ने बिजली प्रोजेक्ट के लिए श्रीलंका को दी धनराशि

कोलंबो, एजेंसी

- प्रोजेक्ट के लिए 2022 में हुआ था दोनों देशों में समझौता

श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने उत्तरी जाफना के पास तीन श्रीलंकाई द्वीपों पर हाइब्रिड बिजली परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान गुरुवार को सौंपा, जिन्हें 1.1 करोड़ अमरीकी डालर की भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने की परियोजनाएं भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित की जा रही हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर कहा कि उच्चायुक्त संतोष झा ने डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान विद्युत और ऊर्जा मंत्रालय की सचिव डॉ सुलक्षणा जयवर्धने और श्रीलंका सतत ऊर्जा प्राधिकरण के अध्यक्ष को सौंपा।

### सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने कोलंबो पहुंचे डोभाल

**कोलंबो।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को यहां पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात भी करेंगे।

# अभिनेता-विधायक मुकेश पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

कोच्चि/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तारी से अस्थायी राहत मिली



सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक एम. मुकेश के साथ तीन और नामचीन अदाकारों के खिलाफ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामलों ने मलयालम सिनेमा को हिलाकर रख दिया है और सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं ने मुकेश के विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने की मांग की। विपक्षी दलों के प्रदर्शन और कुछ वामपंथी नेताओं द्वारा मुकेश के इस्तीफे की मांग के बीच अभिनेता को कोच्चि की एक अदालत से राहत मिल गई जिसने उन्हें तीन सितंबर तक गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया है।

सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और आरोपी विधायक के लिए परेशानी उस समय बढ़ गई जब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की वरिष्ठ नेता एनी राजा ने कहा कि मुकेश के विधायक बने रहने का अब कानूनी या नैतिक आधार नहीं है, क्योंकि उनके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने विधायक से पद छोड़ने की अपील की। इस बीच माकपा नीत एलडीएफ मुकेश के समर्थन में आता दिखा।

## दुष्कर्म की शिकार नाबालिग को गर्भपात की अनुमति नहीं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म की शिकार नाबालिग के गर्भवती होने पर परिजनों की गर्भपात कराने की अनुमति वाली याचिका खारिज कर दी। विशेषज्ञों द्वारा गर्भपात करना पीड़िता के लिए खतरनाक होने की रिपोर्ट के आधार पर यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है। राजनांदगांव जिले में रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग के गर्भवती होने पर उसके अभिभावकों ने गर्भपात की अनुमति देने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दर्ज की थी। मामले में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में पीड़िता 24 सप्ताह से अधिक से गर्भवती है।

# कभी पृथ्वी से बड़ी झील हुआ करती थी मंगल की धरती पर

संवाददाता, नैनीताल

- शोध से हुआ खुलासा, एरिडानिया नाम दिया है वैज्ञानिकों ने मंगल की झील का

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह की सतह पर झीलों को लेकर आश्चर्यजनक खुलासा वैज्ञानिकों ने किया है। प्राचीनकाल में मंगल पर पृथ्वी से विशाल झील हुआ करती थी। प्राचीन झील का नाम एरिडानिया है, जिसके अवशेष शेष रह गए हैं।

मंगल पर बस्ती बसाने का सपना साकार करने को लेकर खगोलविदों की मुहीम दिन पर दिन परवान चढ़ रही है। हमसे लाखों किमी दूर होने के बावजूद मंगल हमसे अनभिज्ञ नहीं रह गया है । इसकी प्रत्येक गतिविधि से हम वाकिफ होने लगे हैं, और परिस्थितियों में खुद को ढालने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि मंगल पर पहुंचने के बाद हम वहां के वातावरण में ढल सकें। अब नई जानकारी चौकानें वाली है। पता चला है कि प्राचीन मंगल की धरती विशाल झीलों से लबालब भरी रहती थी, जो वर्तमान में पृथ्वी पर मौजूद किसी भी झील से बड़ी थी। झीलों का यह संसार अरबों साल पहले हुआ करता था, जो अंततः सूख गई या फिर गायब हो गई। इसकी एक वजह मंगल की जलवायु बेहद ठंडी होना माना जाता है और इसका वातावरण पतला होने के कारण तरल पानी गायब हो गया। पानी के गायब होने की कहानी आज भी अधूरी ही है। हालांकि रिसर्च से पता चलता है कि मंगल का जल भूमिगत हो चुका है और ऊपरी हिस्सा बर्फ में तब्दील हो चुका है। बहरहाल इस विशाल झील का पता मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान से चल पाया है। इस यान ने विशाल प्राचीन झील के तल की नई तस्वीरें ली हैं। जिससे पता चला है कि झील का तल, टीले व दरारें प्राचीन ज्वालामुखीय इलाके के क्षेत्र में है। वैज्ञानिकों का कहना है कि भले ही मंगल ग्रह का आकार पृथ्वी का केवल आधा, लेकिन मंगल के कम गुरुत्वाकर्षण के कारण भूगर्भिक विशेषताएं बड़ी हैं। लाल दुनिया में हमारे ग्रह की तुलना में कहीं अधिक बड़ी घाटियाँ और ज्वालामुखी हैं।



मंगल की सतह पर झीलों की तस्वीर। ● अमृत विचार

### ये आधार है मंगल की धरती का जल गायब होने का

लाल ग्रह मंगल की विशाल झीलों का पानी गायब होने को लेकर वैज्ञानिक मत है कि मंगल का कम गुरुत्वाकर्षण इसकी एक वजह है, जो मंगल के वायुमंडल के अधिक भाग को प्रभावित नहीं कर सका। इसलिए आज मंगल का वातावरण पतला है। साथ ही मंगल ग्रह सूर्य से पृथ्वी की तुलना में अधिक दूर है। जिस कारण इसका वातावरण ठंडा हो गया।